ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 17 जून 2024
वर्ष 34, अंक 141, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





ऑस्ट्रेलिया की जीत से सुपर 8 में पहुंचा इंग्लैंड 13

इंडियाज बेस्ट डांसर की जज बनेंगी करिश्मा! 14




## आस्था की डुबकी

**वाराणसी :** गंगा दशहरा पर रविवार को काशी के दशाश्वमेध घाट सहित अन्य घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। विशेष पूजा और धार्मिक अनुष्ठान भी किए। इस मौके पर घाटों को सजाया गया था। वाराणसी में गंगा दशहरा पर दूर दराज के लोग गंगा स्नान के लिए आते हैं।

### एनसीईआरटी के निदेशक बोले-इसलिए पाठ्यक्रम से हटाए बाबरी मस्जिद और दंगों के संदर्भ

# दंगों के बारे में पढ़ाना पैदा कर सकता है हिंसक नागरिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **स्कूली पाठ्यक्रम में बदलावों पर मचे हंगामें को बताया अप्रासंगिक**

स्कूली पाठ्यक्रम के भगवाकरण के आरोपों को खारिज करते हुए एनसीईआरटी के निदेशक ने कहा है कि स्कूली पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों और बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भों को इसलिए संशोधित किया गया, क्योंकि दंगों के बारे में पढ़ाना हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा कर सकता है। एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि पाठ्यपुस्तकों में बदलाव वार्षिक संशोधन का हिस्सा है और इसे शोर-शराबे का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए।

एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों या बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भ में बदलाव के बारे में सकलानी ने कहा कि हमें स्कूली पाठ्यपुस्तकों में दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए? हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं, न कि हिंसक और अवसादग्रस्त व्यक्ति। उन्होंने कहा कि क्या हमें अपने छात्रों को इस तरह से पढ़ाना चाहिए कि वे आक्रामक हो जाएं, समाज में नफरत पैदा करें या नफरत का शिकार बनें? क्या यह शिक्षा का उद्देश्य है? क्या हमें ऐसे छोटे बच्चों को दंगों के बारे में पढ़ाना चाहिए...। जब वे बड़े होंगे, तो वे इसके बारे में सीख, समझ सकते हैं, लेकिन स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में क्यों। बदलावों के बारे में हंगामा अप्रासंगिक है।

सकलानी की टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं, जब नई पाठ्यपुस्तकें कई संदर्भ हटाए जाने और बदलावों के साथ बाजार में आई हैं। कक्षा 12 की राजनीति विज्ञान की संशोधित पाठ्यपुस्तक में बाबरी मस्जिद का उल्लेख नहीं है, लेकिन इसे तीन गुंबद वाली संरचना के रूप में संदर्भित किया गया है। इसमें अयोध्या खंड को चार से घटाकर दो पृष्ठ का कर दिया गया है और पिछले संस्करण से विवरण हटा दिया गया है।


### सकारात्मक नागरिक बनाना हमारा उद्देश्य

सकलानी ने कहा कि हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं और यही हमारी पाठ्यपुस्तकों का उद्देश्य है। हम उनमें सबकुछ नहीं रख सकते। हमारी शिक्षा का उद्देश्य हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा करना नहीं है। घृणा और हिंसा शिक्षण के विषय नहीं हैं। इन पर हमारी पाठ्यपुस्तकों का ध्यान केंद्रित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1984 के दंगों की बात पाठ्यपुस्तकों में नहीं होने को लेकर ऐसा ही हंगामा नहीं किया जाता। पाठ्यपुस्तकों से हटाए गए संदर्भों में गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक भाजपा की रथ यात्रा, कारसेवकों की भूमिका, बाबरी मस्जिद गिराए जाने के बाद सांप्रदायिक हिंसा, भाजपा शासित राज्यों में राष्ट्रपति शासन, और भाजपा की अयोध्या में हुई घटनाओं पर खेद की अभिव्यक्ति भी शामिल हैं।

### सूचना

ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर अमृत विचार के लखनऊ कार्यालय में सोमवार (17 जून) को अवकाश रहेगा। अत: समाचार पत्र का अगला अंक बुधवार को प्रकाशित होगा।

-संपादक



### एक नजर

#### अमरनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग शुरू

**जम्मू।** अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने 29 जून से शुरू होने वाली 52 दिवसीय अमरनाथ यात्रा के लिए बालटाल और पहलगाम मार्गों के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग सेवा शुरू कर दी है। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होकर 19 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी। बालटाल मार्ग के लिए, नीलग्रथ-पंजतरणी-नीलग्रथ पर हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान की जा रही है और पहलगाम मार्ग के लिए, यह पहलगाम-पंजतरणी-पहलगाम मार्ग पर उपलब्ध होगी।

# भारत में ईवीएम 'ब्लैक बॉक्स' हैं किसी को जांच की इजाजत नहीं

## राहुल बोले-संस्थाओं में जवाबदेही नहीं होती तो दिखावा बन जाता है लोकतंत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● **ईवीएम पर एलन मस्क के बयान से मचा सियासी घमासान**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एक ब्लैक बॉक्स है, जिसकी जांच करने की किसी को अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है। राहुल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि जब संस्थाओं में जवाबदेही ही नहीं होती तो लोकतंत्र दिखावा बनकर रह जाता है और धांधली की आशंका बढ़ जाती है। इस पोस्ट के साथ राहुल ने एक खबर भी साझा कि जिसमें दावा किया गया कि मुंबई की उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से 48 वोट से जीत दर्ज करने वाले शिवसेना के उम्मीदवार के एक रिश्तेदार के पास एक ऐसा फोन है जिससे ईवीएम में छेड़छाड़ संभव थी।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने एक्स पर एलन मस्क की उस पोस्ट को भी साझा किया जिसमें मस्क ने ईवीएम को हटाने की बात कही थी। मस्क ने अपनी पोस्ट में कहा था कि हमें ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। मुनष्यों या कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है। विपक्षी दल कुछ समय से ईवीएम पर चिंता जताते रहे हैं और उसने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) पर्चियों का शत प्रतिशत मिलान करने की अपील की की थी लेकिन अदालत ने इसे स्वीकार नहीं किया।

### मस्क के विचार अमेरिका में लागू हो सकते हैं, भारत में नहीं

**नई दिल्ली।** भाजपा ने रविवार को उद्यमी एलन मस्क द्वारा ईवीएम संबंधी टिप्पणी के लिए उन्हें आड़े हाथों लिया। कहा कि उनके विचार अमेरिका पर लागू हो सकते हैं, लेकिन भारत पर नहीं। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि हमें ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। मुनष्यों या कृत्रिम मेधा (एआई) के जरिए इनके हैक होने का भले ही कम, लेकिन बड़ा जोखिम है। भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि यह चीजों का व्यापक स्तर पर सामान्यीकरण करने वाला बयान है, जिसका अर्थ है कि कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर का निर्माण नहीं कर सकता है। ये गलत है। पूर्व सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने एक्स पर कहा कि लेकिन भारतीय ईवीएम अलग तरीके से डिजाइन की गई हैं और ये सुरक्षित हैं।

### मतपत्र से कराए जाएं आगामी चुनाव : अखिलेश यादव



लखनऊ। सपा अध्यक्ष एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को एक बार फिर से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने की मांग की। सपा प्रमुख ने रविवार को एक्स पर, टेस्ला कंपनी के सीईओ एलन मस्क की ईवीएम में गड़बड़ी की आशंका संबंधी पोस्ट को कोट करते हुए बयान जारी किया है। यादव ने एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा कि टेक्नालॉजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

## आतंकवाद को कुचलें उनके मददगारों पर भी करें कार्रवाई : शाह



● **एरिया डॉमिनेशन और जीरो टेरर प्लान को दोहराने के निर्देश**

**नई दिल्ली।** बीते एक सप्ताह से जम्मू कश्मीर में बढ़ रही आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को आतंकवाद को कुचलने और आतंकियों की मदद करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा भी की।

अमित शाह ने कहा कि यहां आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है तथा आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से अब छद्म लड़ाई तक सिमट गया है, लेकिन सरकार इसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है। सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को पुनः दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नए तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है।

# गंगा दशहरा पर डूबने से 30 लोगों की मौत

● **हापुड़, मेरठ, सुल्तानपुर पीलीभीत, शामली, शाहजहांपुर आदि स्थानों पर हुए हादसे**

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर रविवार को उत्तर प्रदेश व बिहार के विभिन्न जिलों में गंगा सहित अन्य नदियों में स्नान के दौरान डूबने से कुल 30 लोगों की मौत हो गई जबकि कई लापता हैं जिनकी तलाश जारी है।

सुल्तानपुर घोष के नौबस्ता घाट पर अमन व मलवां थाना के आदमपुर घाट में हर्षित की डूबने से मौत हो गई। मिर्जापुर जिले के चिल्ह क्षेत्र के डिंगूर पट्टी गांव में गंगा घाट पर डूबी चार लड़कियों में से दो की मौत हो गई जबकि अलीगढ़ के बिजौली, अतरौली और दादों क्षेत्र से चार बच्चियों सहित पांच की तो शाहजहांपुर के धुबला करीमनगर के पास दो किशोर और मरेना गांव का एक युवक दातागंज बदायूं के बेला डांडी में रामगंगा में डूब गया। शामली की कैराना कोतवाली क्षेत्र के पूर्वी यमुनानगर ब्रिज पर पानीपत के सुरेश पाल की बेटी स्नेहा और मुल्तान सिंह की बेटी आशु की डूबने से मौत हो गई। बुलंदशहर में एक युवती पूनम तो फतेहपुर जिले में दो किशोरों डूबने से मौत हो गई। संभल में भी असदपुर घाट पर लोकेश और बबलू जबकि जिजौंडा डांडा गंगा घाट पर पंकज उर्फ छोटू नहाने के दौरान बह गया। फर्रुखाबाद के गंगा पांचाल घाट पर आगरा के जितेंद्र की तो मथुरा में यमुना में स्नान करते समय सलमान की डूबने से मौत हो गई। उधर मेरठ के परीक्षितगढ़ के खरकाली गंगा घाट पर दो तो हापुड़ के ब्रजघाट और गढ़मुक्तेश्वर घाट पर भी दो लोग डूब गए। बलिया जिले दो अलग-अलग स्थान पर स्नान के दौरान एक किशोरी समेत 5 लोग डूब गए।

### बिहार में नाव पलटने से 4 लापता, अन्य हादसे में चार बच्चों की मौत

**पटना।** बिहार के पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल में उमानाथ गंगा घाट के पास रविवार सुबह नौका हादसे के बाद 13 लोगों को बचाया गया है, जबकि 4 लापता हैं। पटना जिला प्रशासन ने कहा कि अब तक 13 लोगों को बचा लिया गया है। चार लापता लोगों की तलाश जारी है। वहीं भोजपुर जिले के शिवपुर घाट पर चार बच्चों के डूबने से मौत हो गई है।

# 1600 किलो की गदा रामलला को समर्पित



● राजस्थान से आए पंच धातु से निर्मित गदा व धनुष को कारसेवकपुरम में रखा गया

● **1100 किलो का धनुष-बाण भी अर्पित किया गया, 12 जून को राजस्थान से हुआ था रवाना**

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला को एक बार फिर से बड़ा उपहार मिला है। इस बार उन्हें पंच धातु से निर्मित 1600 किलो की गदा और 1100 किलो का धनुष-बाण समर्पित किया गया है। राजस्थान के सुमेरपुर के शिवगंज स्थित श्री सनातन सेवा संस्थान ने गदा और धनुष को बनवाया है।

संस्थान की आचार्य सरस्वती देव कृष्णा गौर और राजस्थान से आए कारीगरों ने रविवार देर शाम रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को दोनों ही चीजें प्रतीकात्मक रूप से सौंपी। गदा और धनुष को कारसेवकपुरम में रखा गया है। आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि दोनों ही उपहारों को राम जन्मभूमि परिसर में ही उचित स्थान दिया जाएगा, ताकि श्रद्धालू दर्शन कर सकें। गदा और धनुष बाण का पूजन कर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने 12 जून को श्री गोपाल जी मंदिर शिवगंज सिरोही राजस्थान से रवाना किया था।

### अब तक मिल चुके हैं अनेकों उपहार

रामलला के विराजमान होने के बाद देश भर से कीमती उपहार अयोध्या पहुंच रहे हैं। अब तक अलीगढ़ से बड़ा ताला, खड़ाऊं, बांसुरी, तलवार, स्वर्ण मुद्रित रामायण, नगाड़ा, घंटा, शंख समेत दर्जनों सामान रामलला को समर्पित हो चुके हैं।

### 20 कारीगरों ने 75 दिन में बनाया गदा और धनुष

पांच धातुओं से निर्मित गदा का वजन 1600 किलोग्राम है। गदा की लंबाई 26 फीट और चौड़ाई 12 फीट है। 20 कारीगरों ने 75 दिन में गदा को तैयार किया है। वहीं धनुष-बाण का वजन 1100 किलोग्राम है। इसकी लंबाई 33 फीट व ऊंचाई 26 फीट है। इसे भी 20 कारीगरों ने 75 दिन में बनाया है। सुमेरपुर के कारीगर कैलाश सुथार धनुष-बाण और गदा के बारे में बताते हुए कहते हैं कि भगवान श्रीराम का धनुष और भगवान हनुमान की गदा बनाने का काम उनकी फर्म वास्तु आर्ट शिवगंज को मिला था।

# ऋषिकेश पहुंचे योगी, मां का जाना हाल

### एम्स में भर्ती हैं मुख्यमंत्री योगी की मां सावित्री देवी

**ब्यूरो, देहरादून**



एम्स ऋषिकेश में भर्ती मां का हालचाल जानते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर अपनी मां का हालचाल जाना। इसके बाद उन्होंने रुद्रप्रयाग हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। योगी रविवार की दोपहर को निजी दौरे पर ऋषिकेश एम्स पहुंचे। जहां एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. मीनू सिंह व अन्य चिकित्सकों ने उनका स्वागत किया। वे अस्पताल में जिरियाट्रिक वार्ड पहुंचे, जहां उनकी मां सावित्री देवी भर्ती हैं। मुख्यमंत्री ने मां से स्वास्थ्य का हालचाल जाना और परिजनों का कुशलक्षेम पूछा। वह लगभग आधा घंटा अपनी मां के साथ रहे। इसके बाद चिकित्सकों से मां के स्वास्थ्य की जानकारी ली। आंखों में दिक्कत होने की वजह से बीती 7 जून से योगी की मां सावित्री देवी जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती हैं। वह रुद्रप्रयाग व पौड़ी सड़क हादसे में घायल हुए लोगों से मिले और हालचाल जाना। हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# ट्रांसजेंडर को सरकारी नौकरी में दें आरक्षण

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने प. बंगाल सरकार को एक प्रतिशत आरक्षण देने का निर्देश

**कोलकाता, एजेंसी**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को राज्य में सभी सरकारी नौकरियों में ट्रांसजेंडर के लिए एक प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार ने ट्रांसजेंडर के लिए रोजगार में समान व्यवहार की नीति अपनाई है। हालांकि, अभी तक उनके लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं किया गया है। न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा ने पश्चिम बंगाल सरकार के मुख्य सचिव को आरक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उच्च न्यायालय का यह आदेश एक ट्रांसजेंडर की याचिका पर आया, जिसने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2014 और टीईटी 2022 में भी सफलता प्राप्त की, लेकिन उसे काउंसिलिंग या साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया। शुक्रवार को पारित आदेश में न्यायमूर्ति मंथा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने 2014 के एक मामले में कहा था कि लैंगिक मामले में पुरुष और महिला के अलावा ट्रांसजेंडर को संविधान के भाग तीन के तहत उनके अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से तृतीय लिंग के रूप में माना जाना चाहिए। न्यायमूर्ति मंथा ने यह भी कहा कि शीर्ष न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकारों को उन्हें सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े नागरिकों के रूप में मानने के लिए कदम उठाने और शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के मामलों में और सरकारी नियुक्तियों के लिए सभी प्रकार के आरक्षण का विस्तार करने का निर्देश दिया था। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव ने उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि राज्य के महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण विभाग ने 30 नवंबर, 2022 को एक अधिसूचना जारी की थी कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति बिना किसी भेदभाव के रोजगार के समान अवसर के हकदार हैं। अदालत ने कहा कि अधिसूचना से यह स्पष्ट है कि राज्य ने स्वयं ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए रोजगार में समान व्यवहार की नीति अपनायी है।

## ईडी ने कुर्क कीं तुलसियानी ग्रुप की पांच अचल संपत्तियां

● **धन शोधन अधिनियम में कार्रवाई**

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ जोनल कार्यालय ने धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत धोखाधड़ी के एक मामले में मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की 3.06 करोड़ रुपये की कीमत की 5 अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियां कृषि भूमि एवं प्लॉट के रूप में प्रयागराज में स्थित हैं। ये सभी संपत्तियां मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत हैं।

**गंभीर समस्या** | अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य को लेकर किए शोध से मिली जानकारी

# अंतरिक्ष यात्रियों की किडनी क्षतिग्रस्त होने का बड़ा खतरा

● **मंगल ग्रह से वापसी में पड़ेगी किडनी डायलिसिस की जरूरत**

**बबलू चंद्रा, नैनीताल**



**अमृत विचार :** अंतरिक्ष में मानव स्वास्थ्य के लिए एक सबसे बड़ा खतरा किडनी का हो सकता है। मंगल ग्रह पर यात्रियों को भेजने को लेकर स्वास्थ्य संबंधी किए गए शोध में यह जानकारी सामने आई है, जिसके अनुसार मंगल ग्रह से वापस लौटते अंतरिक्ष यात्री को किडनी डायलिसिस की जरूरत पड़ेगी।

शोध के अनुसार दीर्घकालिक अंतरिक्ष अन्वेषण कई चुनौतियों के साथ आता है। चिंताजनक बात यह है कि इसका मानव शरीर पर क्या प्रभाव पड़ेगा। हम भारहीन वातावरण में विकसित नहीं हुए हैं, मानव शरीर महीनों तक इधर-उधर तैरने का आदी नहीं हैं और न ही हम विकिरण के बढ़े हुए स्तर का सामना करने में सक्षम हैं। इसकी बड़ी संभावना है कि अंतरिक्ष यात्री के गुर्दे जैसे अंग क्षतिग्रस्त हो जाएंगे, गुर्दे प्रभावित होने के लक्षण दिखाई देने में समय लगता है। शोधकर्ता शुरुआती चरणों में अंग संबंधी समस्याओं का पता लगाने और लंबी अवधि की उड़ानों के दौरान उनकी सुरक्षा करने के तरीके विकसित कर रहे हैं। हम कुछ वर्षों से जानते हैं कि अंतरिक्ष उड़ान स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनती है।

1970 के दशक से हृदय का कमजोर होना, दृष्टि संबंधी समस्याएं और गुर्दे में पथरी का विकास देखा गया है। इस समस्या का मुख्य कारण अंतरिक्ष से विकिरण का बढ़ता जोखिम माना जाता है। यह सिर्फ सूर्य से आने वाला विकिरण नहीं है बल्कि अंतरिक्ष से आने वाला गैलेक्टिक कॉस्मिक विकिरण बड़ी भूमिका निभाता है। यहां पृथ्वी पर चुंबकीय क्षेत्र हमारी और पृथ्वी की निचली कक्षा में रहने वालों की रक्षा करता है। मगर मंगल व चंद्रमा की तुलना में पृथ्वी का वातावरण अलग है, जिस कारण चंद्रमा और अन्य ग्रहों की यात्रा करने वालों के स्वास्थ्य का खतरा बढ़ जाना स्वाभाविक है। अंतरिक्ष यात्रियों और चूहों में यह शोध किया गया, जिसमें 40 से अधिक पृथ्वी कक्षा मिशनों से नमूने एकत्र किए गए थे।

### स्वास्थ्य को लेकर अधिक शोध जरूरी

पहली बार स्वास्थ्य को लेकर यह शोध किया गया है, जिसमें चेताया गया है कि स्वास्थ्य के संबंध में अधिक से अधिक शोध की जरूरी हैं। पहले शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि लंबी अवधि की अंतरिक्ष उड़ान हमारे अंगों को क्षति पहुंचा सकते हैं। नेचर कम्युनिकेशंस ने यह शोध प्रकाशित किया है। इस शोध में 40 से अधिक समूहों के शोधकर्ताओं की टीम ने भागीदारी निभाई है।

## एक नजर

### अधिक मूल्य में गेहूं बिकने से किसानों को लाभ

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य में गेहूं, एमएसपी 2275 रुपये से अधिक मूल्य में बिक रहा है। किसानों को सरकार द्वारा तय मूल्य से ज्यादा मिल रहा है, यह सुखद स्थिति है, क्योंकि एमएसपी का उद्देश्य ही यही होता है कि तय दर से कम मूल्य पर किसान से उस उपज को कोई नहीं खरीद सकता है। यह बात रविवार को रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने विज्ञप्ति के माध्यम से कही है। उन्होंने कहा कि खुले बाजार में एम.एस.पी. से अधिक मूल्य मिलने से किसानों को लाभ हो रहा है और हम यही चाहते हैं कि अंतिम वास्तविक लाभ किसानों का हो। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 2.19 लाख टन गेहूं की ख़रीद सरकार के द्वारा की गई थी जबकि वर्ष इस वर्ष 9.30 लाख टन गेहूं की ख़रीद सरकार द्वारा की गई है अर्थात 7.20 लाख टन अधिक गेहूं खरीदा गया है।

### कांग्रेस की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाना ही लक्ष्य

अमृत विचार, लखनऊ: कांग्रेस जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी ने एक बैठक में कहा कि जनता के बीच जाकर कांग्रेस की विचारधारा को उन तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है। जनता को हो रही परेशानी को राज्य सरकार और केंद्र सरकार तक पहुंचाना और उसका निराकरण करना ही कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस गठबंधन ने लोकसभा में कई जगह जीत का परचम लहराया है। जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनकर सरकार तक पहुंचाना कांग्रेस का उद्देश्य है। राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं और जनता के बीच सामंजस्य बनाकर जीत हासिल की है।

### 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ: गाजियाबाद में वांछित चल रहे 50 हजार के इनामी अपराधी को एसटीएफ ने शनिवार को मध्य प्रदेश के गुना से गिरफ्तार किया है। नागेश्वर उर्फ नामे नामक इस अपराधी के खिलाफ गाजियाबाद के अलावा मध्य प्रदेश में भी मुकदमें दर्ज हैं। एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि नामे ने गाजियाबाद के बेहटा स्थित संटू-सोनू ज्वैलर्स की सटर काटकर करोड़ों रुपए के आभूषण की चोरी को अंजाम दिया था।

# हर जरूरतमंद को इलाज में मिलेगी पूरी मदद : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, गोरखपुर



गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में महिला के प्रार्थना पत्र को पढ़ते मुख्यमंत्री।

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर जरूरतमंद को इलाज में भरपूर मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने रविवार को गोरखपुर मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में 350 लोगों की समस्याएं सुनीं और अफसरों को समुचित इलाज सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव के दौरान जनता दर्शन के स्थगित रहने के कारण रविवार को काफी संख्या लोग पहुंचे, जिसमें गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की मांग करने वाले ज्यादा लोग शामिल थे। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद दी जाएगी।

### मृतकों के परिजन व घायलों को दी आर्थिक सहायता

मुख्यमंत्री ने कुवैत में अग्नि हादसे में मारे गये गोरखपुर के दो कामगारों के परिजन को पांच-पांच लाख व जम्मू के शिवखेड़ी में आतंकी हमले के घायलों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। पिछले दिनों कुवैत में एक बहुमंजिला भवन में आग लगने से करीब चार दर्जन लोगों की मौत हो गई थी। इनमें गोरखपुर के निवासी अंगद गुप्ता व जयराम गुप्ता भी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने रविवार को अंगद की पत्नी रीता देवी व जयराम की पत्नी सुनीता को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक दिया, जबकि जम्मू के शिवखेड़ी में पिछले दिनों आतंकी हमले में घायल राजेश, रिकसोना, गायत्री व सोनी को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक दिया। रिकसोना की आर्थिक सहायता का चेक उनके पति राजेश ने प्राप्त किया।

# विकास कार्यों की सतत निगरानी करें जनप्रतिनिधि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ गोरखपुर मंडल के जन प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री ने किया संवाद

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनप्रतिनिधि विकास कार्यों की सतत निगरानी करें। सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में पात्रों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को तत्पर रहें, विकास कार्यों के नए प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

एनेक्सी भवन में गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी और लोकसभा चुनाव में पूरे मनोयोग से परिश्रम करने वाले विधायकों की सराहना की।

# राज्यपाल ने खारिज कीं 31 दया याचिका, 14 स्वीकार

**01** जनवरी से अब तक दया के लिए 45 आवेदन राज्यपाल के पास आये

**20** से 25 वर्ष की सजा काट चुके हैं आवेदन करने वाले आजीवन कारावास के कैदी

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: हत्या, दुष्कर्म जैसे मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए कैदियों की दया याचिका लगातार खारिज हो रही हैं। स्थिति ये है कि पांच महीने में 45 दया याचिका राज्यपाल के पास पहुंचे जिसमें से 31 उन्होंने अस्वीकार कर दिया।

बता दें कि कैदी द्वारा दया याचिका के आवेदन के बाद हो रहे परीक्षण में जिलास्तरीय दया याचिका समिति द्वारा विरोध किया जा रहा है। कई मामले ऐसे आए जिसमें जेल प्रशासन द्वारा कैदी के अच्छे आचरण का भी उल्लेख किया गया है, लेकिन दया याचिका समिति इस आधार पर विरोध कर रही है कि अमुक कैदी के छूटने से समाज में गलत संदेश जा सकता है। हालांकि कई ऐसे कैदी भी हैं जिनका मूल्यांकन करने के बाद राज्यपाल ने कारावास से मुक्त करने का भी आदेश दिया है।

बताते चलें कि हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद लंबे समय तक सजा काट चुके कैदियों का मूल्यांकन के बाद समय पूर्व रिहाई का प्रावधान है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में दया याचिका समिति गठित है। जिसमें जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक और जिला प्रोवेशन अधिकारी सदस्य होते हैं। दया याचिका का आवेदन होने के बाद समिति कैदी का मूल्यांकन कर राज्यपाल को रिपोर्ट भेजती है। जेल में निरुद्ध कैदी का अच्छा आचरण होना समय पूर्व रिहाई का मुख्य आधार होता है। पहली जनवरी से 15 जून तक 45 दया याचिकाएं राज्यपाल के पास पहुंची थी, जिसमें से 31 याचिकाएं इस आधार पर अस्वीकार कर दी गई, क्योंकि आरोपी खतरनाक किस्म का था, छूटने पर समाज में गलत संदेश जाएगा। जिन कैदियों की दया याचिका प्राप्त हो रही थी, उनमें से सभी आजीवन कारावास की सजा पाए हुए हैं और 20 से 25 वर्ष की सजा पार कर चुके हैं।

### जून माह में तीन रिहा, चार की याचिका खारिज

| कैदी | जनपद | आरोप |
|---|---|---|
| **इनकी याचिका हुई अस्वीकार** | | |
| रामप्रसाद | अयोध्या | हत्या |
| रामदेव तिवारी | लखनऊ | हत्या |
| फतेह सिंह | मैनपुरी | दुष्कर्म के बाद हत्या |
| हुकुम सिंह | एटा | गोली मारकर दो की हत्या |
| **इनकी हुई समय पूर्व रिहाई** | | |
| केदार यादव | महराजगंज | हत्या का प्रयास |
| तसब्बर | गाजियाबाद | हत्या |
| हरिओम | अमेठी | हत्या |

## अब ग्राम पंचायत देंगी एसबीएम का हिसाब

अमृत विचार, लखनऊ: स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण (एसबीएम) के कार्यों में खर्च धनराशि का हिसाब ग्राम पंचायतें देंगी। जिन्हें संबंधित वर्ष का 100 फीसद ऑडिट कराना होगा। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने ग्राम पंचायतों से उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं।

गांवों में शौचालय, साफ-सफाई, आरआरसी सेंटर, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंध समेत अन्य स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण के तहत कराये गए कार्यों का हिसाब यानी उपभोग प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत देंगी। इस वर्ष से यह व्यवस्था शुरू हुई है। जबकि अब तक ब्लॉक स्तर से एक साथ सभी ग्राम पंचायतों के उपभोग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाते थे। जिस वर्ष का उपभोग प्रमाण पत्र दिया जाएगा उस वर्ष का 100 फीसद ऑडिट होना अनिवार्य है। जो पंचायतें उपभोग प्रमाण पत्र नहीं दे पाएंगी आगे के बजट से वंचित रह जाएंगी। जिला पंचायत राज अधिकारी ने सचिवों से सभी 494 ग्राम पंचायत के वर्ष 2023-24 के उपभोग प्रमाण ऑडिट रिपोर्ट के साथ मांगे हैं। जो एक सप्ताह में देना है।

# बिजली चोरी पर की जाएगी सख्त कार्रवाई: शर्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



आपूर्ति का पोस्टर दिखाते ऊर्जा मंत्री।

▶▶ सबसे ज्यादा 655.66 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति प्रदेश में एक दिन में की गई

अमृत विचार: ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि बिजली चोरी करने वाले व करवाने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भीषण गर्मी व लू के कारण और बिजली के घरेलू उपयोग बढ़ने से बिजली की अप्रत्याशित मांग बढ़ी है। इस बढ़ी हुई मांग को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पूरे प्रदेश में 24 घंटे में निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा रही है। ऊर्जा मत्री रविवार को सरकारी आवास पर मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 30,618 मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग को सकुशल पूरा किया गया। पूरे देश में सबसे ज्यादा 655.66 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति प्रदेश में एक दिन में की गई।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1970 से अब तक लगभग 50 वर्षों से प्रदेश की बदहाल बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने व पटरी पर लाने के लिए दो वर्षों से बिजली व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा। आरडीएसएस योजना अंतर्गत 17 हजार करोड़ रुपये, बिजनेस प्लान के तहत पांच हजार करोड़ रुपये व नगरीय निकायों में बिजली तंत्र के विकास के लिए एक हजार करोड़ रुपये के अनुरक्षण कार्य कराये गये हैं। पूरे प्रदेश में जर्जर व झूलते हुए तारों को हटाया गया है।

एक लाख किमी तक एबी केबल में बदला गया। जर्जर व झुके हुए पोल को हटाकर 19 लाख नये खम्भे लगाये गये गये हैं। छह लाख ट्रांसफार्मर पर कार्य हुआ, इसमें नये ट्रांसफार्मर लगाने व क्षमता वृद्धि और मरम्मत का कार्य हुआ है।

## अधिकतम बिजली मांग 29,946 मेगावाट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ: भीषण गर्मी में रविवार को भी प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली संकट से जूझते रहे। स्थानीय खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित होने व घंटो आपूर्ति चालू न होने का सिलसिला जारी रहा। हालांकि सरकारी कार्यालयों के बंद होने से बिजली मांग में कुछ कमी दर्ज हुई। अधिकतम बिजली मांग 30 हजार मेगावाट से नीचे आ गई।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अधिकतम बिजली मांग 29,946 मेगावाट व न्यूनतम मांग 24,630 मेगावाट दर्ज हुई। सूत्रों के बताया कि शाम के वक्त 28,500 हजार मेगावाट बिजली की मांग हो रही थी। इस दौरान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीघरों से 5100 मेगावाट बिजली मिल रही थी। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही थी। सूत्रों ने बताया कि बंद चल रही अनपरा की 210 मेगावाट व ओबरा की दो सौ मेगावाट इकाइयों को चालू करने के प्रयास जारी रहे। बिजली अभियंता देर रात तक इन इकाइयों के चालू हो जाने की उम्मीद जताते रहे।अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय खराबियों को समय पर दूर करने के लिए प्रयास जारी हैं।

# बी-टू-बी में कारोबारियों ने साझा कीं आयात-निर्यात की नीतियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




▶▶ कॉन्क्लेव के अंतिम दिन विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने विस्तार से की चर्चा

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड इंटरनेशनल बिजनेस कॉन्क्लेव में भारत के साथ अलग-अलग देशों में व्यापार की संभावनाएं तलाशने आए प्रतिनिधियों की रविवार को टेबिल टॉक करायी गयी। व्यापार को लेकर कारोबारी जिम्मेदारों के बीच बी-टू-बी (बिजनेस टू बिजनेस) द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसमें विदेशी प्रतिनिधियों ने अपने देश के आयात-निर्यात की नीतियां एक-दूसरे से साझा कीं।

एसोसिएट चैंबर के अध्यक्ष ई. डीपी सिंह ने बताया कि उद्योगों और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए यह एक बड़ा आयोजन रहा। इस कॉन्क्लेव में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी बात रखी। निश्चित तौर पर यह बिजनेस मीट प्रदेश की इकॉनोमी के लिए बेहतर परिणाम देगी।

भारतीय कारोबारियों का जोर देश के विभिन्न उत्पादों को विदेशों तक पहुंचाने पर रहा। उन्होंने भारतीय चीजों की बिक्री और विदेशों से रॉ-मैटीरियल लेने पर सहमति जताई। वहीं विभिन्न देशों के राजदूतों ने कहा कि भारतीय बाजार हमें क्या निर्यात कर सकता है और हम उनकी क्या जरूरत पूरी कर सकते हैं। इस पर विचार आगे बढ़ना चाहिए तभी प्रदेश के साथ आयात-निर्यात गति पकड़ेगा और व्यापार आगे बढ़ेगा।

उदाहरण रखते हुए विदेशी प्रतिनिधियों ने कहा कि अगर हमें अनाज चाहिए तो चिकन कारीगरी और इससे जुड़े वस्त्र चाहिए तो भारत किन चीजों पर विचार करेगा। आयोजक मंडल के सचिव रमेश मलहोत्रा ने कहा कि एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव-2024 से कारोबारी दिग्गज और हितधारकों में वार्ता कराई गई जो भविष्य में अच्छे कारोबारी परिणाम लाएगी। इन्हीं संभावनाओं के साथ इस कॉन्क्लेव का समापन हुआ। इस कॉन्क्लेव में 25 देशों के राजदूतों और अन्य प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

# डॉ. अंजना को मिला भारत गौरव अवॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अमृत विचार: साहित्य, शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. अंजना सिंह सेंगर को फ्रांस के अंतरराष्ट्रीय भारत गौरव अवॉर्ड-2024 से अलंकृत किया गया है। यह सम्मान उन्हें पेरिस के लक्जमबर्ग पैलेस में हुए समारोह में 5 जून को फ्रांस सीनेट के उप सभापति डोमिनिक थेफिल और सीनेट सदस्य फ्रेडरिक बुवाल ने दिया। इस मौके पर फ्रांस में भारत के काउंसलेट जनरल प्रवीण कुमार मिश्रा और मेहंदीपुर बालाजी दरबार के महंत डॉ. नरेश पुरी गोस्वामी भी मौजूद रहे। सम्मान लेने के बाद लखनऊ लौटीं डॉ. अंजना सिंह सेंगर ने रविवार को यूपी प्रेस क्लब में पत्रकारों को यह जानकारी दी।

अंजना सेंगर ने बताया कि संस्कृति युवा संस्था ने फ्रांस की संसद में आयोजित 13वें अंतरराष्ट्रीय भारत गौरव अवॉर्ड समारोह में अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करने वाले भारतवासियों और दुनिया के 18 देशों में बसे भारतवंशियों को सम्मानित किया।

## एयरपोर्ट के पास दो सप्ताह से खुला पड़ा है नाला

अमृत विचार, सरोजनीनगर: नगर निगम की लापरवाही से सरोजनीनगर में एयरपोर्ट के पास करीब दो सप्ताह से खुला पड़ा नाला कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है। बताते चलें कि सरोजनीनगर में कानपुर रोड किनारे अमौसी एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे से नादरगंज तक बने करीब 1 किलोमीटर नाले की सफाई के लिए लगभग 2 सप्ताह पहले नगर निगम विभाग द्वारा उसके ऊपर रखे पत्थर हटा दिए गए थे। हालांकि पत्थर हटाने के बाद नाले की सफाई तो कर दी गई। लेकिन नाले को दोबारा पत्थरों से नहीं ढका गया।

# ग्रामीण क्षेत्रों के फीडर को शहरी करने का विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ नियामक आयोग में 18 को दाखिल होगी याचिका

अमृत विचार: ग्रामीण क्षेत्रों के फीडर को शहरी घोषित करने की कार्रवाई के खिलाफ उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से 18 जून को विद्युत नियामक आयोग में अवमानना याचिका दाखिल की जाएगी। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को विधिक गलतियों से आगाह करते हुए फैसला वापस लेने की मांग की।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि बीते जनवरी-फरवरी में कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल की बैठक में शहरों के निकट के ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित करने का निर्णय लिया गया है। उस समय प्रदेश में निर्धारित समय सारिणी के अनुसार बिजली आपूर्ति करने की व्यवस्था लागू थी, पर अब उपभोक्ता अधिकार नियम 2020 के तहत सभी को 24 घंटे बिजली आपूर्ति का आदेश है। मुख्यमंत्री की ओर से भी इसकी घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले को ऊर्जा मंत्री व मुख्यमंत्री के संज्ञान में भी लाया जाएगा।

### बिजली महंगी करना असहनीय: प्रमोद

कांग्रेस नेता राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं से शहरी दर पर बिजली बिल लेने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन की ओर से ग्रामीणों के लिए दो रुपये प्रति यूनिट महंगी बिजली किये जाने की तैयारी उन पर असहनीय सरकार 'वार' है। उन्होंने कहा कि इस समय भीषण गर्मी व लू में प्रदेश की जनता बिजली आपूर्ति में खामियों के कारण त्राहि-त्राहि कर रही है। प्रदेश भर में अभूतपूर्व बिजली कटौती के साथ गरीब उपभोक्ताओं के बिजली के कनेक्शन काट दिये जा रहे हैं।

### बिजली को महंगी करने की साजिश : अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली को महंगी करने की साजिश है, ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर में बदलने से उपभोक्ताओं को दो रुपये प्रति यूनिट बिजली महंगी मिलेगी। करीब दो करोड़ 85 लाख उपभोक्ता प्रभावित होंगे। उन्होंने जारी बयान में कहा कि ग्रामीण उपभोक्ताओं को 3.35 रूपये यूनिट की दर से बिजली की कीमत चुकानी होती है जबकि शहर में यह कीमत 5.50 रूपए प्रतियूनिट है। जनता के साथ यह धोखा है। बिजली और पानी का संकट बढ़ता जा रहा है। बावजूद भाजपा सरकार बिजली दरें दोगुनी कर रही है।

# पूर्व सांसद के खिलाफ दूसरा मामला दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ निवेशकों से रकम को हड़पने का आरोप

▶▶ तृणमूल के पूर्व सांसद के खिलाफ सीबीआई कर रही जांच

अमृत विचार: पूर्व राज्यसभा सांसद केडी सिंह सहित आठ आरोपियों के खिलाफ सीबीआई ने धोखाधड़ी का दूसरा मुकदमा दर्ज किया है। निवेशकों का धन हड़पने के आरोप में तृणमूल के पूर्व सांसद के खिलाफ सीबीआई पहले भी मुकदमा दर्ज कर चुकी है। एंटी करप्शन ब्रांच ने जांच भी शुरू कर दी है। बतादें कि प्रदेश सरकार की सिफारिश पर सीबीआई ने प्रकरण को अपने हाथ में लिया है।

सीबीआई ने तृणमूल के पूर्व सांसद केडी सिंह से जुड़ी कंपनी अलकेमिस्ट इंफ्रा रियल्टी लिमिटेड और अलकेमिस्ट टाउनशिप लिमिटेड द्वारा निवेशकों को लुभावनी स्कीम पर भूखंड और मकान देने का झांसा देकर धन हड़पने के मामले की जांच शुरू की है। सीबीआई द्वारा दर्ज मुकदमे में केडी सिंह के साथ बृजमोहन महाजन, सत्येंद्र कुमार सिंह, सुचित्रा खेमकर, नंद किशोर सिंह, जयश्री प्रकाश सिंह, छत्रपाल सिंह और नरेंद्र सिंह को भी आरोपी बनाया गया है।

केडी सिंह और उनके साथियों पर आरोप है कि उन्होंने 2009 में भदोही में कंपनियों का कार्यालय खोलने के बाद लुभावनी स्कीमों के जरिए निवेशकों से करीब दो करोड़ रुपये जमा कराए थे। बाद में निवेशकों को भूखंड नहीं दिए गए। निवेशकों द्वारा अपनी रकम वापस मांगने पर कंपनी के संचालक वर्ष 2018 में कार्यालय बंद करके भाग गए। अवगत करा दें कि पूर्व सांसद और उनकी कंपनियों के खिलाफ सीबीआई ने विगत वर्ष भी मुकदमा दर्ज किया था।

# बसपा के पूर्व एमएलसी की करोड़ों की संपत्तियों की जांच शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की कम नहीं हो रहीं मुश्किलें

▶▶ 506 करोड़ की संपत्ति जिला प्रशासन ने की थी कुर्क

अमृत विचार: बसपा से सहारनपुर के पूर्व एमएलसी के खिलाफ हुई कार्रवाई का कच्चा चिट्ठा जिला प्रशासन ने तैयार किया था। हजारों करोड़ का मामला सामने आने के बाद सहारनपुर के जिलाधिकारी द्वारा सारे कागजात प्रवर्तन निदेशालय को जांच हेतु सौंपा गया। हालांकि जिलाधिकारी के स्तर से ही करीब साढ़े आठ सौ करोड़ की संपत्तियों पर कार्रवाई की जा चुकी है। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बताया कि अभी और संपत्तियों का पता चला है, जिस पर जांच शुरू करा दी गई है। जानकारी में आई संपत्तियां जिले के बाहर की भी बताई जा रही है।

> गैंगेस्टर के तहत जिला प्रशासन ने इकबाल और उनके साथियों की 506 करोड़ की संपत्ति कुर्क की थी। अभी भी 350 करोड़ की संपत्तियों पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया जारी है। करीब 4500 करोड़ के भ्रष्टाचार के दस्तावेज ईडी को भेजे जा चुके हैं। ईडी अपनी कार्रवाई कर रही है। जबकि जिला प्रशासन को अभी और संपत्तियों की सूचना मिली है। इसकी जांच कराई जा रही है।
>
> -डॉ. दिनेश चंद्र, जिलाधिकारी सहारनपुर

**36 मुकदमें हैं दर्ज, 63 संपत्तियां चिन्हित:** पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अब्दुल वहीद एजुकेशनल एडं चैरिटेबल ट्रस्ट के जरिए चलाई जा रही उनकी ग्लोकल यूनिवर्सिटी और जमीन के जब्तीकरण की कार्रवाई की है। इससे विश्वविद्यालय में भी खलबली मच गई है। यहां अध्ययनरत चार हजार के अधिक विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। विद्यार्थियों के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे, यह अभी स्पष्ट नहीं है। जिला प्रशासन ने हाजी इकबाल के खिलाफ गैंगेस्टर समेत 36 मुकदमे दर्ज कराए हैं। हालांकि बाद में उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद कुछ मुकदमे खारिज हो गए। हाजी इकबाल और उनके साथियों की लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, सहारनपुर समेत 63 स्थानों पर संपत्ति चिन्हित की गई। हाजी इकबाल पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की थी, जिसमें इकबाल को गिरोह का सरगना घोषित किया हुआ है। गिरोह में शामिल इकबाल उर्फ बाला के अलावा अब्दुल वाजिद, जावेद, मोहम्मद अफजाल, आलीशान निवासीगण गांव मिर्जापुर पोल, राव लईक निवासी रायपुर, नसीम निवासी मिर्जापुर पोल पर पुलिस ने गैंगेस्टर लगाई थी। इन सभी लोगों की संपत्तियों को चिन्हित किया गया था।

## जुलाई में चलेगा संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान

अमृत विचार, लखनऊ: इस वर्ष भी संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान चलेगा। अभियान 1 से 31 जुलाई तक चलेगा, इसी दौरान 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। इसके लिए तय कार्ययोजना को अमल में लाने के लिए नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने रविवार को निर्देश दिए हैं।

शासन के निर्देश के बाद, नगर विकास विभाग द्वारा, विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए निकाय व वार्ड स्तर पर प्रस्तावित गतिविधियों के माइक्रोप्लान, हर जिले में मुख्य चिकित्साधिकारी को 28 जून तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**तैयारी** | चुनावी सभा के बाद संबंधित सीट पर मिले वोट को बनाया जायेगा आधार

# बसपा में आकाश की उपयोगिता की हो सकती है समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ चुनाव में हुए नुकसान संबंधी रिपोर्ट तैयार कर रहे पार्टी के मंडल प्रभारी

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में बसपा को मिली हार के कारणों में बतौर उत्तराधिकारी चुनावी सभाएं करने वाले नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद की भूमिका भी समीक्षा हो सकती है। देखा जाना है कि उनकी चुनावी सभाओं से संबंधित सीट पर मतदाताओं पर क्या प्रभाव पड़ा। अन्य सीटों की अपेक्षा मत प्रतिशत बढ़ा या नहीं, इसके अलावा मूवमेंट को बढ़ाने में उनकी उपयोगिता कितनी है। हालांकि इस मुद्दे पर पार्टी के पदाधिकारी बोलने को तैयार नहीं है।

लोकसभा चुनाव में उत्तराधिकारी पद हटाए गए आकाश आनंद की भूमिका संबंधी सवाल का जवाब देते हुए बसपा के लखनऊ मंडल प्रभारी व हरदोई सीट के प्रत्याशी रहे भीमराव आंबेडकर ने कहा कि पार्टी प्रत्याशियों को जो मत मिले हैं, वह बसपा के अपने है। जो मायावती के निर्देश पर मिलते हैं।

आकाश आनंद को उत्तराधिकारी बनाकर भेजा गया था, वह बसपा प्रमुख के संदेश को ही बढ़ा रहे थे। वर्तमान में मायावती के बराबर पार्टी में या देश में कोई दूसरा नेता नहीं है। साल 2027 में उप्र. विधानसभा चुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि मायावती चार बार मुख्यमंत्री बन चुकी हैं। इसलिए अब प्रधानमंत्री पद ही मुख्य लक्ष्य है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि मायावती का निर्देश ही सर्वोपरि है।

### मिली थी चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी

मालूम हो कि आकाश आनंद को मायावती ने पार्टी में अपना उत्तराधिकारी घोषित करते हुए नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया था। साथ ही उन्हें उप्र.में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी भी थी। पार्टी द्वारा बसपा प्रमुख मायावती के अलावा उनकी सभाएं प्रस्तावित की गईं। तीन चरण के मतदान तक उन्होंने ताबड़तोड़ सभाएं की थी, केंद्र सरकार के साथ अन्य विपक्षी दलों पर जमकर बोले भी थे। सीतापुर में सभा के दौरान उनके भाषण से रिपोर्ट दर्ज हो गया। जिसके बाद बसपा प्रमुख ने न केवल उनके चुनाव प्रचार पर रोक लगाई बल्कि उत्तराधिकारी व नेशनल कोआर्डिनेटर पद से भी हटा दिया था। चुनाव के परिणाम आ चुके हैं, हार के कारणों की समीक्षा के साथ ही भविष्य की रणनीति पर मंथन करने को बैठकें हो रहीं हैं। मायावती 23 जून को चुनाव के हार कारणों को लेकर समीक्षा बैठक करेंगी। बैठक में सभी मंडल प्रभारी व सेक्टर प्रभारी द्वारा तैयार रिपोर्ट पर चर्चा होगी। पूरे देश के पदाधिकारी इस बैठक में बुलाए गए हैं। लापरवाही बरतने वालों के साथ ही भविष्य की रणनीति को लेकर संगठन में कई बदलाव हो सकते हैं।

### एनडीए व इंडी गठबंधन एक हो गए

लखनऊ मंडल प्रभारी भीमराव आंबेडकर ने कहा कि देश में दलित व कमजोर लोगों की सर्वमान्य नेता मायावती को व बसपा के मूवमेंट को रोकने के लिए इस लोकसभा चुनाव में दोनों (एनडीए व इंडी) गठबंधन एक हो गए। दोनों ने मिलकर दलितों के अधिकार को खत्म किया है। उनकी यह लड़ाई जारी रहेगी। दलितों को भी अधिकार है कि उनका नेता प्रधानमंत्री हो। लेकिन, दलित विरोधी ताकतें एकजुट हैं।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
(Clinical Oncologist and Radiotherapist), MD, DNB, Medvar. Dip. Clinical, Oncologist, Ex Consultant Tata Memorial Hospital Mumbai, P.G.I.M.E.R. Chandigarh
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


**मौसम**

लू का प्रकोप बढ़ने की संभावना है दोपहर में घर से न निकलें।

45.6° अधिकतम तापमान | 31.4° न्यूनतम तापमान

# बकरीद आज, ऐशबाग ईदगाह में सुबह 10 बजे होगी नमाज

## 95 ईदगाह और 1149 मस्जिदों में अदा की जाएगी नमाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हजरत इब्राहीम द्वारा अल्लाह की राह में कुर्बानी के लिए अपने इकलौते बेटे हजरत इस्माइल को पेश कर देने की यादगार ईद-उल-अजहा सोमवार को मनाया जाएगा। राजधानी के 95 ईदगाह और 1149 मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। ऐशबाग ईदगाह में सुबह दस बजे नमाज अदा की जाएगी।

ईदगाह ऐशबाग, आसिफी मस्जिद और टीले वाली मस्जिद में बकरीद की नमाज के मद्देनजर बड़े-बड़े पंडाल लगाए गए हैं। भीषण गर्मी और तेज धूप के मद्देनजर पंडाल लगाने का काम सुबह से ही शुरू कर दिया गया था। इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया ने ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई। इसमें मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने कहा कि त्योहार को सौहार्द से मनाएं।


ऐशबाग ईदगाह पर बैरिकेडिंग लगाकर पूरे किए गए इंतजाम। अमृत विचार

**पुलिसकर्मी मुस्तैद :** सुरक्षा के लिए पांच डीसीपी समेत करीब ढाई हजार पुलिस कर्मियों को मुस्तैद किया गया है। जेसीपी कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि ऐशबाग ईदगाह, टीले वाली मस्जिद और आसिफी इमामबाड़ा पर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए गए है। सीसीटीवी कैमरों के साथ ड्रोन से निगरानी की जाएगी। पांच डीसीपी, दस एडीसीपी, 12 इंस्पेक्टर, 100 दरोगा, पांच महिला एसआई, 190 सिपाही, 38 महिला सिपाही, पीएसी की 16 कम्पनी के साथ दो प्लाटून, दो कम्पनी आरएएफ और छह घुड़सवार पुलिस तैनात रहेंगे।

## रात भर खुले रहे शहर के बाजार, जमकर हुई खरीददारी

**अमृत विचार, लखनऊः** बकरीद को लेकर बाजार रातभर गुलजार रहे। महिलाओं ने चूड़ियां समेत श्रृंगार और कपडे.खरीदे तो पुरुषों ने कुर्ता-पायजामा और डिजाइनर टोपियां खरीदीं। अमीनाबाद, नक्खास, चौक, पक्का लाल पुल, मौलवीगंज, नजीराबाद समेत अलग-अलग बाजारों का भी यही हाल रहा। पुराने लखनऊ समेत सभी कई प्रमुख बाजारों में बकरों की बिक्री का सिलसिला दिनभर चलता रहा।


बकरीद पर सजे बाजार में चूड़ियां खरीदतीं महिलाएं। अमृत विचार

### बनारसी किमामी सेवईं की रही धूम

यूं तो सेवईं की तमाम वैरायटी बाजारों में उपलब्ध है लेकिन महिलाओं ने मेहमानों के लिए खासतौर बनारसी महीन सेवइयों को खरीदारी में तरजीह दी। चौक, नक्खास, अमीनाबाद, मौलवीगंज, हुसैनाबाद आदि जगहों पर सेवइयों के बाजार रात तक सजे रहे। यहां छड़ व सादी सेवईं, छत्ते वाली सेवईं, किमामी सेवईं, बनारसी, भुनी सेवईं, लाल लच्छा, सफेद लच्छा, बनारसी लच्छा, सूतफेनी, रूमाली, दूध फेनी खूब बिकीं।

### खनकी चूड़ियां, रचाई मेंहदी

चूड़ियों की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ नजर आई। साज-सज्जा से जुड़ी चीजें भी बिकीं। मेंहदी लगाने वाले हाथ भी आज खाली नहीं रहे। देर रात तक तरह-तरह डिजाइनों की मेंहदी लगाई जाती रही।

### तरह-तरह की टोपियां बिकीं

टोपियों की दुकानों पर लोग तरह-तरह की टोपियां खरीदते नजर आए। इनमें जालीदार टोपी के अलावा नग वाली टोपी, जिरवी तुर्की, इंडोनेशिया समेत तरह-तरह की टोपियां खरीदारों की नजर में रहीं।

### कब-कहां अदा की जाएगी नमाज

ईदगाह ऐशबाग में सुबह 10 बजे और आसिफी मस्जिद में पूर्वाह्न 11 बजे नमाज होगी। मस्जिद सिद्दीकिया बिलोचपुरा में सुबह 5 .40 बजे, गली मीर माता स्थित मस्जिद इब्राहीमी में 5 .45 बजे, नादान महल रोड स्थित मस्जिद तकवियतुल ईमान में सुबह 6 .00 बजे, मस्जिद उमर बिलोचपुरा में सुबह 6 .30 बजे, मस्जिद हमजा कंघी वाली गली और मस्जिद फारुकिया हुसैनाबाद में सुबह 7 .00 बजे, मस्जिद नदवतुल उलेमा और मस्जिद हमजा राजाजीपुरम में सुबह 7 .30 बजे, मस्जिद कदर खां तालकटोरा और मस्जिद इदारे वाली मेंहदी गंज में सुबह 8 .00 बजे, मस्जिद दरगाह शाहमीना शाह और मस्जिद चांद वाली तालकटोरा में सुबह 8 .30 बजे बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। नमाज से समय से एक घंटे पहले से ही अकीदतमंद जुटने लगेंगे।

### एक नजर

### लखनऊ में अब 94 रुपए प्रति किलो मिलेगी सीएनजी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के साथ ही उन्नाव, आगरा और अयोध्या में कम्प्रेस नेचुरल गैस (सीएनजी) की कीमतों में 1.75 रुपये इजाफा कर दिया गया है। ग्रीन गैस लि. के एजीएम मार्केटिंग प्रवीण सिंह के अनुसार घरेलू प्राकृतिक गैस का कोटा घटने से कीमतों में इजाफा किया गया है। बढ़ी हुई कीमतें रविवार सुबह से लागू कर दी गई। लखनऊ, उन्नाव, आगरा और अयोध्या में सीएनजी की कीमत अब 94 .00 प्रति किलो हो गई है। अब लखनऊ, उन्नाव और आगरा में सीएनजी कीमत 92 .25 प्रति किलो थी। अयोध्या में सीएनजी की कीमत 92 .35 रुपये प्रति किलो थी।

### खुरपका-मुंहपका टीकाकरण 15 जुलाई से

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में 15 जुलाई से खुरपका-मुंहपका टीकाकरण शुरू होगा। डेढ़ माह तक निशुल्क पशुओं का टीकाकरण किया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि 4,50,900 पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा है। इस अभियान के लिए 20 टीमें बनाई हैं। वहीं, 31 मई से गलाघोंटू का टीका भी पशुओं में लगाया जा रहा है। यह अभियान 15 जुलाई तक चलेगा। दो लाख से अधिक पशुओं का टीकाकरण कर चुके हैं।

### निर्जला एकादशी पर लगेगी श्रीमद्भागवत की कक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी स्थिर राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कान) में 18 जून को निर्जला एकादशी मनाई जाएगी। इस्कान के अध्यक्ष अपरिमेय श्यामदास ने बताया की इस मौके पर कृष्ण भक्तों के लिए श्रीमद्भागवत की कक्षा लगाई जाएगी। मन्दिर अध्यक्ष अपरिमेय श्यामदास की ओर से इस्कॉन मन्दिर में भक्तों के लिए श्रीमद भागवत की कक्षा सुबह छह बजे होती है। एकादशी व्रत रखने के साथ-साथ अगले दिन समय से व्रत का पारण किया जाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। व्रत पारण समय 19 जून बुधवार को सुबह 5 .13 से सुबह 7 .30 बजे तक है।


सफाईकर्मी को गमछा देते भाजपा नेता।

### भाजपा ने सफाईकर्मियों को बांटे गमछे

**अमृत विचार, लखनऊ :** भीषण गर्मी में शहर साफ करने में जुटे सफाईकर्मियों को गमछे वितरित किए गए। रविवार को डालीगंज बाजार में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को गमछे उपलब्ध कराए गए। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता ने सफाई कर्मियों को गमछा पहनाया। उन्होंने बताया कि स्वच्छताकर्मी काम के दौरान सिर पर या तो गंदे कपड़े डालते थे और उसी से अपना पसीना भी पोछते थे। इसे देख विचार आया और उन्हें गमछा पहनाया।

# दिन में तीखी धूप, रात में गर्म हवा ने सताया, बिजली ने भी रुलाया

## सुबह 11 बजे से ही सड़कों पर पसर गया सन्नाटा, लू ने किया बेहाल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी ने रविवार को जून माह का रिकार्ड तोड़ा। अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके साथ ही सुबह ही तेज धूप हो गई। 11 बजे तक धूप इतनी तीखी हो गई कि सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। पटरी दुकानदारों ने दुकानें बढ़ा ली और राहगीरों की आवाजाही कम हो गई।

मौसम विभाग के मुताबिक दिन का अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से 7.6 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 31.4 डिग्री पहुंचा जो समान्य से 4.4 डिग्री ज्यादा था। इससे पहले 31 मई को अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री दर्ज किया था। सुबह 9 बजे से लगातार तापमान बढ़ता जा चला गया। शनिवार को भी अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6.1 डिग्री अधिक था। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि 2023 में 16 जून का तापमान 40.6 डिग्री था। मौसम विभाग के मुताबिक प्री-मानसून आने के बाद ही तापमान में गिरवाट होगी।

**हीट वेव का अलर्ट जारी :** मौसम विभाग ने लखनऊ समेत आस-पास के जिलों में हीट वेव और वार्म नाइट का अलर्ट जारी किया है। यह अलर्ट पिछले एक सप्ताह से जारी है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि दोपहर से शाम के समय तक हीट वेव का असर सबसे अधिक रहेगा। इस दौरान 25-35 किलोमीटर की रफ्तार से गर्म हवा के थपेड़े लोगों की परेशानी बढ़ाएंगे।


गर्मी से अकुलाए बंदर ने मंदिर में रखे नाद में भरे पानी से प्यास बुझाई। अमृत विचार

## इंजाइटी अटैक के शिकार हो रहे लोग

▸▸ अस्पतालों के मानसिक रोग विभाग की ओपीडी में पहुंचनेवालों में से 50 फीसदी इससे पीड़ित

**अमृत विचार, लखनऊ :** भीषण गर्मी में लोग इंजाइटी अटैक के शिकार हो रहे हैं। उन्हें चिड़चिड़ापन, उत्तेजना, गुस्सा, घबराहट, सांस लेने में तकलीफ, बेचैनी, अनियंत्रित धड़कन की दिक्कत हो रही है। सरकारी अस्पतालों के मानसिक रोग विभाग की ओपीडी में पहुंचने वालों में से 50 फीसदी ऐसे ही मरीज हैं।

बलरामपुर अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ. सौरभ अहलावत का कहना है कि गर्मी के चलते लोगों में एड्रिनल और कार्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ रहा है। इससे लोग उत्तेजित, गुस्सैल, घबराहट व बेचैनी आदि लक्षण के साथ ओपीडी में आ रहे हैं। हर रोज करीब 150 मरीज आ रहे हैं। इनमें आधे रोगी 25-40 वर्ष की उम्र वाले होते हैं।

### हार्ट अटैक समझ रहे लोग

डॉ. सौरभ का कहना है कि इंजाइटी अटैक में दिल की धड़कन बढ़ना, पसीना आना, बैचनी आदि के लक्षण होते हैं। लोग इसे दिल की बीमारी समझ कर पहले कार्डियोलॉजिस्ट के पास जा रहे हैं। सिविल अस्पताल में मनो चिकित्सक डॉ. दीप्ती सिंह ने बताया कि दिन व रात में गर्मी से लोगों में एंग्जायटी की समस्या बढ़ रही है। ओपीडी में इंजाइटी अटैक के औसतन 15 से 20 मरीज आ रहे हैं। इनमें महिलाएं अधिक हैं। लोकबंधु अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया कि ऐसे लक्षणों वाले रोजाना करीब 20-25 मरीज आ रहे हैं।

## 50 हजार की आबादी को 8 घंटे नहीं मिली बिजली

**अमृत विचार, लखनऊः** निगोहां बिजली उपकेंद्र में रविवार दोपहर बारह बजें 33केवी लाइन ब्रेकडाउन होने के कारण सभी फीडर ठप हो गए। इसकी वजह से मस्तीपुर ,भावा खेड़ा, मदारी खेड़ा, हरिहरपुर, पटसा, भगवानपुर टोल प्लाजा, लालपुर, दखिना शेरपुर, लवल रघुनाथ, खेड़ा राती, अहिनिवार, वीरसिंहपुर, आगहिया, इम्लिहा खेड़ा, पुरहिया, उदयपुर में 8 घंटे से ज्यादा बिजली आपूर्ति बाधित रही।

इससे करीब 50 हजार से ज्यादा की आबादी को बिजली संकट का संकट का सामना करना पड़ा। इस दौरान लोगों ने उपकेंद्र पर फोन किए, लेकिन सप्लाई सुचारू नही हुई। समेसी उपकेंद्र के एसडीओं उपेंद्र पटेल ने बताया कि दोपहर में 33केवी लाइन मे फॉल्ट हो गया था। 4 घंटे बाद मोहनलालगंज पावर हाउस से वैकल्पिक व्यवस्था करके मस्तीपुर और निगोहां फीडर के उपभोक्ताओ को राहत दी गई। कर्मचारियों से निगोहां से बछरावां के मध्य हाईटेंशन लाइन की पेट्रोलिंग भी कराई गई। हाईटेंशन लाइन के अंडरग्राउंड केबल में मेगर मशीन से मिले फॉल्ट को सही कराने के बाद 8:30 बजे सप्लाई को सामन्य कर दिया गया।

## लू व तेज धूप से सूख कर गिर रहे पेड़ों से आम

**अमृत विचार :** तेज धूप व गर्म हवाओं के चलते आम झुलसकर गिर रहे है और तो और बाग में लगे फलदार वृक्ष तेजी से सूख रहे हैं। ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है, जब देसी व दशहरी आम डाल में सूखकर जमीन पर गिरे जा रहे हैं। आम पेड़ में लगा लगा ही झुलसकर गिर जाता है। शाहाबाद के सुलेमानी निवासी नंन्हे, आरिफ, मुन्ना, सलमान आदि किसानों ने बताया कि उनके बाग में लगे आम के पेड़ में लगे फल सूख कर गिर रहे हैं। ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है। बावन निवासी किसान हाफिज उबैद, नसरुद्दीन खां आदि लोगों ने भी कुछ इसी तरह की बात करते हुए बताया कि उनके बाग में कई आम के पेड़ में लगे फल सूख कर गिर रहे हैं।

# आरोपी को दिखाना होगा कार्रवाई का वीडियो

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचारः** बिजली चोरी के मामलों में कार्रवाई करने वाली विजलेंस टीम को अब आरोपी को पूरा साक्ष्य दिखाना पड़ेगा। खासतौर पर कार्रवाई के दौरान बनाया गया वीडियो दिखाना होगा। अगर वीडियो में आरोप सही नहीं पाया गया तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। चोरी के मामलों में लोगों को गलत तरीके से फसाए जाने के तमाम मामले सामने आने के बाद पॉवर कार्पोरेशन पोर्टल बनाने जा रहा है जिसपर कार्रवाई के दौरान जुटाए गए सारे साक्ष्य अपलोड किए जाएंगे।

लेसा ट्रांसगोमती के मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि बिजली चोरी की रोकथाम के लिए बनाई गई विजलेंस टीम की कई शिकायतें सामने आई। शिकायतकर्ताओं ने विजलेंस की कार्रवाई को न्यायालय में चुनौती दी तो आरोप के समर्थन में पेश किए गए साक्ष्य गलत पाए गए। उन्होंने बताया कि अभी तक आरोपी को कार्रवाी वीडियो नहीं दिया जाता था।

### पोर्टल पर जाकर देखें अपने खिलाफ साक्ष्य

मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि एक पोर्टल बनाया जा रहा है जिसपर कार्रवाई के दौरान कराई गई वीडियोग्राफी और बाकी साक्ष्य अपलोड किए जाएंगे। पोर्टल की निगरानी के लिए एक टीम अलग से बनाई जा रही है। चोरी के आरोप में पकड़े व्यक्ति पोर्टल पर देख सकेंगे की उनके खिलाफ क्या साक्ष्य दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी चाहेगा तो उसे विभागीय स्तर से ही साक्ष्यों की प्रतिलिपि और वीडियो उपलब्ध करा दी जाएगी।

> विभाग की ओर से उपभोक्ताओं के हित में लिया गया फैसला है। सभी उपभोक्ता बिजली चोरी से जुड़े किसी भी शिकायत का जवाब पाने के साथ वीडियो भी देख सकते है। इससे काम मे पारदर्शिता के साथ विश्वास भी बढ़ेगा।
>
> -सुनील कपूर, मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

## 1090 चौराहे से बालू अड्डा की तरफ 23 दिनों तक बदला रहेगा रास्ता

**अमृत विचार, लखनऊः** बालू अड्डा से 1090 चौराहे के बीच पुलिया और सड़क की मरम्मत के चलते अब 19 जून से 11 जुलाई तक 23 दिनों तक रास्ता बदला रहेगा। पहले इस रास्ते पर ट्रैफिक डायवर्जन 16 जून से अगले आदेश तक लागू करने की तैयारी थी। अब डायवर्जन को बदलते हुए 19 जून से 11 जुलाई तक कर दिया गया। डायवर्जन के दौरान ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहने की संभावना है। ऐसे में वाहन सवार वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

बाइक सवार चिरैयाझील तिराहा, बैकुंठ धाम, डालीबाग के पीएनटी बालू अड्डा चौराहा की तरफ से 1090 चौराहे की तरफ जाने वाले वाहन उल्टी दिशा से होकर 1090 चौराहा पहुंच सकेंगे। गोल्फ क्लब चौराहा, समतामूलक चौराहा, सामाजिक प्रतीक स्थल से आने वाले वाहन 1090 चौराहे से समतामूलक चौराहे से गोमती बैराज होते हुए जा सकेंगे।

# दोहरीकरण कार्य के चलते आधा दर्जन ट्रेनें निरस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** पश्चिम मध्य रेलवे के मालखेड़ी एवं महादेवखेड़ी स्टेशनों के मध्य प्री-नान इंटरलॉकिंग एवं नान इंटरलॉकिंग कार्य होने के चलते गोरखपुर-बांद्रा एक्सप्रेस समेत आधा दर्जन ट्रेनों को निरस्त किया गया है, वहीं कई ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाया जाएगा।

अहमदाबाद से 23, 30 जून एवं 07 जुलाई को चलने वाली ट्रेन नंबर 19421 अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस, पटना से 18, 25 जून, 02 एवं 09 जुलाई को चलने वाली 19422 पटना-अहमदाबाद एक्सप्रेस, अहमदाबाद से 05, 06, 07 एवं 09 जुलाई को चलने वाली ट्रेन नंबर 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर से 06, 07, 08 एवं 10 जुलाई को चलने वाली ट्रेन नंबर 19490 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस, बांद्रा टर्मिनस से 01 एवं 08 जुलाई को चलने वाली ट्रेन नंबर 19091 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस तथा गोरखपुर से 02 एवं 09 जुलाई को चलने वाली 19092 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी ।

### इन ट्रेनों का रास्ता बदलेगा

22 जून से 5 जुलाई को चलने वाली गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस (19490) कटनी - जबलपुर - इटारसी - भोपाल - संत हिरदाराम नगर के रास्ते चलेगी। 29, 30 जून, 02, 03 एवं 04 जुलाई को चलने वाली अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस (19489)और 28 जून को चलने वाली अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस (15560)संत हिरदाराम नगर-भोपाल-इटारसी-जबलपुर-कटनी के रास्ते चलेगी। 16 जून से 7 जुलाई तक चलने वाली साबरमती एक्सप्रेस( 19165), 17 जून से 9 जुलाई तक चलने वाली साबरमती एक्सप्रेस (19167)और 21, 28 जून एवं 05 जुलाई को चलने वाली अहमदाबाद-दरभंगा स्पेशल (09465)मक्सी-संत हिरदाराम नगर-निशातपुरा-बीना के रास्ते चलेगी। 17 जूनसे 8 जुलाई तक चलने वाली साबरमती एक्सप्रेस (19166) बीना-निशातपुरा-संत हिरदाराम नगर-मक्सी के रास्ते, 18 जून से 9 जुलाई को चलने वाली साबरमती एक्सप्रेस (19168)और 17, 24 जून, 01 एवं 08 जुलाई को चलने वाली ट्रेन (09466)दरभंगा-अहमदाबाद स्पेशल बीना-निशातपुरा-संत हिरदाराम नगर-मक्सी के रास्ते चलाई जाएगी ।

**सेहत की बात** | गर्मी जनित बीमारियों से बचाव को लेकर बताए गए महत्वपूर्ण योगासन और प्राणायाम

# योग से कम किया जा सकतां है गर्मी से होने वाली बीमारियों का जोखिम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गर्मी में डायरिया, डिहाइड्रेशन, थकान, हीट स्ट्रोक और मानसिक परेशानी बढ़ने का जोखिम बढ़ जाता है। योग से इन परेशानियों से बचा जा सकता है।


बलरामपुर अस्पताल के योग विशेषज्ञ डॉ. नंदलाल जिज्ञासू और पतंजलि योग पीठ के योगाचार्य राजेश पांडेय के अनुसार पांच महत्वपूर्ण आसन और प्राणायाम से ऐसी परेशानियों से बचाव संभव है। प्राणायाम करने की सबसे अच्छी मुद्रा पद्मासन होती है। पद्मासन में न बैठ पाएं तो सुखासन की मुद्रा में पालथी मारकर बैठें।


योगाचार्य राजेश पांडेय


योग विशेषज्ञ डॉ. नंदलाल

### शीतली प्राणायाम

दांतों को हल्के से जोड़ लें। दांतों के पीछे जीभ लगाकर गहरी लंबी सांस लें। सांस मुंह से लें और नाक से छोड़ें। यह दिन में किसी भी समय किया जा सकता है। इसे सामान्यत: 11 बार करें। यह शरीर के तापमान को कम करने के साथ मस्तिष्क को ठंडा रखने के लिए भी अच्छा है।



### शीतकारी प्राणायाम

मुंह खुला रखें और जीभ बाहर। होंठों को घुमाकर ''ओ'' का आकार बनाएं। मुंह से सांस लें और नाक से छोड़ें। मुंह से सांस लेने पर जीभ के द्वारा ठंडी हवा अंदर जाती है। शीतली और शीतकारी प्राणायाम गर्मी के मौसम में किए जाते हैं। शीत ऋतु में करने से सर्दी-जुकाम हो सकता है।



### भ्रामरी प्राणायाम

अपनी तर्जनी उंगलियों को दोनों कानों पर रख लें। मुंह को बंद रखते हुए नाक से ही सांस लें और बाहर छोड़ें। सांस छोड़ने के दौरान म या ऊँ का उच्चारण करें। इस प्रक्रिया को 5-7 बार दोहराएं। इससे रक्तचाप कम होता है। नींद अच्छी आती है और तनाव कम होने लगता है।



### पाचन तंत्र दुरुस्त रखने के लिए करें पवनमुक्तासन

पैर मोड़कर सीने के पास लाएं। सिर को उठाकर घुटने पर नाक या ठुड्डी लगाने की कोशिश करें। जब पैर नासिका के पास लाएं तो पूरी सांस बाहर निकाल दें। यही क्रिया दूसरे पैर से भी दोहराएं। अब दोनों घुटनों को सीने तक लाएं। पैरों को पकड़कर पीठ के बल झूला झूलें। जिन्हें कमर दर्द, स्लिप डिस्क या सायटिका की समस्या हो तो वे इसे दाएं-बाएं करें।



### ध्यान रहे

- आसन और प्राणायाम सुबह खाली पेट ही करें।
- योग करने के बाद 40 से 45 मिनट चाय या पानी न पीयें।
- कंबल को चार बार मोड़ कर या योगा मैट पर ही आसन करें।
- एकदम खुली हवा में न बैठें। ऐसी जगह का चुनाव करें जहां हवा रुक-रुक कर आती हो।

## गोरखपुर-एलटीटी समर स्पेशल आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने गोरखपुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनस ग्रीष्मकालीन स्पेशल (05325/05326) का संचालन 17 से 30 जून तक चलाएगा। वहीं दूसरी ओर रेलवे ने शहीद कैप्टन तुषार महाजन-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन को भी 18 व 19 जून को चलाने का निर्णय लिया है। स्पेशल ट्रेन (05325) 17 से 28 जून तक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को गोरखपुर से रात्रि 9 :15 बजे चलकर खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर, गोंडा, बाराबंकी होते हुए दूसरे दिन तड़के 2 :55 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यहां से यह ट्रेन कानपुर सेंट्रल, भोपाल, इटारसी, खण्डवा, भुसावल होते हुए तीसरे दिन सुबह 7 :25 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन (05326 ) 19 से 30 जून तक बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को सुबह 10 :25 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रवाना होकर दूसरे दिन लखनऊ पूर्वान्ह 11 :45 बजे और गोरखपुर शाम 6 बजे पहुंचेगी। दूसरी ग्रीष्मकालीन स्पेशल (04662)18 जून को शहीद कैप्टन तुषार महाजन से तड़के 3 :15 बजे प्रस्थान कर जम्मूतवी, पठानकोट कैंट, लुधियाना, अंबाला कैंट, सहारनपुर, रूड़की, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं. दूसरे दिन गोंडा होते हुए गोरखपुर तड़के 4 :30 बजे पहुंचेगी। 19 जून को यह ट्रेन (04664) तड़के 3 :15 बजे प्रस्थान कर इसी रूट से गोरखपुर सुबह 5 :20 बजे पहुंचेगी।

# तोड़े 279 अवैध निर्माण, 90 फीसदी अकबर नगर साफ

## चौथे दिन तक 754 मकान ढहाए, हालात सामान्य होने पर कम की गई फोर्स, एक तरफ से खोली गई सड़क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अकबर नगर-प्रथम में चौथे दिन बुलडोजर चलाकर 279 अवैध निर्माण तोड़े। इस अभियान में कुकरैल नदी के पुनरुद्धार के लिए 90 फीसदी तक क्षेत्र साफ कर दिया। दूसरी तरफ पुजारियों को बुलाकर विधि-विधान से मंदिरों से मूर्तियां निकालकर जनेश्वर मिश्र पार्क स्थित मंदिर में स्थापित की गईं। हालात सामान्य होने पर क्षेत्र में फोर्स कम कर दिया।

रविवार को एलडीए ने अकबर नगर प्रथम में प्लान के मुताबिक नदी और मोहल्ले के पीछे की तरफ बने मकानों पर बुलडोजर चलाया। सुबह व शाम शिफ्ट में 27 जेसीबी व पोकलेन से 279 मकान गिराये। इसके अलावा अयोध्या रोड पर मकान, दुकान, शोरूम तोड़े गए। क्षेत्र में गुरुवार शाम की शिफ्ट में बंधे की तरफ से कार्रवाई शुरू हुई थी। कुल 30 क्लस्टर में 800 मकान तोड़ने के लिए चिह्नित किए गए थे। इसमें चौथे दिन तक कुल 754 अवैध निर्माण जमींदोज कर दिए। सोमवार को धार्मिक स्थलों को छोड़कर शेष निर्माण तोड़े जाएंगे।

वहीं, मोहल्ले के अंदर व मुख्य रोड पर स्थित मंदिरों से पुजारियों को बुलाकर विधि-विधान से मूर्तियां निकाली गईं। जिन्हें पुजारियों की सहमति पर जनेश्वर मिश्र पार्क गेट नंबर पांच के पास मंदिर में स्थापित किया गया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा व थाना महानगर प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र फोर्स के साथ मौजूद रहे।

क्षेत्र में हालात सामान्य होने पर पुलिस व पीएसी बल कम कर दिया गया है। साथ ही मुख्य रोड से एक तरफ बैरीकेडिंग हटाकर यातायात खोला गया।



अकबर नगर प्रथम में मंदिर के पास मकान ढहाती पोकलेन। अमृत विचार



अकबर नगर द्वितीय में इसी मस्जिद और मदरसे को छोड़कर सभी भवन ढहा दिए गए। अमृत विचार

### रात को मलबा में बीन रहे अपना सामान

अकबर नगर-द्वितीय के बाद लगभग प्रथम साफ हो चुका है। अब यहां चारों तरफ मलबा पड़ा है। जहां रात को काफी संख्या में लोग आकर मलबा में सामान बीनते हैं। सरिया, लोहे के एंगल व अन्य सामान निकाल ले जाते हैं। इन पर रोक नहीं है। सुरक्षा की दृष्टि से मलबा से खतरा है। कार्रवाई के दौरान मलबा पड़ा होने की वजह से बेसमेंट में पोकलेन गिर चुकी है।

### तोड़ने से ज्यादा मलबा हटाने में लगेगा समय

एलडीए ने ध्वस्तीकरण अभियान 10 जून से अकबर नगर द्वितीय से शुरू किया था। इस क्षेत्र में मकान, दुकान, शोरूम, गोदाम समेत कुल 395 अवैध निर्माण ध्वस्त किए थे। गुरुवार को द्वितीय में कार्रवाई खत्म होने पर प्रथम में शुरुआत की गई थी। दोनों क्षेत्रों में कुल 1149 अवैध निर्माण तोड़े गए हैं। सोमवार को शेष निर्माण टूटने के बाद मलबा उठाने का काम चलेगा। इसमें करीब 15 दिन लगेंगे।

▸▸ मंदिरों से मूर्तियां निकालकर जनेश्वर मिश्र पार्क स्थित मंदिर में की स्थापित



मलबे से लकड़ी लेकर जाता युवक। अमृत विचार

### भूख-प्यास से बेहाल पशु विभाग अनजान

अकबर नगर प्रथम और द्वितीय में ध्वस्तीकरण के दौरान पशुओं की न नगर निगम ने सुध ली न ही पशुपालन विभाग ने। जबकि पशुपालन विभाग से चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई थी। अकबर-नगर प्रथम में कार्रवाई के दौरान पशु भूख-प्यास से बेहाल रहे और इधर-इधर भागते रहे। ऐसे में बेघर हुए लोगों ने भी अपने पालतु पशुओं को छोड़ दिया। कई मलबे में छिप गए। रविवार को एलडीए कर्मियों ने पशुओं को दूध और ब्रेड खिलाया।

### कब कितने तोड़े भवन

| | |
|---|---|
| **अकबर नगर-द्वितीय** | |
| 10 जून | 45 |
| 11 जून | 105 |
| 12 जून | 162 |
| **अकबर नगर-प्रथम** | |
| 13 जून | 83 |
| 14 जून | 165 |
| 15 जून | 256 |
| 16 जून | 279 |
| **ध्वस्तीकरण में लगे उपकरण** | |
| पोकलेन मशीन | 15 |
| जेसीबी | 12 |
| अन्य वाहन | 45 |



आवास आवंटन पत्र लेने के लिए जुटी भीड़। अमृत विचार



भवनों को तोड़ते मजदूर। अमृत विचार



ध्वस्तीकरण की निगरानी करते एलडीए के अधिकारी। अमृत विचार

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में खलासी की मौत

**लखनऊ, अमृत विचार :** चिनहट क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक के खलासी मोहम्मद अली (32) की मौत हो गई। उसका शव ट्रक के नीचे सड़क पर पड़ा मिला। इस मामले में चालक से पूछताछ की जा रही है। इंस्पेक्टर अश्विनी चतुर्वेदी ने बताया कि कर्नाटक के बेलहगल बेलगांव निवासी गंगप्पा ट्रक चालक है। वह ट्रक लेकर चिनहट के जैनाबाद स्थित टाटा टेल्को में सामान लेकर पहुंचे थे। गाड़ी खड़ी करने के बाद केबिन में सो गया। बेलहगल बेलगांव निवासी मोहम्मद अली ट्रक का खलासी है। वह भी केबिन में सो गया। गंगप्पा ने बताया कि सुबह जब नींद खुली तो अली ट्रक के नीचे पड़ा मिला। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण पता चल सकेगा।

### मोबाइल फोन लूट में दो गिरफ्तार, बाइक बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई पुलिस ने रविवार को दो मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार किया है। दोनों की पहचान कृष्णानगर निवासी मोहित ओझा, शिवा कश्यप के रूप में हुई। पूर्व में दोनों आरोपित चोरी में आशियाना थाने से जेल जा चुके हैं। इंस्पेक्टर ब्रजेश तिवारी के मुताबिक दोनों सुबह टहलने निकलने वाले लोगों से लूट की वारदात करते थे। आरोपियों के पास से बाइक व मोबाइल बरामद किया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि वृन्दावन योजना निवासी एसके पटेल ने मुकदमा दर्ज कराया था कि 10 जून को सुबह वह टहलने निकले थे। इस बीच पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाश मोबाइल लूटकर भाग निकले।

### मुख्य अभियंता ने निर्बाध बिजली आपूर्ति के दिए निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने रविवार को बीकेटी और कठवारा उपकेंद्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ट्रांसफार्मरो की कूलिंग और उनके लोड पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। बकरीद और बड़े मंगल पर बिजली आपूर्ति सुचारु रहे, इसके लिए पेट्रोलिंग तेज करने के आदेश दिए। उन्होंने क्षेत्र में राजस्व वसूली की स्थिति की समीक्षा भी की। साथ ही मातहतों को लक्ष्य के अनुरूप वसूली अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में आपूर्ति सुचारु रखने के लिए कर्मचारियों को सजग रहने के लिए कहा गया है।

### आईपीएचएल में नहीं हो रही पूरी जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकबंधु अस्पताल में स्थापित जिले की पहली इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेट्री (आईपीएचएल) में हिस्ट्रोपैथोलॉजी व माइक्रोबायोलॉजी से जुड़ी बॉयोप्सी, ब्लड कल्चर, यूरिन कल्चर, फंगल इंफेक्शन की जांचे नहीं हो पा रहीं हैं। ऐसे में मरीजों को निजी केंद्र या दूसरे बड़े सरकारी संस्थान जाना पड़ रहा है।

आरोप है मेडिकल कॉरपोरेशन से अभी तक लैब के लिए मशीन व रीजेंट की उपलब्धता नहीं हो सकी है। ऐसे में जांच का काम ठप पड़ा है। फसरों का कहना है कि मशीन की मांग हुई है। उम्मीद है कि एक से डेढ़ माह के भीतर आईपीएचएल लैब की मशीन व सामान मिल जाएगा। अस्पताल निदेशक डॉ. कौशल के मुताबिक, सामान मिलते ही जांच की सुविधा शुरू होगी।

### छह वृहद गोशाला तैयार, संरक्षित होंगे 2400 गोवंश

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में पशुपालन विभाग के 7.20 करोड़ रुपये की लागत के छह गोसंरक्षण केंद्र तैयार किए हैं। इनमें 2400 निराश्रित गोवंशों को आश्रय मिलेगा। गोशालाओं का संचालन स्वयं सेवी संस्थाएं करेंगी।

पशुपालन विभाग ने मलिहाबाद ब्लॉक के सहिजना, बीकेटी के कठवारा, बाजपुर गंगौरा, नगवामऊ कला, काकोरी के मनमौना व तेज कृष्ण खेड़ा में एक-एक वृहद गोसंरक्षण केंद्र बनाए हैं। एक गोसंरक्षण केंद्र की लागत 1.20 करोड़ रुपये है। इसकी क्षमता 400 गोवंशों की है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि जिन अस्थाई गोशालाओं में गोवंश क्षमता से अधिक हैं वह यहां शिफ्ट किए जाएंगे। परिसर में गोबर से खाद जबकि गोमूत्र से औषधि व अन्य उत्पाद तैयार किए जाएंगे। बायो गैस प्लांट से लाइट व रसोई गैस की सुविधा दी जाएगी।

# विधायक ने सुनी व्यापारियों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक ओपी श्रीवास्तव रविवार सुबह मैथलीशरण वार्ड में एचएल के सामने स्थित आजाद मार्केट पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों की समस्याएं सुनी। विधायक ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी समस्याओं को दूर किया जाएगा। मुख्य द्वार एवं पार्क का सुन्दरीकरण, बाजार के अंदर इंटरलॉकिंग लगाकर व्यवस्थाओं को सुधारा जाएगा। इस दौरान उनके साथ मैथलीशरण वार्ड के पार्षद अशोक उपाध्याय और भाजपा नेता संदीप पाठक, शशांक शेखर गोल्डी, देवेश उपाध्याय, शांतनु दत्ता भी मौजूद रहे।



व्यापारियों की समस्याओं को सुनते विधायक ओपी श्रीवास्तव। अमृत विचार

# सेवानिवृत्त कर्मियों की पुनर्नियुक्ति का विरोध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कर्मचारी संगठनों ने नई भर्ती करने की मांग करते हुए राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को भेजा पत्र

**अमृत विचार :** पीजीआई में सेवानिवृत्त कर्मियों को पुनर्नियुक्ति दिए जाने का कर्मचारी संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया है। संगठनों ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, सीएम योगी आदित्यनाथ व मुख्य सचिव और पीजीआई के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद मिश्र को पत्र लिखकर पुनर्नियुक्ति पर रोक लगाने का आग्रह किया है। रोक नहीं लगाने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। साथ ही नई भर्ती प्रकिया से खाली पद भरे जाने की मांग की है।

पीजीआई में बीते एक साल के भीतर सेवानिवृत्त हुए करीब चार कर्मचारियों को पुनर्नियुक्ति दी है। दो अन्य कर्मचारियों को सेवानिृत्त होने पहले ही पुनर्नियुक्ति की कार्रवाई शुरू हो गई। मेडिटेक एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके सिंह, महामंत्री सरोज वर्मा और पीजीआई कर्मचारी महासंघ के पूर्व महामंत्री धर्मेश कुमार का कहना है कि दोबारा नियुक्ति देने से दूसरे कर्मचारियों पर इसका प्रभाव पड़ेगा। नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की अध्यक्ष लता सचान और महामंत्री विवेक कुमार सागर ने बताया कि संस्थान में पुनर्नियुक्ति का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।

### दुष्कर्म का आरोपी ट्रक चालक पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी ट्रक चालक सैरपुर कमलाबाद निवासी प्रमोद कुमार को सैरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

उसने युवती को पहले नौकरी लगवाने का झांसा दिया। नौकरी को लेकर अक्सर उससे बात होने लगी। इस बीच आरोपित ने उन्हें प्रेम जाल में फंसाकर शादी करने का भरोसा दिला दुष्कर्म किया। अब शादी के नाम पर वह आनाकानी कर रहा है। दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकी देता है। इंस्पेक्टर सैरपुर के मुताबिक आरोपित प्रमोद को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# संक्रमण से बचाव के लिए उचित देखभाल जरूरी

## कैंसर संस्थान के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अस्पताल में भर्ती मरीज की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। उसे संक्रमण का जोखिम बढ़ जाता है। लिहाजा मरीज को उचित देखभाल की जरूरत होती है।

यह जानकारी चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने दी। वह रविवार को कैंसर संस्थान में स्टरलाइजेशन मॉनिटरिंग और उपकरणों के सत्यापन पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रमुख और आयोजन की अध्यक्ष डॉ. मनीषा गुप्ता ने कहा कि इलाज में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों का नियमित रूप से विसंक्रमित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. अमित गर्ग, डॉ. गौरव सिंह, लोहिया संस्थान के डॉ. मनोदीप सेन, डॉ. नेहा जैन, डॉ के प्रगति, एमएस सुरेश कुमार, डॉ. विपुल श्रीवास्तव और डॉ. मनीषा गुप्ता मौजूद रहे।



कार्यशाला में शामिल विशेषज्ञ व मेडिकल स्टाफ। अमृत विचार

त्रिवेणी काशी महाविद्यालय
सेमरी-रायबरेली (कानपुर-रायबरेली रोड)
सम्बद्ध :- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ0प्र0)
E-mail:tkmv2016@gmail-com
त्रिवेणी काशी महाविद्यालय सेमरी, रायबरेली
सम्पर्क सूत्र- 8887769426, 9044794511
स्व वित्तपोषित योजना के अन्तर्गत: निम्न पदों पर UGC द्वारा पी.एच.डी. /नेट अर्हताधारी प्राचार्य / प्रवक्ता हेतु एक-एक पद की आवश्यकता है।
प्राचार्य पद हेतु :- 01 पद अनुभव 15 वर्ष।
कला संकाय प्रवक्ता पद हेतु: हिन्दी साहित्य विषय हेतु 01 पद।
नोट :- इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें।
कमल बहादुर सिंह
प्रबन्धक
त्रिवेणी काशी महाविद्यालय
सेमरी-रायबरेली

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# बरिश में मुसीबत बन सकती हैं 205 सड़कें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मुख्य अभियंता ने निर्माण और मरम्मत कार्यों की समीक्षा की

▸▸ मानसून से पहले मरम्मत की कार्ययोजना डीएम को भेजी गई

**अमृत विचार:** मानसून से पहले मरम्मत नहीं हुई लखनऊ की 205 सड़कें बरसात में मुसीबत बन सकती हैं। लोक निर्माण विभाग के सर्वे में यह सड़कें खस्ताहाल पाई गई हैं। इसमें कानपुर, अयोध्या, हरदोई, सीतापुर और बाराबंकी को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग भी शामिल हैं। पैचवर्क से इन सड़कों के गड्ढों को भरने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके अलावा 2013 किलोमीटर सड़क ऐसी है जिनका पूरी तरह से नवीनीकरण कराए बिना आवागन सुचारु नहीं हो सकता।

पीडब्ल्यूडी (प्रांतीय खंड) के अधिशासी अभियंता मनीष वर्मा ने बताया कि 198 किलोमीटर लंबाई में 99 मार्ग ऐसे चिह्नित किए गए जिनका पैचवर्क कराया जाना है। इसमें अयोध्या हाईवे, आगरा एक्सप्रेस-वे, कुर्सी-महमूदाबाद मार्ग, कानपुर रोड, वीआईपी रोड, बिजनौर रोड, गुरु गोविंद सिंह मार्ग, समतामूलक से खुर्रमनगर 6 लेन मार्ग और इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान मार्ग शामिल है। उन्होंने बताया कि इसमें 49.970 किलोमीटर का पैच वर्क पूरा हो चुका है। बाकी 149 किलोमीटर के लिए कार्य योजना तैयार कर ली गई है। 213.76 किलोमीटर लंबाई के 106 मार्गों पर नवीनीकरण होना है। अभी तक 107.820 किलोमीटर लंबाई में काम पूरा हो चुका है। बाकी 105.940 किलोमीटर लंबाई में नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा।

### सड़कों को गड्ढामुक्त करने का लक्ष्य

प्रदेश भर की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए रविवार को अवकाश के बावजूद लोक निर्माण विभाग में प्रमुख अभियंता वीके श्रीवास्तव ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी जिलों के अधिशासी अभियंताओं को मानसून से पहले मुख्य मार्गों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए।

### एक महीने में ही उखड़ने लगी सड़क

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजेन्द्र नगर में अभी एक माह पहले बनी सड़क उखड़ने लगी है। रात में स्ट्रीट लाइट न होने से आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे है। राजेन्द्र नगर में नवयुग रेडियंस स्कूल से लेकर पानी की टंकी तक तीन जगह सड़क उखड़ी पड़ी है। यह हाल तब है जब सड़क बने मात्र एक महीने ही हुआ है। अभी फिलहाल विद्यालय बंद चल रहे है लेकिन जुलाई में जब यह विद्यालय खुल जाएंगे तो लोगों की परेशानी बढ़ जाएगी। बरसात आने पर स्थिति और खराब हो जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं सत्येंद्र कुमार पुत्र श्री भरत यादव निवासी मकान नंबर 570/870 सी गोपालपुरी आलमबाग लखनऊ मेरे पुत्र का नाम आधार पर अंकित कुमार दर्ज है जबकि वास्तविक नाम अनिकेत यादव है अंकित कुमार को भविष्य में अनिकेत यादव के नाम से जाना वहां पहचान जाए

सूचना
सूचित हो कि मैं अपने पुत्र रिंकू कुमार के गलत संगत के चलते उसका चालो चालान खराब हो गया है जिससे मैं अपनी चल अचल संपत्ति से उसे बेदखल करता हूं भविष्य में रिंकू कुमार द्वारा किए गए कार्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा जिसका मेरा और मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। – राकेश कुमार पुत्र स्व लक्ष्मण निवासी ग्राम व पोस्ट पींड थाना व परगना देवा बाराबंकी

सूचना
सूचित हो कि मेरे पुत्र मयंक कुमार सिंह का चाल-चलन ठीक नहीं हैं। वह मेरे परिवार से अलग निवास करता है। वह अपने कार्यो का स्वयं जिम्मेदार है। मैंने उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। –पुष्पेन्द्र सिहं ग्राम- लालपुर शिवराजपुर थाना – शिवली, कानपुर देहात

सूचना
मैं नीतू निगम, पत्नी राजीव मोहन सक्सेना, निवासिनी – 148/62-ए, दुगांवा, राजेन्द्र नगर, थाना नाका, जिला लखनऊ, मेरा अमीनाबाद पोस्ट आफिस, अमीनाबाद पार्क शाखा लखनऊ में नीतू के नाम से बचत खाता सं0- 10032365832 है। समस्त शैक्षिक प्रपत्रों में मेरा नाम नीतू निगम दर्ज है। मेरे उपरोक्त खाता संख्या पर मेरा नाम नीतू के स्थान पर नीतू निगम दर्ज किया जाय। यहकि नीतू एवम् नीतू निगम एक ही व्यक्ति के नाम है तथा नीतू को नीतू निगम से ही जाना व पहचाना जाता है।

कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बाराबंकी
पत्रांक- 354 / अल्पकालीन निविदा / 2024-25, दिनाँक- 14 जून, 2024
अल्पकालीन निविदा
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 में संचालित विभिन्न योजनाओं, अधीनस्थ औद्यानिक प्रक्षेत्रों, पौधशालाओं एवं उद्यानों पर प्रयुक्त होने वाली आवश्यक सामाग्रियों के क्रय/आपूर्ति एवं समसामयिक औद्यानिक कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा नोटिस संख्या-329 /निविदा/2024-25 /दिनांक - 06.06.2024 के क्रम में दिनांक-24.06.2024 को 02: 00 बजे तक मोहरबन्द निविदाएं (तकनीकी एवं वित्तीय ) अधोहतस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सायं 03: 00 बजे गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा को पृथक-पृथक लिफाफे में बन्द करना होगा। प्रथमत: तकनीकी निविदा खोली जायेगी, जिसके उपयुक्त पाये जाने पर ही उसकी वित्तीय निविदा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 19.06.2024 से 24.06.2024 को दोपहर 12: 00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निर्धारित नगद मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। विस्तृत जानकारी विकास भवन स्थित कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बाराबंकी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
(महेश कुमार श्रीवास्तव)
जिला उद्यान अधिकारी,
बाराबंकी।

नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना

आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
• देवा रोड – 900 मीटर
• कुर्सी रोड – 3कि०मी०
• बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि०मी०
• मटियारी चौराहा – 14 कि०मी०
• मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि०मी०
• बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि०मी०
BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.
Facilities:
• Security Tower • Park • Solar Light • Road
• A-Block Gate are placed at 30ft. wide road
• B-Block Gate are placed at 45ft. wide road
All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)
NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502

## एक नजर

### ट्रेनों में शाम को दिखी परीक्षार्थियों की भीड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में रविवार को आयोजित हुई संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के बाद वापसी के लिए शाम को चारबाग रेलवे स्टेशन पर खासी भीड़ नजर आई। साथ ही बकरीद के त्योहार पर घर पहुंचने वालों की भीड़ भी यहां देखने को मिली। परीक्षा और त्योहार के चलते तमाम ट्रेनों में सीट के लिए मारा मारी नजर आई। इसके चलते हावड़ा अमृतसेर, पंजाब मेल, नीलांचल, दोपहर, दून एक्सप्रेस, त्रिवेणी, गंगा गोमती, पुष्पक, आम्रपाली, बिहार संपर्क क्रांति सहित तमाम ट्रेनों में यात्री सीट के लिए मारा-मारी करते दिखे। भीड़ उमड़ती देख चारबाग और लखनऊ जं.पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई। यात्रियों ने इसकी शिकायत भी स्टेशन पर मौजूद जीआरपी के जवानों से की।

### लविवि के 23 छात्रों को मिला रोजगार

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के बीटेक मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के 23 छात्रों का प्लेसमेंट मदरसन कंपनी में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय और अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने सभी चयनित छात्रों बधाई दी।

# इतिहास व अर्थशास्त्र के प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को किया परेशान

**यूपीएससी प्रवेश परीक्षा**

## पहली पाली में 16,326 व दूसरी पाली में 16,508 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

▶▶ इतिहास, अर्थशास्त्र व गणित के प्रश्न रहे कठिन, रीजिनिंग में सरल सवालों ने दी राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


**अमृत विचार, लखनऊ :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन रविवार को राजधानी के 86 केंद्रों पर किया गया। दो पालियों में आयोजित इस परीक्षा के दौरान शामिल हुए परीक्षार्थियों की अपनी-अपनी राय रही। किसी ने इतिहास के सवालों को घुमावदार बताया तो किसी ने अर्थशास्त्र को कठिन बताया। पहली पाली में परीक्षा प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक व दूसरी पॉली में दोपहर 2:30 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित की गई।

परीक्षा की मुख्य रूप से निगरानी करने वाले जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि राजधानी के 86 केंद्रों पर कुल 40 हजार 30 परीक्षार्थी शामिल होने थे। लेकिन पहली पाली में कुल 16,326 परीक्षार्थी व द्वितीय पाली में 16,508 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी है।


केकेसी कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी और मंडलायुक्त। अमृत विचार

### नियमित पढ़ने वालों के लिए पेपर आसान


अलीगंज स्थित परीक्षा केंद्र में कानपुर से परीक्षा देने आए जलज कुमार ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान अर्थशास्त्र विषय के सवाल आए वह ज्यादा कठिन थे। इसमें कुछ सवाल करंट अफेयर्स से भी पूछे गए थे लेकिन प्रश्नपत्र सरल था। जिन अभ्यर्थियों ने नियमित रूप से पढ़ाई की होगी। उन्होंने प्रश्नपत्र आसानी से हल कर लिया होगा। वहीं दूसरी पॉली में गणित के सवाल काफी कठिन थे जिनको हल करने में समय लग गया। कुछ सवाल ऐसे थे जो पहले तो समझ नहीं आए लेकिन बाद में हल कर लिया।

### कठिन नहीं था प्रश्न पत्र


दोनों पालियों की परीक्षा देकर निकले नीरज कुमार ने बताया कि इस वर्ष का प्रश्न पत्र न ही ज्यादा सरल, न ही ज्यादा कठिन होकर मध्यम स्तर का रहा है। लेकिन कई सवाल कठिन थे, जिनके चक्कर में समय ज्यादा लगा। इकोनॉमिक्स सेक्शन में, अधिकांश प्रश्न स्टैटिक, मुख्य भाग से पूछे गए थे और कुछ प्रश्न करंट अफेयर्स से पूछे गए थे। भूगोल के प्रश्न भी पिछले साल की तुलना में आसान थे। प्रश्न काफी हद तक कॉन्सेप्ट पर आधारित पूछे गए थे। परीक्षा के दौरान गणित के सवालों ने ज्यादा परेशान किया।

### कई केंद्रों का मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने पाए इसके लिए जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार और मंडलायुक्त रोशन जैकब हर स्थिति का जायजा लेती रही। दोनों ही अधिकारी अपनी टीमों के साथ केंद्रों पर औचक निरीक्षण करते रहे। सबसे पहले जिलाधिकारी राजकीय जुबली गर्ल्स इंटर कॉलेज पहुंचे। यहां निगरानी व सुरक्षा व्यवस्था को परखा और परीक्षा पर्यवेक्षकों को चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने पाए। इसके बाद मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने नवयुग कन्या इंटर कॉलेज का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। केकेसी, बप्पा नारायण वोकेशनल गर्ल्स, एपी सेन व डिग्री कॉलेज का निरीक्षण भी किया गया। वहीं दूसरी पाली में अमीरुद्दौला इंटर कॉलेज, राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज इंदिरा नगर व विस्डम वे इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। सभी जगह स्थिति ठीक पाई गई।

इस बार नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए केंद्रों के बाहर जैमर की व्यवस्था की गई थी ताकि केंद्र के आस-पास कोई मोबाइल फोन का प्रयोग न हो सके। नकलविहीन परीक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। परीक्षा शांतिपूर्ण रही है, किसी भी केंद्र से गड़बड़ी की सूचना नहीं आई।

–सूर्यपाल गंगवार, जिलाधिकारी, लखनऊ

### परीक्षा केंद्रों के बाहर लगाए गए जैमर

राजधानी में परीक्षा के दौरान काफी सख्त निगरानी रही। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी से निगरानी होती रही। इसके लिए जिलाधिकारी कार्यालय पर बने कंट्रोल रूम से अधिकारी हर पल की स्थिति का जायजा लेते रहे। इस बार परीक्षा केंद्रों के बाहर जैमर की व्यवस्था की गई थी। जिसके चलते मोबाइल फोन काम नहीं किए। इस दौरान परीक्षा दिलाने आए अभ्यर्थियों के अभिभावकों को परेशानी भी हुई।

# उपचारात्मक मॉड्यूल बढ़ाएगा शैक्षिक गुणवत्ता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परिणाम बेहतर करने के लिए राजकीय व एडेड इंटर कॉलेजों के शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण के माध्यम कमजोर बच्चों को कैसे अन्य बच्चों की तरह पढ़ाई की मुख्यधारा में लाया जाए इस ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से उपचारात्मक शिक्षण माड्यूल तैयार कराया गया है। इसी माड्यूल के आधार पर सभी जनपदों में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस संबंध में राज्य परियोजना कार्यालय माध्यमिक की ओर से सभी मंडल और जिलों के अधिकारियों को प्रशिक्षण कराने के आदेश जारी किर दिए गए हैं।

सरकार द्वारा प्रस्तावित उपचारात्मक शिक्षण की ये रणनीति राजकीय व एडेड विद्यालयों में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को पढ़ाई की मुख्य धारा में लाने का काम करेगी। लखनऊ मंडल में जेडी की निगरानी में इसकी तैयारी शुरू हो गई है।

–डॉ. दिनेश कुमार, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी

**नामित होंगे विषयवार एसआरजी व प्रवक्ता :** राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से सभी जेडी और डीआईओएस को निर्देश दिया है कि हाईस्कूल के मुख्य विषयों हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और इंटरमीडिएट के मुख्य विषयों हिन्दी, अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित से विषयवार दो-दो एसआरजी व प्रवक्ताओं को नामित कर सूची तत्काल उपलब्ध करवा दी जाए।

वहीं विषयवार एसआरजी उपलब्ध न होने की दशा में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक और एक-एक प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से नामित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### मास्टर ट्रेनरों की जिम्मेदारी

मंडलवार नामित प्रत्येक विषय के दो-दो मास्टर ट्रेनर को पांच-पांच दिन का विशेष प्रशिक्षण देकर उनके हर मंडल के सभी जनपदों के एडेड व राजकीय माध्यमिक कॉलेजों के शिक्षकों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। राजधानी में विषयवार एसआरजी व शिक्षकों को चिन्हित किया जा रहा है जो जल्द ही मंडलीय मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किए जाएंगे।


इस्कान मंदिर में प्रमाणपत्र के साथ बच्चों। अमृत विचार

# प्रमाणपत्र पाकर बच्चों के खिले चेहरे

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कान) में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर का रविवार को समापन हो गया।

समापन दिवस पर बच्चों को इस्कान मंदिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास से मिलने का मौका मिला। इस्कान के अध्यक्ष ने बच्चों से शिविर के बारे में बात की और उन्हें प्रमाण पत्र दिए। प्रमाणपत्र पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

इस्कान मंदिर में 5 से 15 साल के बच्चों को अचिन्त्य रूपिणी ने चित्रकारी, मुखौटे बनाना, पगड़ी बांधना और कई अन्य विधाओं में दक्ष बनाया। बच्चों को कृष्ण लीला पर चित्रकारी सिखाई गई। कार्यशाला के दौरान बच्चों ने नृत्य, हरिनाम संकीर्तन किया। समापन दिवस पर अपरिमेय श्यामदास ने बच्चों की विशेष कक्षा ली।

# 24 से अयोध्या में होगी अग्निवीरों की भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अग्निवीर भर्ती रैली 24 जून से अयोध्या के डोगरा रेजिमेंटल सेंटर ग्राउंड पर होगी। इसमें 13 जिलों के अभ्यर्थी भाग लेंगे। 2 जुलाई तक चलने वाली भर्ती की मॉनीटरिंग लखनऊ मुख्यालय करेगा।

सेना के मध्यकमान प्रवक्ता शांतनु प्रताप सिंह ने बताया कि इसमें अंबेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी, कुशीनगर, महाराजगंज, प्रयागराज, रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, संत कबीर नगर और सिद्धार्थ नगर के युवा हिस्सा लेंगे। रैली में सबसे पहले फिजिकल फिटनेस टेस्ट (पीएफटी) होगा। जिसमें 1.6 किमी दौड़, जिगजैग बैलेंस, 9 फीट डिच और बीम शामिल है। इसमें पास होने वाले अभ्यर्थी शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) में हिस्सा लेंगे। इसमें उम्मीदवारों की ऊंचाई, वजन और छाती का माप लिया जाएगा। पीएमटी उत्तीर्ण करने वाले सभी लोग दस्तावेज चेक कराएंगे। अर्ह पाए जाने वाले अभ्यर्थियों की अगले दिन मेडिकल जांच की जाएगी। अभ्यर्थी भर्ती से जुड़े दस्तावेजों की सूची क्यूआर कोड को स्कैन करके प्राप्त कर सकते हैं।

### 24 व 25 को इन पदों के लिए होगी भर्ती

24 जून को ट्रेड्समैन (10वीं और 8वीं पास) की भर्ती होगी। वहीं 25 जून को कार्यालय सहायक, एसकेटी तकनीकी श्रेणी की भर्ती की जाएगी।

### 26 जून से 2 जुलाई को इन पदों की भर्ती रैली

26 जून को अंबेडकर नगर, बस्ती और महराजगंज जिलों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी के लिए भर्ती रैली होगी। 27 जून को कुशीनगर, कौशांबी, संत कबीर नगर और सिद्धार्थ नगर , 28 जून को सुल्तानपुर और प्रयागराज और 29 जून को प्रतापगढ़ और अमेठी के युवाओं की अग्निवीर जनरल ड्यूटी की श्रेणी के लिए भर्ती होगी। 30 जून को अयोध्या और रायबरेली जिलों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी के लिए भर्ती रैली होगी। 1 और 2 जुलाई को मेडिकल परीक्षण के लिए आरक्षित दिन होगा।

दस्तावेजों की जानकारी के लिए क्यूआर कोड

# दमदार प्रदर्शन से आजमगढ़ के उत्कर्ष बने चैंपियन ऑफ चैंपियंस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ लखनऊ के योगेंद्र चौधरी, राजेश कुमार वर्मा और एस.वली हैदर को स्वर्ण

**अमृत विचार :** आजमगढ़ के उत्कर्ष सिंह ने 15वीं उत्तर प्रदेश राज्य पंजा कुश्ती चैंपियनशिप में चैंपियन ऑफ चैंपियंस की ट्रॉफी अपने नाम की। यूथ बालक 75 किग्रा में स्वर्ण पदक विजेता उत्कर्ष ने अपने मजबूत बाजुओं की बदौलत चैंपियन ऑफ चैंपियंस के मुकाबले में सभी वर्गों के स्वर्ण विजेताओं के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन दिखाया।

मास्टर वर्ग में योगेंद्र चौधरी व राजेश कुमार वर्मा ने मेजबान लखनऊ का परचम लहराते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की। जूनियर बालक 50 किग्रा में लखनऊ के एस.वली हैदर ने भी स्वर्ण पदक जीता।



उत्कर्ष सिंह को सम्मानित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती एसोसिएशन व उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन की संयुक्त देखरेख में आयोजित इस चैंपियनशिप में प्रदेश भर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रविवार को चैंपियनशिप के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। चौक स्थित जवाहर लाल नेहरु राष्ट्रीय युवा केंद्र में मुख्य अतिथि ने उत्कर्ष सिंह को विजेता ट्रॉफी के साथ 8,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्द्धन किया।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि देश के ग्रामीण अंचलों में पंजा कुश्ती काफी लोकप्रिय है। ऐसे आयोजन ग्रामीण खेलकूद को आगे बढ़ाने में काफी सहायक होंगे। उन्होंने ये भी बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार खेलो को बढ़ावा देते हुए उत्कृष्ट अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि वाले खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी रैंक तक सीधे नियुक्ति दे रही है। इसके अलावा सरकारी विभागों में खेल कोटे में भर्ती को सुचारू बनाया गया है।

समापन समारोह में मौजूद विशिष्ट अतिथि नम्रता पाठक (वरिष्ठ समाजसेवी), व्यवसायी नावेद जावेद और डॉ. सुधा वाजेपयी (समाजसेवी) ने भी पदक विजेताओं का उत्साहवर्द्धन किया। आयोजन सचिव एके सक्सेना (उप महासचिव, उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती एसोसिएशन व महासचिव उत्तर प्रदेश नान ओलंपिक एसोसिएशन) ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और आयोजन के बारे में उन्हें जानकारी प्रदान की। समापन समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश ने की।

### 24 प्रतिभागियों ने लाइसेंस कोर्स में लिया हिस्सा

**अमृत विचार, लखनऊ :** टेक्ट्रो लखनऊ फुटबॉल क्लब और लखनऊ फुटबॉल एसोसिएशन की संयुक्त देखरेख में आयोजित एआईएफएफ डी लाइसेंस कोर्स का समापन रविवार को हुआ। 12 से 16 जून तक आयोजित मॉडर्न स्कूल अलीगंज में इस लाइसेंस कोर्स में 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

समापन अवसर पर लखनऊ फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव कन्हैया लाल और पान सिंह ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम ने युवा फुटबॉल प्रशिक्षकों को अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने का अवसर प्रदान किया। कन्हैया लाल ने कहा कि यह कोर्स हमारे कोचों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सार-संक्षेप


गोमती नदी के तट पर सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते छात्र व शिक्षक। अमृत विचार

### गोमती तट पर किया सूर्यनमस्कार का अभ्यास

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन की ओर से 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के क्रम में गोमती नदी के तट पर सूर्यनमस्कार का अभ्यास किया गया। इस कार्यक्रम में कोर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है। यह अकेला अभ्यास ही हमारे सम्पूर्ण शरीर का व्यायाम करा देता है। इसके दैनिक अभ्यास से हमारा शरीर निरोगी, स्वस्थ और चेहरा ओजपूर्ण हो जाता है। इस अवसर पर डॉ. रामकिशोर,शोभित सिंह, रोमा हेमवानी,मोनिका सिंह,पीयूष तिवारी आदी ने सूर्यनमस्कार किया।

### समर कार्निवल के बैंड परफार्मेंस पर झूमे दर्शक

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर आयोजित समर कार्निवल का समापन रविवार को धूमधाम से किया गया। इस तीन दिवसीय समर कार्निवाल में लगभग 40 स्टॉल विक्रेताओं ने अपने स्टॉल लगाए गए। कार्निवाल में हस्तशिल्प, बेकरी, घर की सजावट का सामान, सिरेमिक पौधे आदि जैसी विभिन्न श्रेणियों में 'मेक इन इंडिया' स्वदेशी वस्तुओं का प्रदर्शन और बिक्री की गई। कार्निवाल के अंतिम दिन आज म्यूजिक बैंड परफॉर्मेंस भी हुई। संघर्ष नाम के एक म्यूजिक बैंड ग्रुप ने दिल को छू लेने वाले बॉलीवुड गाने गाए, जिससे हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर भारी भीड़ जमा हो गई। हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर बीइंग बुक फेयर लगा है, जोकि 15 जुलाई तक चलेगा। चारबाग मेट्रो स्टेशन पर बुकफ्लिक्स पुस्तक मेला 15 जुलाई तक चलेगा।

### सीएमएस में योग शिविर का आयोजन 18 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिटी मोन्टेसरी स्कूल शालीमार वन वर्ल्ड कैम्पस की ओर से 10 दिवसीय योग शिविर का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया जा रहा है। इस योग शिविर के अंतर्गत पतंजलि योग विशेषज्ञ 18 से 28 जनू तक प्रात : 5 .30 से 7 बजे तक योगाभ्यास कराएंगे। जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने बताया कि योग शिविर में आने वाले लोगों को सीएमएस की ओर से परिवहन की निशुल्क सुविधा दी जाएगी।

### उत्तर प्रदेश की शुभि का शानदार प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** गांधीनगर (गुजरात) में आयोजित वर्ल्ड जूनियर चेस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की शुभि गुप्ता ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दुनिया के 100 से अधिक बेहतरीन महिला खिलाड़ियों के बीच आठ अंकों के साथ चौथा स्थान हासिल किया। पूर्व में भी देश के लिए खेल चुकी 14 साल की शुभि प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ शतरंज खिलाड़ियों में शामिल हैं। शुभि चार बार उत्तर प्रदेश की चैंपियन भी रह चुकी हैं। यूपी शतरंज एसोसिएशन के महासचिव एके रायजादा ने बताया कि गाजियाबाद की रहने वाली शुभि के प्रदर्शन में खासा सुधार आया है।

# लखनऊ के नौ खिलाड़ियों को एक वर्ष तक निशुल्क प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) से संबद्ध जेएनटी स्पोर्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन 30 खिलाड़ियों का ट्रेनिंग का खर्च एक साल तक उठाएगा। इसमें केडी सिंह बाबू स्टेडियम के प्रशिक्षु आदर्श पटेल समेत लखनऊ के कुल नौ खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

आयुष चौधरी, हर्षवर्धन पंत, अदवित मिश्रा, विशेष सिंह चौहान, अर्जुन सिंह, फजील अहमद खान, मुदित कुमार, अभिमन्यु सिंह भी कैंप के लिए चुने गए है। चयनित खिलाड़ियों के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। यहां बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण के गुर सिखाए जाएंगे। इसके अलावा दूसरे प्रदेश के खिलाड़ियों के साथ प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभा निखारने का मौका भी दिया जाएगा।


आदर्श पटेल (पीली ड्रेस में)

### लखनऊ की फुटबॉल टीम घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** मऊ में 19 से 26 जून तक अंडर-19 राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली लखनऊ टीम की घोषणा कर दी गई है। इस टीम के मैनेजर विवेक शर्मा होंगे। लखनऊ मंडल की टीम मऊ के लिए सोमवार की शाम रवाना होगी। लखनऊ मंडल की टीम में मानस द्विवेदी, अमन श्रीवास्तव, आनंद यादव, कृष्ण सिंह, कौशल सिंह, नितिन, दैनिक्षा सिंह, विशेष गौतम , दिव्यांश श्रीवास्तव, विष्णु, अन्य शुक्ला, लकी यादव, वीरभान, लविश श्रीवास्तव, आर्यन, ड्रोवेन सिंह व आरक्षित खिलाड़ी में अभिषेक, अहमद फैसल, अथर्व कुशवाहा, कार्तिकेय सिंह को शामिल किया गया है।

# खेल छात्रावास लखनऊ के तीन बालक व छह बालिकाएं उत्तर प्रदेश टीम में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 40वीं सब जूनियर और 50वीं जूनियर नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप के तहत वॉटर पोलो और डाइविंग के मुकाबले इंदौर में आयोजित किए जाएंगे। 7 से 11 जुलाई तक यह चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी।

इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले उत्तर प्रदेश की वॉटरपोलो और डाइविंग टीम के खिलाड़ियों की घोषणा रविवार को की गई। इसके लिए राज्यस्तरीय वॉटरपोलो और गोताखोरी प्रतियोगिता के साथ ही चयन ट्रायल सरोजनीनगर स्थित साईसेंटर पर आयोजित किया गया।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते उत्तर प्रदेश तैराकी संघ के पूर्व सचिव रविन कपूर।

इसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश तैराकी संघ के पूर्व सचिव रविन कपूर ने किया। उत्तर प्रदेश की इस टीम में सबसे अधिक खिलाड़ी कुशीनगर के है। वहां के छह बालक और छह बालिकाओं ने टीम में जगह बनाने में कामयाबी हासिल की। इसके बाद खेल छात्रावास लखनऊ के तीन बालक और छह बालिकाओं ने टीम में जगह बनाई है।

## एक नजर

### युवती से छेड़छाड़ मामले में युवक पर मामला दर्ज

**अमृत विचार, पीजीआई :** पीजीआई थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवती ने युवक के खिलाफ छेड़छाड़ और चोरी से वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए मामला पंजीकृत कराया है। हालांकि इससे पूर्व भी युवती ने पुलिस में इसकी शिकायत कर चुकी है लेकिन पुलिस की कारवाही न होते देख युवक के हौसले बुलंद हैं। युवती ने आरोप लगाया है कि उसके पड़ोस में रहने वाला जिम्मी उससे अक्स अश्लील इशारे करता है और घर के बाहर काम करने पर उसका चोरी से वीडियो भी बना लेता है। यही नहीं उससे फोन पर भी उल्टी सीधी बातें करता है। फिलहाल पुलिस ने युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

### टप्पेबाज महिलाओं ने चेन पर किया हाथ साफ

**अमृत विचार, पीजीआई :** पीजीआई इलाके में इन दिनों महिलाओं का एक संगठित गिरोह काम कर रहा है जिसमे इन महिलाओं द्वारा महिला के साथ टप्पेबाजी कर उनके गले से चेन लूट लेती है। ऐसी ही घटना एक महिला के साथ भी घटी जहां इस महिला गिरोह ने उसके गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गईं। जानकारी के मुताबिक वंदना यादव निवासनी रथिंद्र नगर तेलीबाग ने पुलिस में दी गई तहरीर में बताया कि बीती 10 जून दोपहर को उसने पीजीआई से तेलीबाग जाने के लिए ऑटो किया कुछ दूर जाने पर मनीमाउंटा के सामने ऑटो में 5 महिलाएं सवार हुई। इस बीच चलती ऑटो में एक महिला ने उल्टी होने का नाटक करते हुए मेरे कंधे पर अपना सिर रख दिया वहीं रास्ते में मेंस कार्ट के पास उतरकर मैने पाया कि मेरे गले से सोने की चेन नदारद थी।

### विवाहिता की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में दुपट्टे के सहारे छत में लगे हुक से लटकता मिला। पति ने देखा तो उसके होश उड़ गये। आनन फानन में पति ने शव को नीचे उतार सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने स्थलीय निरीक्षण के बाद शव को पोस्टमार्टम लिए भेज दिया है। रविवार सबेरे सैदापुर गांव निवासी सार्थक पांडे के घर में उस समय कोहराम मच जब सार्थक पांडे घर की दूसरी मंजिल पहुंचे तो पत्नी सीमा पांडे उर्फ शुभी (26) का शव छत में लगे हुक में दुपट्टे के सहारे लटकता देखा तो रोने चिल्लाने लगा। चीख पुकार सुनकर परिजनों सहित पड़ोसी मौके पर पहुंच गये। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया पुलिस को घटना की जानकारी मृतका के पति द्वारा दी गयी थी। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# खरीददारी का झांसा देकर चार लाख के जेवर ले भागा टप्पेबाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भूतनाथ मार्केट में सुनार ज्वैलर्स पर हुई दिन दहाड़े वारदात, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी कैमरों की फुटेज

**अमृत विचार :** भूतनाथ मार्केट में सुनार ज्वैलर्स पर खरीददारी करने पहुंचे युवक ने दो ब्रेसलेट और दो चेन पसंद किया। इसके बाद काफी देर तक भाई से रुपये मंगाने का झांसा देता रहा। मौका मिलते ही चारों जेवर बटोरकर भाग निकला। दुकानदार ने काफी दूर तक पीछा किया पर, आरोपी हाथ न लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस मार्केट में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं, पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर लिया है। दुकानदार के मुताबिक जेवर की कीमत करीब चार लाख रुपये है।

इंदिरानगर सी-ब्लॉक निवासी सिद्धार्थ रस्तोगी की भूतनाथ मार्केट में सुनार ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। सिद्धार्थ के मुताबिक रविवार दोपहर को वह अकेले दुकान में थे। इसी बीच एक युवक प्रिंटेड शर्ट व नीली जींस पहने चश्मा लगाकर दुकान में दाखिल हुआ। उसने सिद्धार्थ से सोने की चेन और ब्रेसलेट दिखाने को कहा। काफी देर तक जेवर देखने के बाद युवक ने दो चेन और दो ब्रेसलेट पसंद किया। उसने बताया कि चारों को खरीदेगा। इसके लिए वह भाई से रुपये मंगा रहा है।

**कई बार कॉल किया और**



सीसीटीवी में कैद हुआ टप्पेबाज

**जेवर लेकर भागा :** सिद्धार्थ ने बताया कि दुकान में बैठने के दौरान उसने करीब सात से आठ बार कॉल किया। उसने बताया कि वह अपने भाई से रुपये लाने के लिए बोला है। कुछ देर में आ जाएगा। यह सिलसिला करीब आधे घंटे तक चला। इसी बीच मौका लगते ही युवक ने मोबाइल अपनी जींस में डालते हुए खड़ा हुआ। फिर चारो सामान बाएं हाथ से समेटते हुए गेट की तरफ भागा। सर्राफा कारोबारी ने बताया कि आरोपी युवक उनकी दुकान के सामने से करीब 12.30 बजे निकला। वहां से निकलकर वह पुलिस चौकी की तरफ गया। करीब 10 मिनट बाद आया और दुकान में दाखिल हुआ।

#### 84 मिनट तक दुकान में रहा आरोपी युवक

सिद्धार्थ ने बताया कि आरोपी युवक दोपहर करीब 12.45 बजे दुकान में दाखिल हुआ था। इस दौरान उसने कई तरीके के चेन और ब्रेसलेट देखे। अंत में उसने दो ब्रेसलेट और दो चेन खरीदने की बात कही। चारों जेवर को एक ट्रे में रखवा लिया। इसके बाद उसने सिद्धार्थ से कहा कि इसका भुगतान वह दो तरीके से करेगा। कुछ रकम नकद देगा और कुछ गूगल-पे के जरिये। उसने कहा कि जेवर के सारे पैसे नहीं है। अभी कुछ देर में घर से मंगा रहा है। करीब 2.09 बजे वह जेवरात लेकर भाग निकला।

#### सीसीटीवी फुटेज जब्त आरोपी की तलाश

वारदात की सूचना पर डीसीपी आर. अभिजीथ शंकर, एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल, इंस्पेक्टर विकास राय अपनी टीम के साथ पहुंचे। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके बाद डीवीआर जब्त कर लिया। एसीपी गाजीपुर ने बताया कि पूरे मार्केट व कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। आरोपी की तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगी है। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

#### एक तरफ पिंक बूथ दूसरी तरफ चौकी

रविवार दोपहर में भूतनाथ मार्केट में पुलिस की मुस्तैदी की पोल खुल गई। मार्केट के दोनों तरफ पुलिस की टीम 24 घंटे मौजूद रहती है। वारदात स्थल के 50 मीटर की दूरी पर मेट्रो स्टेशन के नीचे मार्केट के मोड़ पर पिंक बूथ बना है। वहीं, मार्केट के दूसरी छोर पर पार्किंग स्थल के पास पुलिस चौकी है। ऐसे में दिन दहाड़े वारदात होने पर पुलिस की मुस्तैदी पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## मददगार बनकर दो लोगों के खाते से उड़ाए 1.08 लाख रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** एटीएम बूथ में मददगार बनकर जालसाजों ने दो के खाते से 1.08 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ितों ने मड़ियांव और चौक कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। मोहिबुल्लापुर इलाके में शफीक अहमद परिवार के साथ रहते हैं। बीते शुक्रवार की शाम वे मोहिबुल्लापुर स्टेशन के पास एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ पर रुपए निकालने गए थे। इसी दौरान एक शख्स ने मददगार बन कार्ड लेकर मशीन में लगाया। रुपए नहीं निकलने पर जालसाज ने कार्ड बदलकर थमा दिया। पीड़ित शफीक को ठगी की जानकारी तब हुई जब 36 हजार रुपए खाते से निकलने का मैसेज आया।

# मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस पर लगा गुंडा एक्ट

## फेसबुक पर पोस्ट अपलोड कर कहा डर गई है भाजपा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कमिश्नरेट पुलिस ने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। यह कार्रवाई लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के दूसरे दिन की गई। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था के कार्यालय से अनीस को नोटिस जारी किया गया है। जिसमें उन पर दर्ज सात मुकदमों का जिक्र किया गया है। रविवार को आलमबाग पुलिस ने इस नोटिस को तामील कराया। इसके बाद अनीस ने अपने फेसबुक पर सरकार को डरा हुआ बताते हुए एक पोस्ट भी अपलोड किया है।

पुलिस की तरफ से जारी नोटिस में अनीस को लखनऊ के दबंग, मनबढ़ और आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति होने की बात कही। अनीस के खिलाफ सरकारी कर्मचारियों को धमकाने, सरकारी काम में बाधा डालने के कई मामले दर्ज हैं। इनके आपराधिक काम से लोगों में दहशत है। लोग थाने में कोई रिपोर्ट लिखाने व गवाही देने का साहस नहीं करते है। जिसके चलते कार्रवाई की गई। अनीस राजा पर आलमबाग,



अनीस राजा

- जेसीपी कानून-व्यवस्था के कार्यालय से जारी हुआ नोटिस
- अनीस राजा पर दर्ज है सात मामले, पुलिस ने बताया दबंग

बाजारखाला, हजरतगंज, कैसरबाग कोतवाली में मामले दर्ज हैं। वहीं, कई मामले ऐसे हैं जिसमें लोग अनीस राजा के खिलाफ रिपोर्ट लिखने के लिए तैयार नहीं है।

कमिश्नरेट पुलिस की कार्रवाई के बाद मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने फेसबुक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा। उन्होंने लिखा लोकसभा चुनाव में मिली हार और डरी हुई भाजपा सरकार की बौखलाहट का एक और प्रमाण, मुकदमे चाहे जितने लगा दो संघर्ष रुकेगा नहीं। अनीस राजा की सपा में अच्छी पैठ मानी जाती है। वह अखिलेश यादव के साथ ही शिवपाल सिंह यादव और धर्मेंद्र यादव के करीबी माने जाते हैं। पार्टी में संगठन के लिए संघर्ष करने वाले नेताओं में उनका नाम लिया जाता है।

**साढ़े तीन साल से हैं प्रदेश अध्यक्ष :** अनीस राजा को जनवरी 2020 में अखिलेश यादव ने मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया था। उसके बाद से ही वो लगातार संगठन के लिए काम कर रहे हैं। युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में बैठकें करते रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में बड़ी संख्या में युवा सपा के साथ आए।

#### पड़ोसी को पीटा, चौकी पर किया प्रदर्शन

पुलिस के मुताबिक अनीस ने 9 जून 2022 को रात 10:30 बजे अपने पड़ोसी मोहम्मद सारिक से गाली गलौज व मारपीट की थी। जिसको बचाने उसका परिवार आया तो उनकी भी अपने साथियों संग मिलकर पिटाई कर दी। जान से मारने की धमकी देकर भाग गए थे। 13 जून 2022 शाम 4:30 बजे महानगर सपा अध्यक्ष सुशील दीक्षित के साथ मिलकर अपने 40-50 सहयोगियों को लेकर ऐशबाग चौकी का गेट जाम कर धरना प्रदर्शन व नारेबाजी किया था।

# मुख्यमंत्री के ओएसडी ने दिया कार्रवाई का आश्वासन, तब किया अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सिक्योरिटी गार्ड अमित पांडेय की हत्या का मामला
- मुख्यमंत्री आवास पहुंचे परिजन, लगाई न्याय की गुहार

**अमृत विचार:** हजतरगंज के सप्रू मार्ग स्थित गोमती रेजीडेंसी में सिक्योरिटी गार्ड अमित पांडेय की हत्या कर दी गई थी। उसका शव छत पर पड़ा मिला। रविवार को पत्नी व परिजन मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। जहां जनता दरबार में पत्र देकर 50 लाख रुपये मुआवजा, सरकारी आवास और आरोपी को सजा दिलाने की मांग की। मुख्यमंत्री के ओएसडी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन वापस घर चले गए।

मूलरूप से सीतापुर के हरगांव के बेनीपुर गांव निवासी अमित पांडेय पूर्व डीजीसी क्रिमिनल और बिल्डर अरुण त्रिवेदी के गोमती रेजीडेंसी में सिक्योरिटी गार्ड था। साथ में वह उनके बेटे अमेव के फ्लैट की सफाई का भी काम करता था। पत्नी नेहा का आरोप है कि शुक्रवार देर रात को उसे बिल्डर के बेटे अमेव ने बुलाया। उसकी पिटाई की। इसके बाद हत्या कर दी। शव शनिवार सुबह छत पर पड़ा मिला। पुलिस ने भाई की तहरीर पर हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी अमेव को हिरासत में ले लिया है। वहीं, आरोपी से पूछताछ कर रही है। रविवार सुबह अमित की पत्नी नेहा और मां सुधा व बच्चों को लेकर एसीपी हजरतगंज अरविंद वर्मा और इंस्पेक्टर विक्रम सिंह मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। जहां जनता दरबार में मुख्यमंत्री के ओएसडी ने परिवारीजनों को ढांढस बंधाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

उधर, पुलिस हिरासत में लिए गए अपार्टमेंट मालिक के बेटे अमेव त्रिवेदी से घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस की एक टीम सीसी फुटेज की तफ्तीश कर रही है। शनिवार सुबह अपार्टमेंट के चौथे तल पर मालिक के बेटे अमेव के फ्लैट के बाहर अमित का शव मिला था। अमित की पत्नी और भाई सौरभ ने अमेव पर मारपीट कर और सिगरेट से जलाकर हत्या करने का आरोप लगाया था। सौरभ ने इस संबंध में अमेव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

#### पत्नी को मिलेगा आवास

पत्नी रेनू को एक प्रधानमंत्री आवास और श्रम विभाग की ओर से मुआवजा दिलाने के लिए भी आश्वस्त किया। इसके बाद अमित के परिवारीजन शांत हुए। मुख्यमंत्री आवास से निकलकर वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। अमित का शव लेकर परिवारीजन के साथ बैकुंठ धाम गए और अंतिम संस्कार किया।

# पीएसी कर्मी ने दुकानदार को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डीजीपी आवास के सामने रविवार दोपहर को पीएसी कर्मी ने पान की गुमटी वाले की पिटाई कर दी। बचाव करने आई उसकी पत्नी व बच्चों की भी धुनाई की। करीब 15 मिनट तक पीएसी कर्मी का ताडंव बीच सड़क चलता रहा। इस दौरान राहगीरों ने वीडियो बना ली। जो कुछ देर बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वहीं, पुलिस का दावा है कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। बाद में समझौता हो गया।

डीजीपी आवास के सामने माता प्रसाद की पान की गुमटी है। रविवार दोपहर 1 बजे के करीब वह गुमटी पर बैठे हुए थे। तभी एक पीएसी कर्मी ने सिगरेट खरीदी तो वह हाथ में देने लगे। पीएसी कर्मी ने गाली देते हुए कहा कि रख दो ले रहा हूं। गाली देने का विरोध किया तो उसने माता प्रसाद की पिटाई शुरू कर दी। पीएसी कर्मियों ने अपने साथियों को बुलाया और बीच सड़क पर सभी को जमकर पीटा। पिटाई से अमन की अंगुली टूट गई।

## सार-संक्षेप

### बैंक में पैसे जमा करने निकला युवक लापता, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर इलाके में शनिवार को घर से पैसे जमा करने बैंक के लिए निकला एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। बिजनौर के नटकुर स्थित सरोजनीनगर तहसील कार्यालय के पास भौनवाल स्कूल के सामने रहने वाले राजकुमार गौतम का 20 वर्षीय बेटा पीयूष उर्फ छोटू शनिवार को सुबह करीब 10:30 बजे बैंक में पैसा जमा करने के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजन ने मोबाइल पर संपर्क किया तो स्विच ऑफ मिला। रिश्तेदारी व परिचितों के यहां खोजबीन की गयी, लेकिन उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए बिजनौर थाने में तहरीर दी। फिलहाल बिजनौर पुलिस पीयूष के पिता राजकुमार की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर पता लगा रही है।

### वाटर पार्क में हुई मारपीट, दो के सिर फूटे

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** वाटर पार्क में नहाने को लेकर हुई मारपीट में दो लोगों के सिर फट गये। माल थाना क्षेत्र के ग्राम आबिदनगर पारा भदराही निवासी अंबुज कुमार ने मलिहाबाद थाने में दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि वह अपने कई अन्य साथियों के साथ अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे ग्राम सहिलामऊ के निकट बने आम्रपाली वाटर पार्क में नहाने आया था। इसी दौरान उसके साथी से बिलाल, काली व 20 अन्य अज्ञात से झगड़ा हो गया। उक्त सभी धारदार हथियारों से लैस होकर मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने आये प्रार्थी के साथ विमलेश व राहुल की भी पिटाई कर दी। जिससे सभी के सिर फटने के साथ शरीर पर गंभीर चोटें आयी। अंबुज कुमार ने मलिहाबाद थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। देर शाम पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश के लिये सीसीटीवी कैमरे में पहचान करने में जुट गयी है।

### शराब लदी डीसीएम ने डाला में मारी टक्कर

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार आ रही शराब से लदी डीसीएम ने पारा के तिकोनिया के पास डाला में जोरदार टक्कर मार दिया। पारा थाना क्षेत्र में शराब से लदी डीसीएम यूपी 25 जी टी 1507 लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे नहर रोड से आलमबाग की तरफ जा रही थी। तभी रास्ते में पारा के तिकोनिया मोड़ के पास आलमबाग की तरफ से आ रहे डाला यूपी 32 एनएन 2401 में जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके बाद मौके से भाग रहे डीसीएम को पकड़ने के लिए डाला चालक ने अपने डाले को बीच सड़क पर खड़ा कर दिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने टक्कर से घायल हुए डीसीएम चालक को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया। जहां पर उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है और डीसीएम तथा डाला दोनों को पुलिस थाने पर ले आई। इस संबंध में पारा इंस्पेक्टर ने बताया कि डीसीएम चालक घायल है जिसकी वजह से अभी इस संबंध में कोई जानकारी नहीं प्राप्त हुई है।

### बंद मकान से लाखों के जेवर व नकदी चोरी

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए कीमत के जेवरात और नकदी, कीमती सामान चुरा ले गए। पीड़ित ने जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कृष्णा नगर क्षेत्र के विशेश्वर नगर आलमबाग में राजेन्द्र चौबे अपने परिवार के साथ रहते हैं। पीड़ित के मुताबिक वह बीती 6जून को वह सपरिवार बाहर गए थे। 12 जून को जब वह वापस लौट कर आए और घर का मेन गेट का ताला खोलकर अन्दर गये तो देखा कि घर के अन्दर के सभी दरवाजे के ताले टूटे है और सामान बिखरा पड़ा है। आलमारी का लॉक भी टूटा मिला, जिसमें से सारे कीमती जेवरात और करीब 50 हजार रुपये नकद अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। घर में चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दे स्थानीय थाना कृष्णा नगर पर शिकायत की है। कृष्णा नगर पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश में जुटी है।

### खाते से 40 हजार रुपये किए पार

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** क्षेत्र में बीते दिनों एक युवक ने जल्दी का बहाना बनाकर दूसरे व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदल दिया और बाद में उसके खाते से 40 हजार रुपये की नकदी पार कर दी। सरोजनीनगर के अवध विहार कॉलोनी में रहने वाले राहुल सिंह का कहना है कि बीती 8 मई को अमौसी एयरपोर्ट के सामने एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ में पिन चेंज करने गया था। उसका कहना है कि उसका पिन चेंज हो गया। तभी वहां पहुंचे एक युवक ने जल्दी का बहाना बना कर एटीएम कार्ड बदल लिया। कुछ देर बाद ही उसके 20 हजार रुपये निकलने का मोबाइल पर मैसेज आया। वह मैसेज देख ही रहा था कि उसके तुरंत बाद फिर 20 हजार रुपये निकलने का मैसेज आ गया। आनन फानन एक्सिस बैंक के कस्टमर केयर में फोन कर अपना एटीएम ब्लॉक कराया। पीड़ित राहुल सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर सरोजनीनगर पुलिस एटीएम बूथ पर लगे सीसीटीवी कैमरे के जरिए आरोपी की तलाश कर रही है।

### पत्थर गिरने से कार का टूटा शीशा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा के कुरौनी स्थित नुर्दी खेड़ा निवासी कार सवार अजीत सिंह यादव ने इस मामले में बंथरा थाने में पीएनसी कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। अजीत का कहना है कि वह अपनी मारुति कार से रविवार को अपराहन करीब 3 बजे सरोजनीनगर स्थित शांति नगर से वापस घर जा रहा था। तभी बंथरा थाने से पहले सुल्तान फाउंडेशन के पास पिलर नंबर 22 और 23 के बीच पहुंचते ही ऊपर चल रहे निर्माण कार्य के कारण करीब 25 फीट ऊंचाई से उसकी कार पर कई पत्थर अचानक आ गिरे। जिससे कार का अगला शीशा और कार की छत छतिग्रस्त हो गई।

# चारपाई गोदाम में लगी भीषण आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एवरेडी तिराहे के पास स्थित चारपाई गोदाम में रविवार दोपहर को अचानक आग लग गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। लपटों में घिरे काम करने वाले मजदूर किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। आग की लपटें निकलती देख आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे की सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने डेढ़ घंटे में आग काबू पाया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार के मुताबिक दोपहर 2 बजे सूचना मिली कि बाजारखाला के एवरेडी तिराहे के पास चारपाई गोदाम के पास आग लगी है। सूचना पर आलमबाग से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि आग भयंकर हो गई है। चारों तरफ धुआं ही धुआं भरा हुआ है। टीम ने तुरंत हौज पाइप फैलाकर आग बुझाना शुरू कर दिया गया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

इसके अलावा सरोजनीनगर इलाके में शनिवार रात एक विद्युत ट्रांसफार्मर और दवाइययों से लदे खड़े पिकअप लोडर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। वहीं बिजनौर में कूड़े के ढेर में आग लग गई। सूचना पाकर पहुंची दमकल गाड़ियों की मदद से दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया।



गोदाम में लगी आग बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

# योग गुरु के परिजन ने जताई हत्या की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राज्य अतिथि गृह सरयू में योग गुरु डॉ. गुरुदेव की मौत का मामला
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं, विसरा सुरक्षित

**अमृत विचार:** मीराबाई मार्ग स्थित राज्य अतिथि गृह सरयू के कमरा नंबर 23 में योग गुरु डॉ. गुरुदेव (44) शनिवार सुबह मृत मिले थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। वहीं, जांच के लिए बिसरा सुरक्षित किया गया है। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजन को शव सुपुर्द कर दिया गया। वह अंतिम संस्कार के लिए गृह जनपद बस्ती चले गए। वहीं, परिजन ने हत्या की आशंका जाहिर की है।

मूलतः बस्ती के छावनी स्थित चंद्रपलिया गांव निवासी डॉ. गुरुदेव दिल्ली के मोरारजी देसाई योग इंस्टिट्यूट में योग प्रवक्ता थे। शुक्रवार शाम 7 बजे वह हजरतगंज के मीराबाई मार्ग स्थित राज्य अतिथि गृह सरयू के कमरा नंबर 23 में ठहरे थे। शनिवार सुबह कमरे में उनका मृत मिले थे। सूचना मिलने पर मृतक के भाई विजय बहादुर शनिवार शाम लखनऊ पहुंच गए। वहीं देर रात तक पत्नी पिंकी, बेटी गार्गी भी पहुंची। पोस्टमॉर्टम होने के बाद योग गुरु का शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजन अंतिम संस्कार करने के लिए शव को पैतृक गांव बस्ती के चंद्रपलिया ले गए, जहां रविवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। भाई विजय बहादुर ने हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना उन्हें बहुत लेट मिली। लखनऊ पहुंचने पर गुरुदेव अस्पताल में नहीं मिले। विजय के मुताबिक योग गुरु के हाथ और सीने पर काला निशान था।

# थूक से मसाज करने वाला सैलून कर्मी गया जेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सैलून में ग्राहक के चेहरे पर थूक से मसाज लगाने वाले आरोपी मो. जैद को सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया। उन्नाव के सराय निवासी आशीष कुमार ने पुलिस को बताया था कि वह पृथ्वीपुर में एक कैंटीन में काम करते है। वह कैंटीन के पास ही मो. जैद के सैलून में शेविंग कराने गये थे। यहां जैद ने शेविंग के बाद हाथ में थूक लगाकर मसाज कर दी थी। उन्हें शक हुआ तो विरोध जताते हुए उन्होंने वीडियो फुटेज निकलवायी। इस फुटेज में जैद की हरकत कैद हुई थी। बताया जाता है कि आशीष के विरोध करने पर जैद ने उसे धमकाया भी था। एडीसीपी दक्षिणी शशांक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित जैद को गिरफ्तार कर लिया गया है। जैद ने पुलिस के सामने अपनी करतूत के लिये माफी मांगी।

## ससुराल वालों पर दर्ज कराई दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी थाना क्षेत्र के कस्बा काकोरी कटरा बाजार निवासी राम किशोर ने अपनी पुत्री के ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि पुत्री सलोनी की शादी मोनू निवासी भटऊ जमालपुर थाना काकोरी से हुई थी। शादी के बाद से ही पति मोनू समेत अन्य लोग दहेज में दो लाख रुपए तथा सोने की चेन को लेकर लाठी डंडों से उसकी बुरी तरह से पिटाई कर उसको जहर खिला दिया। जिसका इलाज क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जहां पर उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

समस्या | परिवार न्यायालय में मध्यस्थता केंद्र की भूमिका सिमट रही

# तलाक पर ही खत्म हो रहा घरेलू विवाद, मध्यस्थता केंद्र विफल

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी के आठ परिवारिक न्यायालयों में मध्यस्थता केंद्रों की भूमिका सिमटती जा रही है। दंपत्तियों के घरेलू विवाद तलाक पर ही जाकर थम रहे हैं। बीते साल से अब तक इन न्यायायलों में करीब 19 हजार केस आए, जिसमें महज चार हजार केस ही निस्तारित हो पाए। बाकी 15 हजार मामले तलाक पर ही जाकर खत्म हुए।

परिवार न्यायालय बार एसोसिएशन के महामंत्री और वरिष्ठ अधिवक्ता सरताज अली ने बताया कि मध्यस्थता केंद्र में दंपतियों को अवसर दिया जाता है कि बातचीत से आपस का मनमुटाव हल कर सकें। लेकिन, कुछ साल से काउंसलिंग के बाद भी पति-पत्नी साथ रहने को राजी नहीं हो रहे। इसकी वजह से उन्हें कानूनी तौर अलग होने की अनुमति देनी पड़ रही है। तलाक के ज्यादातर केस ऐसे हैं जिनमें पति-पत्नी कामकाजी हैं। इसके अलावा कुछ मामलों में छोटे-छोटे झगड़े इतना बड़ा रूप ले रहे कि बात तलाक तक पहुंच रही है।

#### बहू की नौकरी से हो गई ससुरालियों को परेशानी

राजाजीपुरम निवासी एक युवती की दिसंबर 2022 में कानपुर देहात के युवक से शादी हुई। शादी के पहले से वो रायबरेली में सरकारी नौकरी कर रही थी। शादी के बाद पति और ससुराल वालों को उसके नौकरी से दिक्कत हो गई। मामला फैमिली कोर्ट पहुंचा तो दोनों को मध्यस्थता केंद्र भेजा गया। लेकिन, दो तारीख के बाद ही दोनों ने तलाक ले लिया।

#### बच्चा पैदा होने में देर हुई तो खत्म कर दिया रिश्ता

मटियारी निवासी एक दंपत्ति ने सिर्फ इसलिए रिश्ता खत्म कर दिया क्योंकि पत्नी पति के कहे अनुसार बच्चा पैदा करने को राजी नही हुई। दोनों प्राइवेट नौकरी करते हैं। पति बच्चे के लिए दबाव बना रहा था, लेकिन पत्नी आर्थिक रुप से मजबूत होने के बाद बच्चा चाह रही थी। यह मामला मध्यस्थता केंद्र पहुंचा तो पहली बार में दोनों ने नकार दिया।

#### पति ने परिवार नहीं छोड़ा पत्नी ने उसे छोड़ दिया

कृष्णानगर निवासी युवक की 2020 में उन्नाव की युवती से शादी हुई। शादी के कुछ महीने बाद ही पत्नी युवक पर परिवार से अलग रहने का दबाव बनाने लगी। युवक इसपर राजी नही हुआ तो पत्नी ने फैमली कोर्ट में केस फाइल कर दिया। न्यायालय ने मामले को मध्यस्थता केंद्र भेजकर दोनों की काउंसलिंग कराई। लेकिन बात नहीं बनी और दोनों तलाक ले लिया।

तलाक के बढ़ते मामले बड़ी समस्या पैदा कर रहे हैं। इसका असर उन बच्चों पर पड़ रहा जिनके होश संभालने से पहले उनके माता-पिता अलग हो रहे हैं। कई केस ऐसे भी सामने आए जिसमें तलाक के कुछ साल बाद महिला-पुरुष बच्चों के भविष्य का हवाला देकर फिर से साथ रहने को मजबूर हुए। इस गंभीर समस्या पर समय रहते विचार करना आवश्यक है।

**-अनुराग अरोड़ा, वरिष्ठ अधिवक्ता, पारिवारिक न्यायालय**

## एक नजर

### गिरे आम को उठाने पर दबंगों ने बालक को पीटा

**अमृत विचार, बाराबंकी :** लोनीकटरा क्षेत्र के खैरा कनकू गांव में शनिवार की शाम पेड़ के नीचे गिरा आम उठाने पर दबंगों ने एक बालक, उसके भाई व मां की पिटाई कर दी। पुलिस ने किशोर का मेडिकल कराया है। प्राथमिकी के अनुसार, नीरज प्रजापति शाम को अपने छोटे भाई अभिषेक (10) के साथ घर लौट रहा था। रास्ते में शिवम को पेड़ के नीचे एक आम गिरा मिला। उसे अभिषेक ने उठा लिया। इस पर शिवम, पवन व विनोद ने उनके भाई की पिटाई कर दी। बीच बचाव करने आए नीरज व उनकी मां लीला देवी को भी दबंगों ने पीट दिया।

### दबंगों ने भाजपा कार्यकर्ता को पीटा

**अमृत विचार, बाराबंकी :** समुदाय विशेष के लोगों ने भाजपा कार्यकर्ता की पिटाई कर दी गई। कोतवाली दरियाबाद के मियागंज ग्राम पंचायत के प्रधान वफा मोहम्मद ने पुलिस को सूचना दी कि गांव का चंदन वर्मा चोरी की नियत से छत पर चढ़ा है। पुलिस पहुंची, लेकिन वहां कोई नहीं मिला, पुलिस चंदन के घर पहुंची तो वह वहां भी नहीं था, लेकिन गांव में तनाव की स्थिति देखकर रात में ही पुलिस तैनात कर दी गई। कार्यकर्ता की पिटाई की खबर सुनकर बड़ी संख्या में भाजपाई थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ग्राम प्रधान सहित अन्य लोगों को हिरासत में लिया है।

### ज्यादा समय की मेहमान नहीं एनडीए सरकार : अवधेश

**अमृत विचार, बाराबंकी :** दमन की राजनीति करने वाली एनडीए सरकार ज्यादा समय की मेहमान नहीं है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम पर वोट बैंक की राजनीति करने वाली भाजपा सरकार ने अयोध्या की गरीब जनता की दुकानों व मकानों पर बुलडोजर चलवाया। मुआवजे के नाम पर उन्हें ठगा गया। ये बातें फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद ने सफदरगंज में सपा नेता ज्ञान सिंह के आवास पर पत्रकारों से कहीं। उन्होंने अयोध्या में सपा की जीत को जहां भाजपा विचारधारा और मानसिकता की हार बताया।

### 25 प्रतिशत कम निकल रहा मेंथा में तेल

**अमृत विचार, बाराबंकी :** भीषण गर्मी के चलते जहां जनजीवन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। वहीं नहरों में पानी न आने से मेंथा किसानों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। किसानों की मानें तो भीषण गर्मी के चलते बोरिंग ने पानी देना बंद कर दिया है और नहरों में पानी न आने से मेंथा की सिंचाई नहीं हो पा रही है। जिससे लोग मेंथा की फसल तैयार होने से पहले ही काट कर उसकी पेराई करने को मजबूर हैं। देवा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर किसान मेंथा की खेती करते हैं। हालांकि सिंचाई विभाग सोमवार तक नहरों में पानी आने की बात कह रहा है। कई किसान को करीब 25 फीसदी तेल का नुकसान हुआ है।

# बासमती की खुशबू फीकी पड़ी तो सोने की तस्करी ने पकड़ी रफ्तार

सुनील कुमार मिश्र, लखनऊ



▸▸ सिंडीकेट की जड़ तक पहुंचने के लिए कस्टम ने जिले में बिछाया जाल

**अमृत विचार:** रामपुर जिले से दुनिया भर में निर्यात होने वाले बासमती चावल का धंधा मंदा पड़ने से सोने की तस्करी तेजी पकड़ रही है। लखनऊ एयरपोर्ट से फरार हुए 29 तस्करों की तलाश करते हुए कस्टम विभाग उस सिंडीकेट तक पहुंच गया जो सोने की तस्करी में निवेश कर रहा है। इसमें रामपुर जिले के कई उद्यमी हैं जो राइस मिलें बंद करके सुनहरे सोने के काले कारोबार में किस्मत आजमा रहे हैं। नेटवर्क को तोड़ने के लिए कस्टम की टीम जिले के धान उत्पादक किसानों से लेकर मिल मजदूरों तक ब्योरा खंगाल रही है।

चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर 36 तस्कर पकड़े गए थे। 4 अप्रैल को इसमें से 29 तस्कर फरार हो गए थे। कस्टम की छानबीन में पता चला कि ये शारजाह से 3.5 करोड़ का सोना और लाखों रुपये के प्रतिबंध सिगरेट लेकर आए थे। फरार तस्करों की तलाश करते हुए कस्टम की टीम रामपुर जिले में पहुंची। 28 अप्रैल को यहां से 6 तस्करों को दबोच लिया गया। इस दौरान कस्टम को पता चला कि करीब 40 युवाओं का गिरोह दुबई सहित कई खाड़ी देशों से सोना लाने का काम कर रहा है। इसपर टीम ने जिले में डेरा डालकर पड़ताल की तो बड़े सिंडीकेट का खुलासा हुआ जो तस्करी के सोने में रकम लगा रहा है।

**पैरवी करने वालों के जरिए नेटवर्क तक पहुंची टीम :** कस्टम ने एयपोर्ट से फरार आरोपियों को दबोचा तो उनकी पैरवी में वकीलों का बड़ा दल सामने आया। इनसे मेलजोल कर टीम ने गहराइ तक पड़ताल की तो पता चला कि ये उन्हीं मिल मालिकों के लोग हैं जो मिलें बंद कर चुके हैं। वही इनकी पैरवी में पैसा भी लगा रहे हैं। टीम ने सिंडीकेट का पूरा खाका तैयार कर लिया है। अब इन निवेशकों की गर्दन दबोचने के लिए उनके खिलाफ साक्ष्य जुटा रही है।

**पेट से बाहर नहीं आया कारोड़ों का सोना :** तस्करों ने कस्टम और पुलिस को चकमा देने के लिए सिगरेट का सहारा लिया था। कस्टम ने जिन 6 आरोपियों को पकड़ा उनके पास से महज सिगरेट बरामद हुई। लेकिन पेट में छिपाकर लाया गया सोना बाहर नहीं आया। अब कस्टम के बड़े अधिकारी भी मान रहे हैं सोना ठिकाने लगाने के लिए सिगरेट का सहारा लिया गया था। ताकि जांच एजेंसी इसमें उलझी रहे और वे आसानी से सोना लेकर निकल जाएं।

**तस्करी के चुंगल से युवाओं को निकालने में जुटी पुलिस :** टाड़ा सीओ कीर्तिनिधि आनंद ने बताया कि राइस मिल से जुड़े कामगारों के सोने के तस्करी में संलिप्त होने की जानकारी मिली है। यह बड़ी संख्या में हैं। जिनके खिलाफ साक्ष्य मिल रहे हैं उनके खिलाफ सीधे कार्रवाई की जा रही है। युवाओं को इस दलदल में फंसने से रोकने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्हें दूसरे रोजगार से जुड़कर भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### चावल से ज्यादा सोने में मुनाफा देख किया निवेश

कस्टम की अब तक की छानबीन में सामने आया कि रामपुर से दुबई सहित कई खाड़ी देशों में हो रहे बासमती चावल के बड़े पैमाने पर निर्यात से राइस मिल कारोबारियों की दुबई के बाजार में अच्छी पकड़ बन गई। टाड़ा और कैमरी में संचालित मिलें धीरे-धीरे बंद हो रही हैं। इससे जुड़े कारोबारी अब चावल की बजाय सोने में निवेश कर रहे हैं। दुबई में अच्छी पकड़ का फायदा उठाकर वहां से तस्करी करके सोना मंगवा रहे और यूपी, दिल्ली, राजस्थान और महाराष्ट्र में बेंचकर मोटा मुनाफ कमा रहे हैं। इन मिलों से जुड़े रहे युवाओं को सोना लाने के लिए केरियर की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है।

### धान पट्टी से कड़ियां जोड़ कर साक्ष्य जुटा रही टीम

रामपुर के बिलासपुर, स्वार, टाड़ा और कैमरी को बासमती धान उत्पादन का बड़ा हब माना जाता है। टाड़ा और कैमरी में करीब 60 राइस मिल संचालित थी जो पर्याप्त बिजली न मिलने की वजह से धीरे-धीरे बंद हो रही हैं। इन मिल मालिकों का दुबई और अन्य खाड़ी देशों के व्यापारियों से नेटवर्क जुड़ा हुआ है। उन्हीं के जरिए ये रामपुर के कारोबारी सोने में निवेश कर रहे हैं। कस्टम की टीम धान किसानों से लेकर आढ़ती तक और मिल मालिकों से लेकर उनसे जुड़े कर्मचारियों तक की डिटेल खंगाल रही है। जिन मिलों का निर्यात घटने के बाद भी कर्मचारियों को पूरा वेतन मिल रहा है उसपर टीम की खास नजर है।

# गोमती संरक्षण के लिए सड़क पर उतरे संत

## मनकामेश्वर मंदिर से लेटे हुए हनुमान मंदिर तक निकाली गोमती गौरव पदयात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रविवार को मनकामेश्वर मंदिर व लोक भारती संस्था के संयुक्त तत्वावधान में संत समाज ने गोमती गौरव पदयात्रा निकाली। मनकामेश्वर मंदिर से पदयात्रा शुरू होकर शुरू होकर होकर लेटे हुए हनुमान मंदिर पहुंचकर सभा के रूप में बदल गई। पदयात्रा में लोग जल है तो कल है जैसे नारों से लिखी तख्तियां लिए हुए थे। इस पदयात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। यात्रा का संयोजन मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्यागिरी ने किया था।

यात्रा महंत देव्यागिरी के अलावा हनुमत धाम के महंत राम सेवक दास, चिमन्य मिशन के महंत कौशिक चैतन्य और लेटे हनुमान मंदिर के प्रमुख सेवादार डॉ. विवेक तांगड़ी के नेतृत्व में निकाली गई। यात्रा में एक रथ पर मां गोमती को विराजित किया गया था। सुबह मनकामेश्वर मंदिर में शिव का गोमती के जल से अभिषेक कर यात्रा शुरू हुई।

गोमती गौरव यात्रा प्रेरणा स्थल, विश्वविद्यालय मार्ग, हबीबुल्लाह छात्रावास, उमराव धर्मशाला, मानस मंदिर, मोहन मीकिन्स मार्ग, मल्लाहों की बस्तियां एवं गोमती बंधा से होते हुए पक्का पुल, मरी माता मंदिर होते हुए लालपुल के पास लेटे हुए हनुमान मंदिर पहुंचकर सभा में बदल गई। यात्रा के मार्ग में पड़ने वाले मंदिरों के पुजारियों का सम्मान भी किया गया।




मनकामेश्वर मंदिर व लोक भारती संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गोमती गौरव पदयात्रा निकालते संत समाज के लोग। अमृत विचार

### गोमती को साफ बनाए रखने पर चर्चा की

लेटे हुए हनुमान मंदिर में हुई सभा में गोमती को साफ बनाये रखने पर चर्चा की गई। महंत देव्यागिरि ने बताया कि गोमती को स्वच्छ बनाने में हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। हर एक के सोचना चाहिए कि इसमें हम क्या योगदान दे सकते हैं। चिन्मय मिशन के कौशिक चैतन्य ने कहा कि नदी को हम गंदा न करें तो वह स्वत: स्वच्छ हो जाएगी। गोमती बाबा के नाम से पहचान रखने वाले महंत रामसेवक दास ने कहा कि गोमती स्वच्छता अभियान को मोबाइल से भी चलाया जाए। महंत द्वारका नाथ ने सभी को जोड़ने की बात कही।

## लविवि के कैडेट्स ने चलाया गोमती सरंक्षण अभियान

**अमृत विचार :** राजधानी में रविवार को प्रातः 5 बजे गंगा दशहरा के अवसर पर मनकामेश्वर मंदिर से लेटे हुए हनुमान मंदिर तक मां गोमती गौरव पद यात्रा निकाली गई। इस दौरान लोक भारती एवं मनकामेश्वर मठ मंदिर की ओर से मां गोमती नदी संरक्षण अभियान चलाया गया। जिसमें नदी के तटों की स्वच्छता को बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के 64 यूपी बटालियन एनसीसी कैडेट्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने नदी के किनारे स्थित कचरे एवं नदी के पानी को साफ करने में योगदान दिया। इसके साथ ही, उन्होंने नदी के पास जागरूकता अभियान भी चलाया ताकि लोग नदी की स्वच्छता की महत्वता को समझें और नदी को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए सहयोग करें। इसी के साथ ही एनसीसी कैडेट्स ने लोगों को गंदा कचरा नदी में ना फेंकने की शपथ भी दिलाई।




मां गोमती गौरव पद यात्रा में शामिल लविवि के एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

# अगले महीने राजधानी में लगेगा पैडलरों का मेला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 5 से 8 जुलाई तक आयोजित की जाएगी पहली राज्य स्तरीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप

▸▸ चैंपियनशिप में 600 से अधिक खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**अमृत विचार :** अगले महीने लखनऊ में पैडलरों (टेबल टेनिस खिलाड़ी) का मेला लगेगा। प्रदेश भर के पैडलर यहां पर जीत के लिए जोरआजमाइश करेंगे। पहली स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप की मेजबानी लखनऊ को मिली है। यह चैंपियनशिप अगले महीने पांच से आठ जुलाई तक इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में आयोजित की जाएगी।

इस चैंपियनशिप में प्रदेश भर 600 पैडलर खिताब के लिए जोर आजमाइश करेंगे। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला एकल में 12 कैटेगरी में मुकाबले होंगे।प्रतियोगिता में पहली बार वेटरन वर्ग को शामिल किया गया है। पुरुष और महिला वर्ग के तहत अंडर- 11, 13, 15, 17, 19 और ओपन आयु वर्ग के एकल के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। पहली बार शामिल वेटरन वर्ग को पांच कैटेगरी में बांटा गया है। वेटरन वर्ग में 40-50 वर्ष, 50-60 वर्ष, 60-65 वर्ष, 65-70 वर्ष, 70-75 वर्ष और 75 से अधिक आयुवर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

प्रतियोगिता के आयोजन सचिव अमित सिंह ने बताया कि इंटीग्रल युनिवर्सिटी में होने वाले इस आयोजन में 600 से अधिक खिलाड़ियों के शामिल होने की संभावना है। पहले तीन दिन पुरुष और महिला को चयनित 12 कैटेगिरी में मुकाबले होंगे। इसके बाद आखिरी दिन वेटरन वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर यूपी टीम का चयन नेशनल चैंपियनशिप के लिए भी किया जाएगा।

# दर्पण के नाटक लाइटर ऑन दि लिप्स का मंचन कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाट्य संस्था दर्पण अपने नये नाटक लाइटर ऑन दि लिप्स का मंचन आगामी 18 जून को संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में करेगी। दर्पण के महासचिव डॉ. अनिल रस्तोगी ने बताया कि इस नाटक में दर्शकों को रहस्य, रोमांच और खतरे की दुनिया देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया की यह नाटक ड्रग माफिया के चंगुल में फंसे दो युवाओं की कहानी है। नाटक में हास्य व मनोरंजन का माहौल भी मिलेगा। नाटक का लेखन व निर्देशन शुभदीप राहा ने किया है। शुभदीप पहले भी दर्पण के लिए नाटकों का लेखन व निर्देशन कर चुके हैं।




डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव के कहानी संग्रह भरत कुल का लोकार्पण करते अतिथि। अमृत विचार

# डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव के कहानी संग्रह भरत कुल का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ परिवारों से खत्म होते संस्कारों पर बात करती हैं कहानियां

**अमृत विचार :** साहित्यिक संस्था चेतना साहित्य परिषद की ओर से रविवार को प्रेस क्लब में डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव प्रेम के कहानी संग्रह भरत कुल का लोकार्पण किया गया। पेशे से चिकित्सक डॉ. प्रवीण की कहानियों में समाज को कई तरह की सीख दी गई है। परिवारों से खत्म होते संस्कारों पर बात की गई है।

डॉ. अनुरुद्ध शर्मा ने संग्रह की समीक्षा करते हुए कहा कि उनकी कहानियों में हमारे आसपास घटित हो रही घटनाएं देखने को मिलती हैं।

प्रमोद द्विवेदी के संचाल में हुए समारोह में चेतना साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. शिवभजन कमलेश, अरविन्द झा और गोपाल कृष्ण शर्मा मृदुल ने भी अपने विचार व्यक्त किये।


# गांव पहुंचे शव को देख मायके पक्ष के लोगों ने किया हंगामा

संवाददाता, निगोहां

▸▸ पुलिस के शांत कराने के बाद किया अंतिम संस्कार

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के कांटा करौंदी गांव में विवाहता की हुई मौत के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा, तो मायके पक्ष के लोग काफी उत्तेजित हो गए और अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस के समझाने के बाद अंतिम संस्कार हो सका।

ज्ञात हो कि रंजीत खेड़ा की ज्योति (26) का विवाह करौंदी गांव के रिंकू उर्फ ब्रजेश के साथ हुआ था। घटना से दो दिन पूर्व ज्योति अपने मायके से ससुराल आयी हुई थी। जहां शनिवार सुबह ज्योति ने पंखे के हुक से साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में मृतका के पिता ने बेटी के पति पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी ब्रजेश के भाई अवधेश का आरोप है कि अंतिम संस्कार के बाद मायके पक्ष के लोग घर के अंदर घुसे और अलमारी से जेवर व अन्य घरेलू सामान उठा ले गए। मामले की शिकायत निगोहां पुलिस से की गयी है। एसओ निगोहां अनुज तिवारी ने बताया कि गांव मे माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा था। जिसकी भनक लगने पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया। दूसरे पक्ष से भी तहरीर आयी है। मामले की जांच की जा रही है।



संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह के मंच पर नृत्य करतीं युवतियां। अमृत विचार

# स्वस्थ रहना है तो अपनाएं योग, व्यापारियों ने निकाली रैली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति ने राजधानी में योग जागरूकता वाहन रैली निकाली। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं समिति के संरक्षक संजय गुप्ता एवं चिरंजीव भारती स्कूल के निदेशक कर्नल राजा की ओर से हरी झंडी दिखाकर वाहन रैली को रवाना किया गया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष संदीप सिंह गौड़ ने लोगों से अपील की कहा, स्वस्थ रहना है तो योग जीवन में जरूर अपनाएं।

योग समिति के प्रदेश अध्यक्ष संदीप सिंह गौर ने बताया 21 जून को चिरंजीव भारती स्कूल सेक्टर एम, आशियाना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। आशियाना क्षेत्र के सभी पार्कों में सुबह योगाभ्यास करने वाले योगाभ्यासी सामूहिक रूप से योग करेंगे। योग जागरूकता वाहन रैली में बड़ी संख्या में दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन पर जागरूकता संदेश प्रसारित किए गए। इनमें महिलाएं भी शामिल हुईं।

आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने भी स्वस्थ रहने के लिए योग को जरूरी बताया। रैली में राज दुबे, संजय मिश्रा, सरस मिश्रा, शैलेश कुमार श्रीवास्तव, इको गार्डन के योगाचार्य ओमप्रकाश श्रीवास्तव, आरके गुप्ता,हरिश्चंद्र ओली, संजीव नारायण, योगाचार्य राजकुमार शुक्ला, रजनी शुक्ला, अन्नु,आलोक सिंह, आरडी वर्मा, आलोक सिन्हा, राजकुमार हिलोलिया, पूनम सक्सेना, मधुलिका शुक्ला, कुसुम वर्मा, सायरा, दीपा, कौशल्या सिंह, हंसा, डॉ रश्मि सिंह, वंदना जायसवाल आदि की मौजूदगी रही।



उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति के सदस्य। अमृत विचार

▸▸ उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति ने व्यापारियों के साथ मिलकर लोगों को योग अपनाने की सलाह दी



योग जागरूकता वाहन रैली निकालते उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति के सदस्य।

# जश्न-ए-नाच में कलाकारों ने दिखाया हुनर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रिदम डिवाइन इन्स्टीट्यूट ने अपनी ग्रीष्मकालीन कार्यशाला के बाद संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में एलिक्सर-2024 जश्न-ए-नाच कार्यक्रम का आयोजन किया। आरजे राहुल द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के विद्यार्थियों और महिलाओं ने भाग लिया।

इस आयोजन में भरतनाट्यम, कथक, सालसा, हिप-हाप, समकालीन, आधुनिक जैज, बेली और लोकनृत्य के कई रूप देखने को मिले। कार्यक्रम में 70 से अधिक कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



ग्रीष्मकालीन कार्यशाला के दौरान मंच पर नृत्य करतीं बालिकाएं। अमृत विचार

▸▸ कार्यक्रम में 70 से अधिक कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

इन्स्टीट्यूट के निदेशक अमृत सिन्हा ने बताया कि उनकी संस्था हर साल कार्यशाला का आयोजन कर नयी प्रतिभाओं को तराशने का काम करता है। यह 20वीं कार्यशाला में तैयार विभूतियों का कार्यक्रम है।

## डीजल भरवाकर निकले पिकअप में लगी आग

**लखनऊ, अमृत विचार :** सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्टनगर स्थित पेट्रोल पंप पर डीजल भरवाकर निकल रहे पिकअप में अचानक आग लग गई। शनिवार देर रात को हुए हादसे के बाद आसपास अफरा-तफरी का माहौल हो गया। पंप कर्मियों ने धक्का लगाकर पिकअप को दूर किया। दमकल की दो गाड़ियों ने आधे घंटे में आग पर काबू पाया। इस दौरान पेट्रोल पंप पर खड़ी गाड़ियां हटवाकर पंप बंद कर दिया गया। जिससे कोई बड़ा हादसा न हो जाए। आरटीओ कार्यालय के पास कानपुर रोड पर स्थित श्री फिलिंग स्टेशन पर शनिवार देर रात पिकअप ड्राइवर डीजल भराने आया था। पिकअप पर दवाइयां लदी थी। ड्राइवर डीजल भराकर आगे बढ़ा ही था तभी गाड़ी में आग लग गई। आग की लपट देख हड़कंप मच गया। ड्राइवर ने चीख पुकार मचाते हुए पिकअप से कूद कर अपनी बचाई। आग देख पेट्रोल पंप कर्मियों ने धक्का देकर पिकअप को सड़क कनारे ले गए। फायर इंस्टीट्यूशन की मदद से आग बुझाना शुरू कर अग्निशमन विभाग को सूचित किया। कुछ ही देर में एफएसओ सरोजनीनगर सुमित प्रताप सिंह दो दमकल के साथ मौके पर पहुंच गए। एफएसओ के मुताबिक आधे घण्टे में आग पर काबू पा लिया गया। पर जब तक आग पर काबू पा गया पिकअप काफी हद तक जल चुकी थी। लाखों रुपये की दवाएं जलकर बर्बाद हो चुकी थी। पिकअप अजय नारायण द्विवेदी की है।

# बुड्ढा कहने पर मजदूर ने साथी को फावड़े से काट डाला

### नाइपर बिल्डिंग में काम करते थे दोनों श्रमिक, घटना के बाद हत्यारोपी फरार

संवाददाता, बछरावां

**रायबरेली, अमृत विचार।** एक मजदूर को दूसरे मजदूर को बुड्ढा कहना भारी पड़ गया, नाराज मजदूर ने फावड़े से गला काट कर निर्मम हत्या कर दी। मामले की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विनायकपुर ग्राम सभा में नाइपर के भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें बिहार और छत्तीसगढ़ के मजदूर काम कर रहे हैं। इसी बीच काम कर रहे एक मजदूर मंगलराम कहार पुत्र भरतराम निवासी सुर्खे जनपद गढ़ा बिहार ने अपने साथी मजदूर दुर्गा केवट पुत्र कुंभज निवासी तिलेडा लवानपुर जनपद बलौदा छत्तीसगढ़ को बुड्ढा अक्सर कहा करता था। जिससे दुर्गा अक्सर नाराज हो जाता था लेकिन दुर्गा उसकी नाराजगी को मजाक में डाल देता था। शनिवार रात को भी वह उसे बूढ़ा कहकर मजाक कर रहा था। जिससे नाराज होकर दुर्गा ने मंगल को समझने की कोशिश की लेकिन वह नही माना। बार-बार मना करने पर जब मंगल राम नहीं माना तो दुर्गा केवट ने फावड़ा उठाकर मंगल राम पर फावड़ा लेकर दौड़ा लिया जिससे वह गिर गया जमीन पर गिरते ही उसने फावड़े से ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। हमले में उसने उसकी गर्दन तक काट ली जिससे मंगल की मौत हो गई। वही घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी दुर्गा केवट मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार हत्यारोपी दुर्गा केवट की तलाश के लिए टीम में गठित करके छापेमारी शुरू कर दी है। इस बारे में थाना प्रभारी बृजेन्द्र शर्मा ने बताया कि बिल्डिंग के सुपरवाइजर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है आरोपी की तलाश जारी है।

### महिला श्रमिक दुर्गा से करना चाहता था शादी


निर्माणाधीन बिल्डिंग जहां पर हुई वारदात। अमृत विचार

रायबरेली। नाइपर की निर्माणाधीन बिल्डिंग में लंबे समय से काम चल रहा है। जिसमें हरियाणा और छत्तीसगढ़ के बड़ी संख्या में मजदूर काम करते हैं। इसी बिल्डिंग में कुछ दिन पहले तक बिहार की एक युवती काम करती थी। जिसको दुर्गा मन ही मन चाहता था और एकतरफा उसको अपना दिल दे बैठा था। जिसको लेकर दुर्गा और मंगल के बीच अक्सर हंसी मजाक हुआ करता था। लेकिन यह हंसी मजाक दुर्गा को नागवार लगता था। बताया जा रहा है शनिवार रात को भी युवती को लेकर किसी प्रकार का मजाक हुआ जिसके बाद उसने मंगल ने दुर्गा को कहा कि तुम बुड्ढे हो गए हो अब तुम्हारी शादी नहीं हो सकती है। जिसके बाद नाराज दुर्गा ने मंगल पर ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया। फिलहाल युवती काफी समय पहले ही अपने घर जा चुकी है। लेकिन उसके एकतरफा प्यार का जुनून दुर्गा पर सवार था।

# क्लीनिक संचालक ने युवती से किया दुष्कर्म

संवाददाता, मलिहाबाद

▸▸ **वीडियो वायरल कर तुड़वाई शादी महिला ने थाने में दी तहरीर**

**अमृत विचार :** क्लीनिक संचालक ने अस्पताल में काम करने वाली युवती को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोशी की हालात में उसके साथ दुष्कर्म कर उसका वीडियो क्लिप बना ली। युवती के होश आने के बाद विरोध करने पर वीडियो क्लिप वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया। इतने से भी जब उसका मन नहीं भरा तो युवती की वीडियो क्लिप भेज उसका रिश्ता भी तुड़वा दिया।

माल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती ने थाने में दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि बेलबिरवा निवासी उग्रसेन कमालपुर लोधौरा चौराहे पर क्लीनिक चलाते है। जहां युवती को काम करने के लिये रखे था। युवती का आरोप है कि विगत 10 जून को क्लीनिक संचालक उग्रसेन ने उसे कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बेसुध कर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बना उसका वीडियो क्लिप बना लिया। जब युवती को होश आया तो उसने इसका विरोध किया तो क्लीनिक संचालक उग्रसेन ने मारपीट कर उसका वीडियो क्लिप वायरल करने की धमकी देने लगा।

**युवती की ससुराल वीडियो क्लिप भेज तुड़वाई शादी :** युवती का आरोप है कि उसका विवाह उन्नाव जनपद के थाना औरास के ग्राम कोइलियाखेड़ा से तय था। लेकिन क्लीनिक संचालक ने उसकी ससुराल वीडियो क्लिप भेज उसका रिश्ता तुड़वा दिया। जिससे युवती ने परेशान होकर माल थाने में तहरीर दी है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक माल राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रकरण की जानकारी नहीं है। मामले की जानकारी कर जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## भाई की मिट्टी में जा रही बहन की हादसे में मौत

**अमृत विचार, हरदोई:** भाई की मौत की खबर सुनते ही पति के साथ उसकी मिट्टी में शामिल होने जा रही बहन भी हादसे का शिकार हो कर जख्मी हो गई। उसे इलाज के लिए मेडिकल पहुंचाया जा रहा था, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी भी मौत हो गई। जबकि पति भी बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। शुक्रवार को बघौली थाने के बन्नई निवासी सत्येन्द्र पुत्र रामवीर सण्डीला के पास हुए सड़क हादसे में ज़ख्मी हो गए और उन्हें इलाज के लिए लखनऊ मेन भर्ती कराया गया। वहां शनिवार की शाम को उसकी मौत हो गई। देर रात उसका शव गांव पहुंचा।

# भाइयों ने हत्या कर जलाया था बहन का शव

संवाददाता, हरदोई


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी भाई।

**अमृत विचार।** भाई अपनी बहन को मौसी की बीमारी का बहाना बनाकर उसे घर से लेकर निकले और रास्ते में गाड़ी के अंदर ही उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद पेट्रोल डाल कर शव जला दिया। एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने इस तरह के ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी सगे भाई हैं। उनकी 18 वर्षीय बहन अपने प्रेमी के साथ रहने पर अड़ी थी, उसी के चलते भाइयों ने वारदात को अंजाम दिया।

एसपी पूर्वी श्री कुमार ने बताया कि 30 मई को अतरौली थाने के पवायां से गहदौ वाले रास्ते पर पतवार के नीचे युवती का अधजला शव पड़ा बरामद हुआ था। उस मामले में अतरौली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी के निर्देश पर एसओजी/सर्विलांस/स्वाट टीम भी खुलासा करने के लिए जुटी थी। युवती की शिनाख्त बिट्टी उर्फ संगीता पुत्री प्यारे लाल निवासी कायस्थाना काकोरी लखनऊ के रूप में की गई। उसके बाद पुलिस की जांच और तेज हो गई। उसने हर एक पहलू को बड़ी बारीकी से परखा और सीसीटीवी के फुटेज खंगालने शुरू किए। जांच के बीच रविवार को पता चला कि पवायां के प्राथमिक स्कूल के पास ओमनी गाड़ी खड़ी है, जिस पर दो युवक सवार हैं। इतना पता होते ही एसएचओ अतरौली दिलेश कुमार सिंह ने पुलिस टीम के अलावा एसओजी, सर्विलांस/स्वाट टीम के साथ वहां घेराबंदी कर उन दोनों को दबोच लिया। एसपी पूर्वी ने बताया। ओमनी पर सवार युवक दुर्गेश सैनी पुत्र प्यारे लाल निवासी कायस्थाना काकारो व उसके भाई शंकर उर्फ रवि ने जुर्म कुबूल कर लिया। बताया कि बिट्टी उर्फ संगीता प्रेमी के साथ रहने के लिए अड़ी थी।

# केस दर्ज किया, गिरफ्तार करना भूल गई पुलिस

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** पचास हजार रुपए की रिश्वत लेने के कथित आरोप झेल रही कोतवाली पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। दरअसल, पॉक्सो एक्ट के आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस की टाल-मटोल जारी है। केस दर्ज होने के सत्रह दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही है। पूरा मामला दिन-दहाड़े खेतों की ओर शौच गई नाबालिग से असलहे के बल पर दुष्कर्म करने और कई घंटे तक बंधक बनाए रखने से जुड़ा है।

मालूम हो कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 27 मई की दोपहर करीब 12 बजे एक नाबालिग लड़की शौच के लिए गांव के बाहर खेतों की ओर गई थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव का विपिन चुपके से अपनी साइकिल से आया और नाबालिग को जबरन दबोच ले गया। असलहे के बल पर वह नाबालिग को पड़ोस के गन्ने के खेत में ले गया और डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं दबंग विपिन ने कई घंटे तक नाबालिग को अपनी कैद में रखा। उधर कई घंटे बीत जाने के बावजूद जब पीड़िता घर नहीं पहुंची तो उसकी बड़ी बहन ने अपने चाचा को सूचना दी। भतीजी को ढूंढने के लिए चाचा खेतों की तरफ पहुंचा। उसने देखा कि विपिन उसकी भतीजी को पकड़े हुए है। चाचा की ललकार पर विपिन अपनी साइकिल और मोबाइल छोड़कर मौके से फरार होने में सफल रहा। चाचा के साथ घर पहुंची पीड़िता ने परिजनों को पूरी बात बताई। पीड़िता के पिता ने मंगलवार को कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने आरोपी की गुमशुदगी तो दर्ज कर ली लेकिन पीड़िता के पिता की तहरीर पर कोई केस दर्ज नहीं किया था।


घंटाघर के सामने रईस मंजिल में हजरत मुस्लिम की याद में गम मनाते लोग। अमृत विचार

## हजरत मुस्लिम की याद में हुआ सफीर-ए-हुसैनी का मातम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हजरत इमाम हुसैन के शांतिदूत हजरत मुस्लिम की दर्दनाक शहादत की याद में सीतापुर रोड स्थित कर्बला नसीरुद्दीन हैदर और घंटाघर के सामने रईस मंजिल में सफीर-ए-हुसैन का गम मनाया गया। मातमदारों ने हजरत मुस्लिम का ताबूत और हजरत अब्बास का अलम निकाला। इसमें हजारों लोगों ने शिरकत की। कर्बला नसीरुद्दीन हैदर में प्रिंस इकबाल मिर्जा के संचालन में मौलाना मुमताज अली ने कुरान की तिलावत से कार्यक्रम की शुरुआत की। हसन रजा ने सोज व सलाम पेश किये। मौलाना अनवर हुसैन रिजवी ने यहां मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने अपनी जान कुर्बान कर यजीद के इस्लाम को मिटा देने के ख़्वाब को तोड़ दिया। अपने परिवार और दोस्तों को कुबान कर उन्होंने यजीदी आतंक का खात्मा कर दिया। मजलिस के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने मातम किया।घंटाघर के सामने रईस मंजिल में हजरत मुस्लिम की याद में गम मनाया गया। काले कपड़ों में हजारों लोगों ने घंटाघर के सामने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। हजरत मुस्लिम का ताबूत और अलम देखकर लोग रो पड़े।

## खुद को भाजपा का पदाधिकारी बताकर खनन करा रहा युवक

**अमृत विचार, हरदोई :** कोतवाली क्षेत्र में मिट्टी खनन का अवैध कारोबार पिछले काफी दिनों से चल रहा है। इस अवैध कारोबार को संचालित करने वालों को पुलिस और खनिज विभाग का संरक्षण प्राप्त है। सूत्रों के अनुसार सत्ताधारी दल के कुछ नेताओं का संरक्षण प्राप्त होने के चलते प्रशासन इस मिट्टी माफिया का कुछ नहीं कर पा रहा है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला भुड़िया का रहने वाला उक्त मिट्टी माफिया खुद को भाजपा का पदाधिकारी बताता है। सूत्रों के अनुसार उक्त युवक द्वारा एक खेत से मिट्टी निकालने का दो ट्राली का परमिट बनावता है और उसके बाद फावड़ा से कई ट्राली मिट्टी खोदकर बेच रहा है। युवक ने पाली थाना क्षेत्र के ग्राम किलकिली निवासी साथी के साथ मिलकर आगमपुर, मुरीदापुर और तड़ेर गांवों में खेतों से सैकड़ों ट्रॉली मिट्टी खोदकर बेच डाली।

## घर से गायब नाबालिग का पेड़ से लटका मिला शव

**अमृत विचार, सीतापुर :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग लड़की का शव घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर एक पेड़ में उसी के दुपट्टे से लटका मिला।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गांव के एक वाशिंदे की नाबालिग पुत्री का गुपचुप तरीके से किसी से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसको लेकर परिजन उसे शक की निगाहों से देखते थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को परिजनों ने किसी समय नाबालिग को मोबाइल फोन से बात करते पकड़ लिया। यह फोन परिजनों का नहीं था। इसलिए उन्होंने मोबाइल को जब्त कर लिया और फटकार लगाई। बताया जा रहा है कि अपनी जिद और परिजनों की फटकार से क्षुब्ध होकर मोनी शनिवार की देर शाम अपने घर से गायब हो गई। परिजनों ने उसे घर, पास-पड़ोस और गांव में काफी तलाश किया। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। रविवार की सुबह घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर गांव के उत्तर शीशम के पेड़ में नाबालिग का शव उसी के दुपट्टे के फंदे से लटकता मिला।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# मनोज सोनकर मध्यांचल और रमन बासु मित्रा लेसा के बने अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ



मध्यांचल विद्ययुत वितरण निगम लेसा के लिए चुने सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में कार्यरत अधीक्षण अभियंता बाराबंकी मनोज सोनकर को मध्यांचल निगम का क्षेत्रीय अध्यक्ष चुना गया। अधिशासी अभियंता राज कपूर को सचिव चुना गया। वहीं अधिशासी अभियंता रमन बासु मित्रा को लेसा इकाई का अध्यक्ष और अधिशासी अभियंता भजनलाल को लेसा का उपाध्यक्ष चुना गया। अधिशासी अभियंता अजय कुमार को लेसा का सचिव, तो सहायक अभियंता विनय कुमार को लेसा का संगठन सचिव चुना गया।

इसके अलावा विनय कुमार स्पोर्ट ऑफिसर पावर कॉरपोरेशन को पावर कॉरपोरेशन मुख्यालय इकाई का संगठन सचिव चुना गया है। सभी सदस्यों को कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष केबी राम, कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसपी सिंह, पीएम प्रभाकर महासचिव, अनिल कुमार, सचिन, आरपी केन सहित महासचिव अजय कुमार संगठन सचिव हरिश्चंद्र वर्मा और बिंदा प्रसाद ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

## चलती ट्रेन से नहर में गिरा युवक

**अमृत विचार, सीतापुर :** अपनी बहन के साथ दवा लेने जा रहा भाई चलती पैसेंजर ट्रेन से नहर में गिर गया। जिसकी तलाश परिजनों व पुलिस द्वारा की जा रही है। दरअसल बहन उर्मिला के साथ सुभाषनगर निवासी महेश यादव उर्फ सुनील यादव (30) पुत्र फूलचंद यादव अपने घर से लालपुर दवा लेने के लिए पैसेंजर ट्रेन से जा रहा था। तभी बहन उर्मिला के अनुसार करीब सुबह 9 बजे भगौली सैफन के पास उसका भाई चलती ट्रेन से शारदा सहायक नहर में अचानक से गिर गया। वह काफी दिनों से बीमार था जिसके चलते वह दवा लेने के लिए लालपुर जा रहा था। भागौली चौकी पर नियुक्त पुलिसकर्मियों से जानकारी ली गई है।

# निलंबित कांस्टेबल ने नदी में कूदकर दी जान

संवाददाता, सांडी, हरदोई

**अमृत विचार :** कहीं इंस्पेक्टर (क्राइम) तो कहीं सीबीआई अफसर बनकर लूट करने वाले सस्पेंड कांस्टेबिल ने शनिवार को गर्रा नदी में छलांग लगा दी। नदी में कूदने से पहले उसने पिता को फोन पर कहा कि वह ज़िंदा नहीं रहेगा, गर्रा नदी में जान दे देगा। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू कर दी है। एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि कांस्टेबल रामू सिंह का शव बरौलिया पुल से करीब 50 मीटर की दूरी पर बरामद कर लिया गया है।

अरवल थाने के खद्दीपुर चैनपुर निवासी रामू सिंह पुत्र देवेन्द्र सिंह की 2018 में पुलिस में भर्ती हुई थी। पीलीभीत के पूरनपुर थाने में उसकी तैनाती थी।रामू सिंह अपनी पत्नी रश्मि सिंह के साथ वहीं रहता था। पीलीभीत में एक सनसनीखेज़ खुलासा हुआ,जिसमें बताया गया कि रामू सिंह अपने पिछले दिनों वहां गैंग बना कर लूट करता था। अपने गैंग के सरफराज़,कल्लू उर्फ कलुआ और कुछ साथियों के साथ कहीं इंस्पेक्टर (क्राइम) तो कहीं सीबीआई अफसर बन कर लूटपाट को अंजाम दे रहा था। जांच में कांस्टेबिल रामू सिंह पर लगाए गए आरोप सच साबित होने पर कांस्टेबिल रामू सिंह को सस्पेंड कर दिया गया था।

# प्रधानमंत्री आवास मिला, कब मिलेगा जलभराव व गंदगी से छुटकारा

संवाददाता, बख्शी का तालाब


नाली न बनी होने की वजह से रास्ते के किनारे बहता गंदा पानी। अमृत विचार


समस्या के चलते आक्रोशित ग्रामीण प्रदर्शन करते हुए। अमृत विचार

▸▸ **बीकेटी नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड सात मामपुर बाना स्थित शक्ति नगर का मामला**

▸▸ **जलभराव व गंदगी से जूझ रहे पचास घरों में करीब पांच सौ लोग**

**अमृत विचार :** बख्शी का तालाब नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड सात मामपुर बाना स्थित शक्ति नगर मोहल्ला जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते बदहाल है। इस मोहल्ले में आधा दर्जन से अधिक गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास तो मिला मगर गंदगी और जलभराव से छुटकारा नहीं मिल सका।

स्थानीय निवासियों के मुताबिक, इस मोहल्ले में करीब 50 मकानों में लगभग 500 लोग निवास करते हैं और प्रधानमंत्री द्वारा शहरी आवास योजना के तहत शिवकुमार महतो, गुदुन कुमार महतो, सुदुन कुमार महतो, माला देवी, पृथ्वीनाथ महतो, बिनोदिनी कश्यप, बेटी पाण्डेय को पक्का मकान मिला मगर जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के चलते घरों के सामने दूषित जलभरा रहता है और खाली प्लाटों में लगे गंदगी के ढेर से आने वाली दुर्गंध से दर्जनों लोग विभिन्न प्रकार की संक्रमण बीमारियों से परेशान हैं। लोगों ने बताया कि करीब 10 वर्षों से वह नगर पंचायत कार्यालय से लेकर तहसील मुख्यालय तक जल भराव से व गंदगी से निजात दिलाने के लिए चक्कर लगा रहे है लेकिन आज तक उनकी समस्या का हल नहीं हो पाया है।

**सूरज ढलते ही अंधेरे में डूब जाते है, मोहल्ले के रास्ते :** लोगों के मुताबिक जब स्थानीय सभासद से मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट लगवाने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा कि यह मोहल्ला हमारे वार्ड के मानचित्र में नहीं आता है,जबकि लोगों का दावा है कि वह लोग मतदान इसी वार्ड सात में करते है।लोगों ने बताया कि शाम होने के बाद मोहल्ले में अंधेरा छा जाता है, और लोग सड़कों पर जलभराव होने के कारण गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं।

### लोगों ने खोली सफाई व्यवस्था की पोल



हम लोग इसी कीचड़ से होकर निकलते हैं। गंदगी होने के कारण पैर सड़ जाते हैं व मच्छर के आतंक से परेशान हैं लेकिन सफाईकर्मी कभी सफाई करने नही आता।

– सविता देवी



सड़कों पर जलभराव होने से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को इसी गंदे पानी से होकर दैनिक कार्य के लिए जाना पड़ता है इस समस्या को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

– राजू सिंह

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## बाइक से स्टंट

**कानपुर।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में मोतीझील में कारगिल पार्क के पास दस मिनट तक स्पोर्टस बाइक से एक युवक चौकी के सामने स्टंट करता रहा। इस दौरान स्वरूप नगर पुलिस का एक भी सिपाही मौजूद नहीं था। मोतीझील में रविवार दोपहर स्पोर्ट्स बाइक पर सवार युवक ने कारगिल पार्क से लेकर पिंक चौकी के सामने तक कई चक्कर स्टंट किया। युवक बाइक पर खड़े होकर स्टंट कर रहा था जिसे देखकर राहगीर उसका मोबाइल से उसका वीडियो बना रहे थे। इस दौरान पिकेट प्वाइंट और पिंक चौकी पर पुलिसकर्मी नदारद दिखे। बाइक सतीश चन्द्र नाम के नाम पर पंजीकृत है डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि बाइक नंबर के आधार पर चालान के साथ ही उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



# हत्यारोपी हिस्ट्रीशीटर समेत पांच गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** थाना व कस्बा फूलबेहड़ में हुए गौरी हत्याकांड में पुलिस ने मृतका के हत्यारोपी चाचा, उसके पुत्र, पत्नी, पुत्री और हिस्ट्रीशीटर साथी को दउदापुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों का पुलिस ने चालान भेजा है।

कस्बा फूलबेहड़ निवासी गुड्डू रस्तोगी की पुत्री गौरी (18) की गुरुवार की रात संदिग्ध हालत में जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप था कि युवती के चाचा राजेश ने शातिर अपराधी नरहर निवासी कमाल, अपने पुत्र अंकित, पुत्री कीर्ति, पत्नी कुशुमा के साथ साथ मिलकर उसकी बेटी की पिटाई की, जिससे आई चोटों के कारण पुत्री गौरी की मौत हो गई। पुलिस ने परिवार वालों के हंगामा करने और सड़क जाम करने पर आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को परिवार वाले आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर फिर भड़क गए थे और शव का अंतिम संस्कार रोक दिया था। परिवार वालों का कहना था कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती। तब तक वह शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। इससे पुलिस के हाथ पाव फूल गए थे। मौके पर पहुंचे सीओ पीपी सिंह ने काफी मान मनौव्वल की थी और आरोपियों को 24 घंटे में गिरफ्तार करने के आश्वासन दिया था। इस पर परिवार के लोग माने थे और करीब पांच घंटे बाद शव का अंतिम संस्कार किया था। सीओ पीपी सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगाई गई थीं।

# योगी को मारने की धमकी देने वाला निकला सिरफिरा

**कानपुर, अमृत विचारः** क्राइम ब्रांच दरोगा का नाम और फोटो लगाकर एक सिरफिरे ने एक्स पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी थी। क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम में तैनात दरोगा ने साइबर पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराकर जांच शुरू की और एक्स एकाउंट के जरिए साइबर थाना पुलिस ने सिरफिरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम में तैनात दरोगा मोहम्मद आरिफ की रिपोर्ट अनुसार 12 जून 2024 की रात 10:22 बजे से 10:27 बजे तक तीन बार उनको फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में दरोगा पद पर तैनात बताया। साथ ही धर्म के नाम पर उससे वसूली करने और आरिफ को बदनाम कर जान से मार डालने की धमकी दी थी।

# मुठभेड़ में दो अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार, तमंचा बरामद

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** चोरी की बढ़ी घटनाओं पर लगाम लगाने और आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस के अभियान का असर दिखने लगा है। इसी क्रम में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम को देखकर आरोपियों ने गोली चला दी। बचाव में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस तरह हुई मुठभेड़ गोली लगने से दो आरोपी, एक एसआई व दो कांस्टेबल घायल हो गए। पुलिस ने चोरों के पास से पिकअप में चार भैंसों सहित अन्य मवेशी, दो तमंचे, तीन कारतूस व दो खोखे बरामद किए हैं।

रविवार की रात टड़ियावां पुलिस को पता चला कि उसी थाने के गुरुदयाल पुरवा मजरा जपरा के बबूल वाले जंगल में कुछ संदिग्ध लोग छिपे हुए है। उनके पास एक पिकअप है, जिसमें कुछ मवेशी बंधे हुए है। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ जंगल में पहुंचकर घेराबंदी की। उधर एसपी के निर्देश पर एसओजी, सर्विलांस/स्वाट टीम ने भी मोर्चा संभाल लिया।

### आरोपियों का रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस

दबोचे गए रतिपाल व ताहिर के खिलाफ पहले से कई केस दर्ज है, जबकि सद्दाम का क्राइम रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। रतिपाल के खिलाफ शाहजहांपुर के मदनापुर थाने में जानलेवा हमला, चोरी, आर्म्स एक्ट के अलावा गैंगेस्टर एक्ट का भी केस दर्ज है। जबकि ताहिर के खिलाफ पिहानी कोतवाली में पशु क्रूरता एक्ट का केस दर्ज है।

# रायबरेली में दो बच्चों की हत्या कर मां ने दी जान

संवाददाता, लालगंज(रायबरेली)

- कोतवाली क्षेत्र के पूरे विजयी सिंह मजरे लोदीपुर उतरावा गांव की घटना

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के पूरे विजयी सिंह मजरे लोदीपुर उतरावा गांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक महिला ने अपने दो बच्चों की गला दबाकर हत्या करने के बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मामले में पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

पुलिस के अनुसार गांव के रतिभान यादव की पत्नी सोनी (35) ने अपने दो बच्चों रौनक (4) और रिमझिम (2) की हत्या कर खुद फांसी के फंदे पर झूल गई है। सोनी रतिभान की दूसरी पत्नी थी। उसकी पहली पत्नी पूनम यादव के औलाद न होने के कारण रतीभान ने 5 वर्ष पूर्व पूरे बचऊ बेलहनी की सोनी यादव के साथ दूसरा विवाह किया था। जिसके दो बच्चे हुए थे। गांव वालों के अनुसार रतिभान की दोनों पत्नी में आए दिन झगड़ा होता था। शायद इसी वजह से रविवार को सोनी ने पहले अपने दोनों बच्चों की गला दबाकर हत्या की और उसके बाद स्वयं भी मौत को गले लगा लिया। तीन मौतों की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि सोनी यादव फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली है। उसी कमरे में तख्त पर उसके दोनों बच्चे रिमझिम और रौनक भी मृत अवस्था में मिले हैं, जिससे यह जाहिर होता है कि महिला ने पहले बच्चों की हत्या की और फिर फांसी पर लटक गई। तीनों के शव को पीएम के लिए भेजा।

### तीन साल के कान्हा को गला दबाकर मार डाला

**प्रयागराज।** एक सौतेली मां ने अपने ही बेटे कान्हा (2) को मौत के घाट उतार दिया। घटना यमुना नगर के शंकरगढ़ के वार्ड 10 हज्जी टोला की है। पिता अजय कुमार की तहरीर पर एसीपी बारा संतलाल ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी महिला गुड़िया को गिरफ्तार कर लिया है। कान्हा (8) का बड़ा भाई कृष्णा सुरक्षित है।

# नहाने गए पांच किशोर गंगा में डूबे, दो की मौत

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** दो अलग-अलग जगहों पर गंगा नहाने गए पांच किशोर नदी में डूब गए। गोताखोरों की मदद से तीन किशोरों को डूबने से बचा लिया गया। दो किशोरों के शव नदी से बरामद कर लिये गये हैं।

पहला हादसा मलवां थाना क्षेत्र का है। क्षेत्र के कोराई गांव के रहने वाले संजय सिंह के दो पुत्र हर्षित पटेल (14) व अर्पित पटेल (12) गांव के रहने वाले योगेंद्र के पुत्र अमित (17) के साथ आदमपुर में गंगा नहाने गए थे। नहाते समय गहरे पानी में जाने से हर्षित नदी में डूबने लगा, जिसे बचाने के प्रयास में हर्षित का छोटा भाई और अमित भी डूबने लगे। मौजूद नाविकों ने किसी तरह अर्पित व अमित को बचा लिया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से हर्षित का शव बरामद किया। एसपी पीआरओ ने बताया कि गंगा नदी में डूबे तीन बच्चों में एक की मौत हुई है और दो को बचा लिया गया। दूसरा हादसा जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के खजुरियापुर गांव के रहने वाले राम मौर्य का 17 वर्षीय पुत्र अमन गांव के रहने वाले अपने दोस्त शुभम पुत्र प्रताप 14 वर्ष के साथ सुबह नौबस्ता गंगा घाट नहाने गए थे। नहाते समय अमन गहरे पानी में डूब गया, जिसे बचाने में शुभम भी पानी में डूबने लगा। मौजूद लोगों ने शुभम को बचा लिया।

# सांगानेर और अजमेर में दिखेगी संस्कृति और विरासत की झलक

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचारः** जयपुर, री-डवलपमेंट के बाद सांगानेर, अजमेर और पाली स्टेशन में विकास के साथ-साथ संस्कृति और विरासत की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही यह तीनों स्टेशन पर्यटक, आर्थिक और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में भी बेहद मददगार साबित होंगे। खास बात है कि जल्द ही इन स्टेशन पर री-डपलपमेंट कार्य भी शुरू हो जाएगा। रविवार को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने समीक्षा बैठक में तीनों स्टेशन के री-डवलपमेंट प्लान को मंजूरी दे दी है। वीडियो कांफ्रेंस के जरिए बैठक में रेलमंत्री जुड़े थे। उन्होंने सांगानेर स्टेशन पर चर्चा करते हुए कहा कि इस स्टेशन को भी गांधीनगर, जयपुर जंक्शन की भांति विश्वस्तरीय बनाया जाए। री डवलपमेंट के बाद यह पर्यटक, आर्थिक और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाने में भी उपयोगी साबित होगा। रेलमंत्री ने अजमेर स्टेशन को लेकर कहा कि स्टेशन के वर्तमान मूल स्वरूप के अनुसार ही डिजाइन कार्य किया जाएं। स्टेशन के बरामदे को और वृहद बनाने की जरुरत। उन्होंने कहा कि अजमेर राजस्थान का प्रमुख पर्यटन और धार्मिक स्थल है। ऐसे में वहां रेल सुविधाओं को व्यापक स्तर पर विकसित किया जाना चाहिए। वहीं, रेलमंत्री वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि, पाली मारवाड़ स्टेशन के री-डवलपमेंट में व्यापारिक दृष्टिकोष पर फोकस रहे।



अश्विनी वैष्णव।

### 600 करोड़ रुपये में बदलेगी सूरत

रेलवे अधिकारियों के अनुसार तीनों स्टेशनों को अत्याधुनिक बनाया जा रहा है। इसका खाका तैयार किया जा चुका है। जिस पर रेलमंत्री ने भी मुहर लगा दी है। रेलवे बोर्ड से कार्यों की स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि तीनों स्टेशन पर ज्यादा राशि खर्च होगी।

# निषाद समाज के लिए चल रहीं कई योजनाएं: संजय

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** रविवार को निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद जनपद के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने कि केंद्र और प्रदेश की सरकार राज्य में निषाद समाज के विकास व उत्थान के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिससे कि आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े हुए निषाद समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मछुआ समाज के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जैसे कि निषाद राज बोट योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना व मछुआ कल्याण कोष की भी स्थापना की जा चुकी है। जिसके अंतर्गत मछुआ समाज को चिकित्सा लाभ, शिक्षा लाभ, मछुआ आवास जैसी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि यूपी में केंद्र और राज्य सरकार के प्रति जनता में किसी भी प्रकार का रोष एंटी इन कंबेंसी नहीं था, विपक्ष द्वारा विभिन्न मुद्दों पर जनता को गुमराह किया गया। जैसे की केंद्र में एनडीए की सरकार बनती है तो आरक्षण समाप्त कर दिया जाएगा। 8 हजार रुपये महीना और सालाना एक लाख रुपये महिलाओं के खाते में दिये जाएंगे। जैसे कई भ्रामक प्रचार विपक्ष द्वारा जनता के बीच में किए गए। जिससे की जनता का नैरेटिव सेट किया गया और उत्तर प्रदेश की जनता कुछ बहुत भोली है और इनके भ्रामक प्रचार में आ गई।

### निषाद पार्टी पुरजोर ढंग से लड़ेगी उपचुनाव

निषाद पार्टी का उपचुनाव में रोल पर उन्होंने कहा कि भाजपा बड़े भाई की भूमिका में शुरू से रही है और उन्होंने विस चुनाव 2022 में निषाद पार्टी को 15 सीटे दी थी। ऐसे में गठबंधन धर्म के तहत कटेहरी और मझवा सीट हमारे कोटे की सीट रही है और निषाद पार्टी और एनडीए उपचुनाव में पुरजोर तरीके से चुनाव लड़ेंगा और जीत दर्ज कर विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश करेगा।

# उपचुनाव के नतीजों पर निर्भर भाजपा का भविष्य

**हैदरगंज, अयोध्या, अमृत विचारः** अंबेडकरनगर से नवनिर्वाचित सांसद लालजी वर्मा ने कहा भाजपा का भविष्य उपचुनाव के नतीजों पर निर्भर करेगा। 2027 में भाजपा को प्रदेश की सरकार से बाहर करने के लिए अभी से तैयारी शुरू की जानी चाहिए। आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने गुमराह किया, नहीं तो इंडिया गठबंधन की सरकार बनती।

# प्रोफेसर की पत्नी का शव फंदे से लटका मिला

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** कुमारगंज स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह की पत्नी नेहा कुमारी (25) का शव कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। मामला शनिवार रात 10 बजे का है। पति ने अपने सहयोगियों के साथ आनन-फानन में इलाज के लिए सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज किए जाने से पहले ही प्रोफेसर पति अपनी पत्नी को लेकर जिला अस्पताल चले गये।

जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# सांसद नहीं, सेवक के रूप में करूंगा काम

बल्दीराय, सुलतानपुर

- जीत के बाद पहली बार हलियापुर पहुंचे सांसद केएल शर्मा

**अमृत विचारः** आप लोगों ने हमें अमेठी का सांसद चुना है। हम आपके ऋणी है। आपके बीच सांसद नहीं सेवक के रूप में काम करेंगे। यह बातें अमेठी संसदीय क्षेत्र के सुलतानपुर जिले के बल्दीराय तहसील के गांव में कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करने के दौरान कांग्रेस सांसद केएल शर्मा ने कही।

अमेठी सांसद केएल शर्मा पिपरी में जिला पंचायत सदस्य नरेश चंद्र उपाध्याय दीपू, प्रधान प्रतिनिधि राजा सिंह, प्रधान असलम, डीह में अवधेश सिंह के आवास पर कार्यकर्ता आभार समारोह में जीत के बाद पहली बार पहुंचे। आगमन पर बड़ी संख्या में कांग्रेस व सपा कार्यकर्ताओ ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

सांसद ने उपस्थित जनता का जीत के लिए धन्यवाद किया। चर्चा के दौरान लोगों से कहा कि आप लोगों ने हमें अमेठी से सांसद के रूप में चुना है कभी भी आप लोगो को कोई समस्या हो तो मुझसे सीधे सम्पर्क व अमेठी आकर कभी भी मिल सकते हैं। मैं आप लोगों की समस्याओं को अपनी समस्या समझ कर निस्तारण करने की भरपूर कोशिश करुंगा। यहां अमेठी जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, सुलतानपुर जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, विजय पासी, पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी व दिलीप शुक्ला आदि मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-103

**बाएं से दाएं**

2. 1. ऊंचा बना हुआ स्थान, चबूतरा 2. भाषण स्थल 3. रंगमंच 4. खाट, खटिया, मचिया।
3. 1. मूल से संबंध रखने वाला, असली 2. अत्यावश्यक 3. आधारभूत, बुनियादी।
6. 1. शिक्षा, तालीम 2. उपदेश, हित की बात 3. अनुभव से प्राप्त होने वाला ज्ञान 4. परामर्श, सलाह, मंत्रणा। (मु.)–देना : नसीहत देना।
8. 1. तरतीब, क्रम 2. ढंग, तर्ज़, तरीका, कायदा 3. सलीका, शऊर 4. मेल, समानता।
9. 1. औ की लंबी ध्वनि करते हुए पेट की वायु का बाहर निकलना, उक्त कार्यव्यापार में होने वाली ध्वनि, पेट की वह वायु जो आवाज़ के साथ मुंह से निकलती है 2. बाघ की गरजन, दहाड़। (मु.)–जाना : हथिया लेना। –तक न लेना : चुपचाप हज़म कर जाना।
10. 1. पूंजीवाद तथा यथास्थितिवाद का विरोधी व्यक्ति, (लेफ़्टिस्ट) 2. साम्यवादी विचारधारा वाला व्यक्ति, (कम्यूनिस्ट)।

**ऊपर से नीचे**

1. केवल फूलों के पौधों से सुसज्जित बगीचा, फूलों वाला उपवन, पुष्पोपवन।
4. 1. लिखा हुआ, लिखित, लिपिबद्ध 2. दस्तावेज़ी।
5. दे. आंखमिचौनी।
7. किसी भी कार्य में नेतृत्व करने वाला व्यक्ति, नेता, नायक, अगुआ।
8. 1. धातु या मिट्टी का बना हुआ लोटे के आकार का एक पात्र, टोंटीदार लोटा 2. जहाज़ में लगाने की लोहे की कोनिया 3. एक प्रकार की मछली।



### वर्ग पहेली -102 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 थू | क | ना | | | | |
| | | | 2 क | ट | 3 ले | ट |
| 4 ध | 5 ब | ध | ब | | खा | |
| | ढ़ा | | ड़् | | जो | |
| 6 अ | व | 7 गं | ड | | खा | |
| रि | | गां | | | | 8 जू |
| हा | | 9 बु | ढ़ो | ती | | ड़ा |

## सुडोकू -16

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 7 | | | | 9 | 2 |
| | 6 | 2 | | | | 5 | | |
| 8 | | | 6 | 5 | | 3 | | 1 |
| 3 | | 1 | | | 6 | | | |
| 2 | | | | | | | | 7 |
| | | | 4 | | | 8 | | 3 |
| 6 | | 5 | | 1 | 4 | | | 9 |
| | | 7 | | | | 4 | 3 | |
| 4 | 2 | | | | 9 | | | 6 |

### सुडोकू - 15 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 |
| 3 | 8 | 4 | 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 2 | 7 | 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 | 8 | 4 | 3 |
| 4 | 6 | 8 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 9 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी पूर्ण रात्रि तक।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल–पूर्व। ऋतु–ग्रीष्म।
चन्द्रबल– मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल–भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–चित्रा 13 .50 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** – आज लोगों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। धन को लेकर परेशानियां दूर होंगी जिसके कारण आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। विवाह योग्य लड़कियों का विवाह तय हो सकता है। आपकी कार्यशैली में काफी सुधार हो सकता है।

**वृष** – आज विवादित मामलों से आपको बचना चाहिए। दिनचर्या काफी व्यवस्थित रहेगी। आप आय के वैकल्पित स्रोतों पर भी काफी ध्यान देंगे। आप पहले से अच्छे मूड में रहेंगे। नौकरीपेशा लोग अपने काम को लेकर काफी निष्ठावान रहने वाले हैं।

**मिथुन** – आज राजनीति से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर अति भावुक न हों। बहुत लंबी योजना बनाने के बजाय वर्तमान पर ही ध्यान देना लाभकारी होगा। करियर को लेकर आप कन्फ्यूज हो सकते हैं।

**कर्क** – आज किसी भी काम को बहुत जल्दबाजी में करना उचित नहीं होगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन शुभ नहीं है। अपनी पढ़ाई को लेकर गंभीर रहें। जॉब में सहकर्मियों के साथ आपको विवादों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह** – आज का दिन आपके लिए काफी शुभ रहेगा। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। आप कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे, किंतु आपको ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान काफी सावधानी रखनी चाहिए।

**कन्या** – आज बोलचाल के दौरान अच्छे शब्दों का प्रयोग करें। बंद पड़े कार्यों को शुरू करने में आप ध्यान दे सकते हैं। जीवनसाथी को आपसे कुछ शिकायत हो सकती है। परिजनों के साथ संवादहीनता न होने दें। आप अपने काम को लेकर काफी आक्रामक रहेंगे।

**तुला** – आज किसी बड़ी समस्या का आप समाधान निकाल सकते हैं। समाज में अपना प्रभाव मजबूत कर पाएंगे। तकनीक का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आप बौद्धिक कार्यों में लगे रहेंगे। कूटनीतिक योग्यता के माध्यम से आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे।

**वृश्चिक** – आज धन का अपव्यय हो सकता है। खरीदारी और लेनदेन के दौरान सावधानी का परिचय दें। संतान को लेकर चिंता हो सकती है। आपको अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। अनावश्यक विचार आपको भ्रमित कर सकते हैं।

**धनु** – आज आप अपनी कार्यशैली को उन्नत करेंगे। आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहने वाले हैं। व्यवसाय में विस्तार के लिए योजना बना सकते हैं। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ हो सकता है।

**मकर** – आज सहकर्मी मित्र आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। बेरोजगार लोगों के लिए दिन अच्छी संभावनाओं से भरा हुआ रहेगा। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए भी दिन अच्छा है। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – आज यात्रा के दौरान आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक कार्यों की तरफ आप ज्यादा आकर्षित हो सकते हैं। अपना समय बर्बाद न होने दें।। आपको कुसंगति से बचना चाहिए। लोग आपके साथ धोखा कर सकते हैं।

**मीन** – आज अपनी नौकरी को लेकर असंतुष्ट हो सकते हैं। जिन लोगों को अल्सर और पाचन की समस्या है, वे अपना विशेष ध्यान रखें। प्रेम विवाह को लेकर जल्दबाजी करना फिलहाल उचित नहीं है। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
मेला – सुबह : 10 .15
भीष्म – रात : 07 .00


**Zee Action**
गैम्बलर – सुबह : 10 .49
कार्तिकेय 2 – रात : 07 .30

**Sony Pix**
द मास्क – सुबह : 11 .15
सैन एंड्रियास – रात : 09 .00

**Zee Cinema**
नागभूमि – सुबह : 11 .23
किसी का भाई किसी की जान – रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
इंस्पेक्टर विजय – दोपहर : 12 .30
स्पाई – रात : 07 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेक दिया>
थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि कचरा किसने फेंका।
एक औरत ने गुस्से से कहा – फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने !
पप्पू हंसा और बोला– कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की – घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू – अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं...

सोऽस्य दोषो न मन्तव्य: क्षमा हि परमं बलम्।
क्षमा गुणों ह्यशक्तानां शक्तानां भूषणं क्षमा॥

क्षमा तो वीरों का आभूषण होता है। क्षमाशीलता कमजोर व्यक्ति को भी बलवान बना देती है और वीरों का तो यह भूषण ही है।

## संपादकीय

# कूटनीतिक सफलता

हाल ही में इटली में संपन्न हुआ जी-7 सम्मेलन में भारत बतौर अतिथि शामिल हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इटली का प्रवास ऐसे समय पर हुआ जब भारत में एक सप्ताह पहले तक चुनावी प्रक्रिया का अंतिम चरण चल रहा था और सरकार बनाने की प्रक्रिया चल रही थी। देश में सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री ने इस समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने जी-7 के सदस्य देशों (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी, कनाडा व जापान) के राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकात कर भारत के हित के संबंध में चर्चा कर समर्थन की मांग की। इसे भारत का कूटनीतिक कदम भी कहा जा सकता है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है कि इस मौके पर भारत ने कनाडा और चीन के तनावपूर्ण संबंधों पर अपनी बात रखी और पूर्व में उनके द्वारा की गई भारत विरोधी गतिविधियों पर जी-7 सदस्यों का ध्यानाकर्षण भी किया। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले कनाडा ने भारत पर कनाडा की धरती पर एक खलिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था,जबकि अमेरिका ने दूसरे खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। भारत ने आम तौर पर दोनों आरोपों को सिरे से खारिज किया। हालांकि अमेरिका के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी भी बनाई है, लेकिन शिखर सम्मेलन में मोदी का निमंत्रण जी-7 और उसके प्रतिद्वंद्वियों, विशेष रूप से चीन के बीच उभरती आर्थिक दौड़ में भारत की भूमिका का संकेत है।

सम्मेलन में भारत ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति के लिए चीन को चेताने का काम किया तो साथ ही भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे यानि आईएमईसी पर भी जिन नेताओं से मिले उन सभी से विचार विमर्श किया। भारत ने इस गलियारे में ज्यादा से ज्यादा देशों को शामिल करने का प्रयास किया। सच तो यह है कि भारत और अमेरिका ने चीन के न्यू सिल्क रोड यानी बेल्ट एंड रोड के जवाब में ही आईएमईसी बनाने का प्रारूप तैयार किया है। गौरतलब है कि गत वर्ष भारत में सितंबर में जी-20 सम्मेलन आयोजित हुआ था। इस अवसर पर भारत ने अमेरिका, सऊदी अरब एवं यूरोपीय देशों के नेताओं से मिलकर पर एशिया-पर्सियन गल्फ और यूरोप के देशों को जोड़ने के एक अति महत्वाकांक्षी आर्थिक गलियारे की योजना की घोषणा कर दी। बहरहाल जी-7 में भारत ने अपने हितों को अन्य देशों के साथ अवसर तलाशने का प्रयास तो किया ही, साथ ही तीसरी बार सरकार बनाने वाले नेता ने भारतीय लोकतंत्र की गरिमा का एहसास भी कराया। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जी-7 की बैठक में शामिल होने को उनकी कूटनीतिक सफलता माना जा सकता है।

# वनाग्नि से खतरे में 'हरा सोना'



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

इस साल उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की एक हजार से अधिक घटनाएं घट चुकी हैं, जिसमें डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। वनाग्नि में नौ लोगों की जानें चली जाने की खबरें हैं।

दो दिन पहले कुमाऊं के बिनसर अभयारण्य के जंगल में लगी आग को बुझाने जा रहे आठ वन कर्मियों में से चार की आग में झुलस कर दुःखद मृत्यु और चार वन कर्मियों के गंभीर रूप से ज़ख्मी हो जाने के बाद उत्तराखंड सरकार और वन महकमे की यकायक नींद खुल गई है। उत्तराखंड सरकार ने वन विभाग के एक वन संरक्षक और एक डीएफओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक को प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) के कार्यालय में संबद्ध करने के आदेश दे दिए हैं।

बिनसर अभयारण्य के जंगल की आग पर काबू पाने के लिए वायु सेना की मदद ली जा रही है। 14 जून को वायु सेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने भीमताल की झील से पानी लेकर बिनसर के जंगल में छिड़काव किया। आग पर काबू पाने का काम अब भी अनवरत जारी है। इधर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के कई जंगल अभी भी दावानल की चपेट में हैं। इस साल उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की एक हजार से अधिक घटनाएं घट चुकी हैं जिसमें डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा वन क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। वनाग्नि में नौ लोगों की जानें चली जाने की खबरें हैं। आग बुझाने में दर्जनों लोग जख्मी हुए हैं। उत्तराखंड के वन अतीत में भी धधकते रहे हैं। यहां के जंगलों में हर साल आग लगने की घटनाएं होती हैं। किसी वर्ष वनाग्नि की घटनाएं कम होती हैं। किसी साल अधिक। जंगलों का जलना मानो नियति-सी बन गई है। पहाड़ के जंगलों में आग लगना एक स्थायी समस्या मान लिया गया है।

इस वर्ष लंबे वक्त से बारिश नहीं होने से मौसम बेहद शुष्क है। तेज हवाएं चल रही हैं। इससे आग की मारक क्षमता बढ़ गई है। नतीजतन जंगल बारूद के ढेर की तरह आग में धधक रहे हैं। आमतौर पर हर तीसरे और चौथे साल बाद वनाग्नि का प्रकोप अधिक होता है, लेकिन इस साल दावानल ने जबरदस्त तांडव किया है। पहाड़ के जंगलों में हर साल लगने वाली आग की तपिश वन विभाग की कुंभकर्णीय निंद्रा को नहीं तोड़ पाई। जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं को वन विभाग ने कभी भी गंभीरता से नहीं लिया। जंगलों में हर साल आग लगती है। आग की तपिश खत्म हो जाने के बाद वन महकमा आग लगने के कारणों की सतही जांच के बाद नुकसान का मामूली आकलन कर दावानल के मामलों को दाखिल दफ्तर कर देता है। बदकिस्मती यह है कि जंगलों में आग लगने का मुद्दा पहाड़ में राजनीतिक चिंता का विषय नहीं बन पाया।



अलग राज्य के वजूद में आने के बाद उत्तराखंड में उच्च स्तरीय वन अधिकारियों की संख्या तो क्रमश: बढ़ती चली गई, लेकिन जमीनी स्तर के कर्मचारियों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ है। वन महकमे के पास वनाग्नि से निपटने के लिए दक्ष जमीनी कर्मचारियों की कमी है। आधुनिक उपकरणों का अभाव है। आज भी परंपरागत तरीके से टहनियों से ही आग बुझाई जाती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक काम है।

दरअसल उत्तराखंड के जंगलों के साथ अंग्रेजी हुकूमत के दिनों से ही अच्छा सलूक नहीं हुआ। तब उत्तराखंड की वन संपदा को 'हरा सोना' मानकर यहां के जंगलों का जमकर शोषण हुआ। आजादी के बाद भी यहां के वन और वन संपदा का व्यावसायिक दोहन थमा नहीं। वनों की सुरक्षा और विकास के पुख्ता इंतजाम करने के बजाय अव्यावहारिक वन कानूनों के जरिए जनता और जंगलों की दूरी पहले के मुकाबले कई गुना अधिक बढ़ा डाली गई। अलग उत्तराखंड राज्य बनने के बाद सियासी नजरिए से यहां के वनों का खूब प्रचार हुआ। यहां के कुछ नेतागण वनों के एवज में 'ग्रीन बोनस' की भी मांग करते रहे हैं। पहाड़ की सियासत में 'जल, जंगल, जमीन' सर्वदलीय और सार्वभौमिक नारा है। यहां की सियासत इन्हीं मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। पर इनकी असल हकीकत से सभी नावाकिफ हैं। इनकी असलियत जानने-समझने की इच्छा शक्ति भी दिखलाई नहीं देती है। अलग राज्य के वजूद में आने के बाद जल, जंगल और जमीन को संरक्षित रखने की दिशा में ईमानदार पहल नहीं हुई। परिणामस्वरूप ये मुद्दे सियासी नारे से आगे नहीं बढ़ पाए।

अलग राज्य के वजूद में आने के बाद उत्तराखंड में उच्च स्तरीय वन अधिकारियों की संख्या तो क्रमशः बढ़ती चली गई, लेकिन जमीनी स्तर के कर्मचारियों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ है। वन महकमे के पास वनाग्नि से निपटने के लिए दक्ष जमीनी कर्मचारियों की कमी है। आधुनिक उपकरणों का अभाव है। आज भी परंपरागत तरीके से टहनियों से ही आग बुझाई जाती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक काम है। वन विभाग में फील्ड स्टॉफ की कमी के चलते वन संपदा की खूब चोरी होती है। उत्तराखंड का वन महकमा वनीकरण के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए खर्चता है। दावानल के बाद कथित वृक्षारोपण के सबूत भी जल कर नष्ट हो जाते हैं। वनीकरण के कथित दावों की पुष्टि नहीं की जा सकती है।

बेशक अंग्रेजी राज में पहाड़ के जंगलों का व्यावसायिक रूप से खूब दोहन हुआ, लेकिन तब जंगलों की सुरक्षा का भी समुचित ध्यान रखा जाता था। ब्रिटिश शासनकाल में गांव के मुखिया को 'पधान' कहा जाता था। पधान की राजस्व, फौजदारी सहित अनेक जिम्मेदारियां तय थीं। आजादी के बाद 'पधान' का पदनाम बदल गया। 'पधान' अब ग्राम प्रधान हो गए हैं। ब्रिटिश शासनकाल में पधानों की अपनी ग्राम सभाओं के प्रति कुछ निश्चित जिम्मेदारियां थीं। कानूनी रूप से उनके कुछ दायित्व तय थे जिनका उन्हें हर हाल में निर्वहन करना होता था। आज कल के ग्राम प्रधान अंग्रेजी राज में उन्हें सौंपे गए दायित्वों से मुक्त होकर विशुद्ध ठेकेदार की भूमिका में आ गए हैं।

अंग्रेजी हुकूमत के दौरान 24 अगस्त,1910 को जारी शासनादेश संख्या-1765/1-148 द्वारा पधानों और मालगुजारों की जिम्मेदारियां तय की गईं थीं। इस शासनादेश के बिंदु संख्या-21 में कहा गया था- "यदि कोई व्यक्ति बंद जिला जंगलों या शाही जंगलों में आग लगाए या कायदों के खिलाफ पेड़ों को काटे, पेड़ों की टहनियां छिले अथवा बिना कानूनी इजाजत जंगलात की पैदावार को बेचे या बेचने को ले जाए, तो पधान इसकी रिपोर्ट पटवारी या जंगलात के मुलाजिम को देगा।''इसी शासनादेश के बिंदु संख्या-22 में कहा गया था कि- ''उसके (पधान) गांव के नजदीक के किसी संरक्षित बंद सिविल जंगल या शाही जंगल में अगर आग लग जाए तो वह (पधान) फौरन गांव वालों को इकट्ठा कर आग बुझाने जाएगा। जब किसी जंगलात के मुलाजिम द्वारा उसे आग बुझाने को बुलाया जाता है तो वह (पधान) आग बुझाने में में वन कर्मियों की मदद करेगा।"

आज जबकि वन विभाग ही अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह बना हुआ है तो ऐसी सूरत में ग्राम प्रधानों से कोई उम्मीद करना बेमानी है। कुछ दिन बाद बरसात आ जाएगी। वर्षा होते ही वनाग्नि शांत हो जाएगी। अगले साल की गर्मियों तक जंगल की आग का मुद्दा भी हमेशा की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा। बरसात में जंगलात विभाग फिर वनीकरण करेगा। अगली गर्मियों में पुनः वनीकरण वनाग्नि की भेंट चढ़ जाएगा। यह कहानी वर्षों से दोहराई जाती रही है। आगे भी जारी रहेगी।

## प्रसंगवश

# नीतीश और नायडू

240 सांसदों की अल्पमत वाली भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का गठन कर लिया है। यह सरकार दो विशिष्ट बैसाखियों पर टिकी है, जो हैं 12 सांसदों वाली नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) और 16 सांसदों वाली चन्द्रबाबू नायडू की तेलगू देशम पार्टियां। कुछ और लघु सहायक भी हैं। ऐसा लगता था कि इस समर्थन के बदले ये दोनों कोई बड़ी सौदेबाजी करेंगे, किंतु अब तक जो तस्वीर सामने आई है, उसके अनुसार तो इनके हाथ झुनझुना ही लगा है। दोनों को मामूली विभाग वाला एक-एक कैबिनेट और एक-एक राज्यमंत्री ही हाथ लग पाया है। आगे की तस्वीर अभी धुंधली है। दोनों के नेता बेजोड़ पलटीमार फिर ऐसा दब्बूपन क्यों? नीतीश की तो मजबूरियां स्पष्ट हैं। उनका बिहार का मुख्यमंत्री पद ही भाजपा के भरोसे है। अब राजद की ओर पलट कर जाने का विकल्प बंद सा है, क्योंकि पिछले दिनों नीतीश भाजपा की शरण में आए ही इसलिए थे कि तेजस्वी खुद मुख्यमंत्री बनने की जोड़ तोड़ कर रहे थे। आगे 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव भी हैं और स्थिति कमोवेश ऐसी ही रहनी है। नीतीश का अपना पूर्ण बहुमत न कभी रहा है और न आएगा, किंतु मुख्यमंत्री वे बनना चाहेंगे। ऐसे में मोदी की कृपा ही उनका बेड़ा पार लगाएगी, जिसे वे सार्वजनिक रूप से पैर छूकर अर्जित कर रहे हैं। केंद्र में जो पद मिल गए, वे 'भागे भूत की लंगोटी' के समान और काफी हैं। अतः वे झुके बने रह सकते हैं। हालांकि चन्द्रबाबू नायडू के साथ ऐसी मजबूरी नहीं है। उनकी आंध्र में अपने बलबूते की सरकार है। तब वे इतनी कम उपलब्धि पर मान जाएं, यह बहुत कठिन है। राजग में थे तो वे पहले भी,किंतु घात लगते ही उसे छोड़ दिया था। अभी स्पीकर चुनाव पर उहापोह है। समझा जाता है कि नायडू इस कुंजी-पद पर अपनी पार्टी का आदमी बिठाना चाहते हैं। अब यदि इस मुद्दे पर बात न बनी, तो दरार जरूर पड़ेगी। एक बीच का रास्ता भी ढूंढा जा रहा है। वह यह कि भाजपा सांसद डी.पुरंदेश्वरी को इस आसन पर बिठा दिया जाए। वे चन्द्रबाबू की साली हैं। उनके नाम पर तो वे सहमति जता ही देंगे। बहरहाल आगे का घटनाचक्र देखने लायक होगा।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# प्रबंधन को अपनाकर वर्षा जल का करें संरक्षण



डा. खलील खान
कृषि विज्ञान केंद्र, कानपुर

हमारे पास उपलब्ध जल का 70 प्रतिशत उपयोग कृषि कार्य में होता है। अत: हमारी जिम्मेदारी भी अधिक है कि वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ जल के प्रबंधन एवं सिंचाई दक्षता को अपनाना होगा।

हमारा देश कृषि आधारित है। आज भी 70 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर आधारित है और कृषि आधारित जल पर जिसमें 70 प्रतिशत सिंचाई भूजल के भरोसे है। इसके लिए हमें सबसे पहले वर्षा जल को संरक्षित करने भूगर्भ जल बढ़ाने हेतु रिचार्ज बढ़ाने जल स्रोतों का पुनरुद्धार करना होगा,क्योंकि यह सत्य है कि बिन पानी सब सून।

उत्तर प्रदेश में आगरा, बुलंदशहर, फिरोजाबाद, हाथरस, मैनपुरी, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, संभल, अमरोहा, जौनपुर, प्रतापगढ़, कानपुर नगर एवं कानपुर देहात आदि जनपदों में भूजल संकट निरंतर बढ़ता जा रहा है। जल एवं वायु से ही जलवायु का अस्तित्व है। जलवायु परिवर्तन में जल की समस्या को बढ़ाया है। वनों की कमी पृथ्वी की जल संग्रह संरक्षण क्षमता पर प्रतिकूल असर डालता है,परंतु यदि हम खेती की ऐसी तकनीकी अपनाए,जो जलवायु के लिए मददगार हो वह जल की मात्रात्मक एवं गुणात्मक दोनों का सुधार होगा। अभी देश में ज्यादातर सिंचाई डूब प्रणाली के तहत की जाती है। विशेषता नहरी क्षेत्रों में खेतों को लबालब भर दिया जाता है।

पौधों को पानी देने हेतु ड्रिप एवं स्प्रिंकलर प्रणाली को अपनाकर हम "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" को सिद्ध कर सकते हैं। कम पानी चाहने वाली फसलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। ऐसी फसल प्रणाली अपनाना होगा कि खेत की नमी का पूरा उपयोग हो और फसलों की सिंचाई की क्रांतिक अवस्थाएं जानकर सिंचाई करनी होगी। हमें जल उपयोग प्रबंधन के साथ जल संरक्षण के ऐसे प्रबंधन अपनाने होंगे जिससे गांव के पानी को गांव क्षेत्र में तथा खेत का पानी खेत में रोका जा सके। गांव व खेत के तालाबों को इस लायक बनाना होगा कि उसमें एकत्र होने वाला पानी संरक्षित बना रहे। जुलाई-अगस्त-सितंबर में वर्षा जल के संरक्षण प्रबंधन की जन जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा समय-समय पर कृषक भाइयों तक तकनीकी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

भूजल से सिंचाई करने के बजाय वर्षा के पानी का उपयोग क्षमता व प्रबंधन बढ़ाना होगा। शुष्क तथा अर्ध शुष्क क्षेत्रों में आज भी आजीविका मुख्य साधन वहां की जल जमीन एवं जंगल तथा जानवर पर निर्भर है प्रकृति का स्वरूप विकृत हुआ है,क्योंकि आबादी बढ़ने के साथ आवश्यकताएं भी बढ़ी हैं। इन सब संसाधनों एवं उपायों को कारगर बनाने हेतु हमें 3 माह जुलाई, अगस्त और सितंबर में जल संरक्षण एवं रिचार्ज के प्रबंधन को अपनाना होगा,जो वर्षा हो उसकी हर बूंद को अपने खेत क्षेत्र (जलागम क्षेत्र) में संरक्षित करने का प्रबंधन अपनाना होगा। हमारा विश्वविद्यालय जल एवं भूमि संरक्षण के कारगर उपाय हेतु दृढ़ संकल्पित है। हमारे पास उपलब्ध जल का 70 प्रतिशत उपयोग कृषि कार्य में होता है। अतः हमारी जिम्मेदारी भी अधिक है कि वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ जल के प्रबंधन एवं सिंचाई दक्षता अपनाना होगा। जल संरक्षण हेतु तकनीकी प्रबंधन में रबी फसलों की कटाई के बाद खेत की गहरी जुताई करना,कटी मेड़ों को बांधना, हरी खाद की बुवाई आदि कार्य के साथ जल संरक्षण हेतु "मोटी मेड़ छोटे खेत" का प्रबंधन अपनाना होगा।

विश्व में खेती में इस्तेमाल होने वाली जमीन 52 प्रतिशत से अधिक जल अपवाह के प्रबंधन सही न होने पर छरित होती है। वर्तमान में पर्यावरण से जुड़ी सभी समस्याओं में से भारत के लिए सबसे चिंताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है। खेती में जल प्रबंधन में क्षेत्र आधारित जल की उपलब्धता विशेष जलवायु को विशेष फसल पद्धति सूक्ष्म सिंचाई, टपक सिंचाई व बौछारई को अपनाना होगा जिसमें हर बूंद पानी का प्रयोग होता है। देश में जल की कमी से अधिक जल के प्रबंधन की आवश्यकता है जिसको हमारे कृषि विज्ञान केंद्र व विश्वविद्यालय गांव-गांव, खेत-खेत तक तकनीकी पहुंचाने में कार्य कर रहे है। माह जुलाई-अगस्त-सितंबर के 90 दिन का प्रबंधन भू जल स्तर को ऊपर उठा सकता है। तालाब,पोखर भरे रहेंगे,खेतों में नमी संरक्षित रहेगी,परंतु तीन माह जल संरक्षण पर सतर्क रहना है। यदि हम वर्षा जल को संरक्षित कर ले तो पूरे देश-प्रदेश में जलस्तर बढ़ने के साथ-साथ जल उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी।

## सोशल फोरम

# भाषा की सामाजिक संरचना

आजकल दिमाग अजीबोगरीब बातों से उलझा करता है। अब यही देखिए, जो बात करने चला था उसके पहले इस 'अजीबोगरीब' पर उलझ गया। 'अजीब' और 'गरीब' दोनों फरसी मूल से हैं। इनका ठीक-ठीक पर्याय मूल हिंदी या त्तासम का कोई शब्द नहीं मिला। 'विचित्र' को पर्याय नहीं कह सकते। बहरहाल या दूसरी बात है। 'अजीबोगरीब' को लेकर मन में सवाल उठा कि 'अजीब' होने का 'गरीब' होने से क्या संबंध है?

क्या अजीब होने के लिए गरीब होना अनिवार्य है? या गरीब को अजीब मान लेने का रिवाज है? यह 'गरीब' बेचारा वाले अर्थ में प्रयुक्र गरीब नहीं है, जो अंग्रेजी के 'पूअर फेलो' के बदले आता है, लेकिन इसमें 'अजीब' को हिंदी के 'विचित्र के समानार्थक के रूप में देखा जा सकता है फिर भी इसमें 'गरीब' वाली ध्वनि छूट जाती है। इस पर ध्यान इसलिए गया कि अक्सर हम लोग मुस्लिम समाज को भेदभावरहित समझ लेते हैं। हालांकि जहां भी मनुष्य समाज में संगठित है और कम या ज्यादा विकास कर रहा है, वह स्तरों की संरचना से बाख नहीं सकता। बादशाह और उसका बावर्ची, दरबारी और उनके दर्जी-धोबी, सैनिक और साईस एक नहीं हैं, न समान हैं। रानियां भी एक सामान नहीं होतीं। बेशक,उनमें भारत या जापान की तरह छुआछूत का भेद नहीं है, लेकिन स्वामी और सेवक का भेद है।

इसलिए 'अजीब' और गरीब' को जोड़कर बनाया गया शब्द अभिजन का दृष्टिकोण व्यक्त करता है। भाषा की संरचना सामाजिक संरचना को ही व्यक्त करती है। मन में बात उठी कि 'समतल' का विलोम क्या होगा? किसी ने कहा 'खुरदुरा',लेकिन वह तो 'चिकना का विलोम ज्यादा सटीक लगता। बहुत सोचने के बाद लगा, अगर सम-विषम का विलोम हटा है तो समतल का विलोम विषमतल क्यों नहीं हो सकता?

यह सिर्फ कौतुक नहीं है। अपनी भाषा के विभिन्न पहलुओं पर सोचने-विचारने की साझा कोशिश है। इसलिए आपसे बात की मान लीजिए कि बोलचाल की सरल भाषा में कहें तो जमीं बराबर हाउ या नहीं है। क्या इस बराबर नहीं को 'गैरबराबर' कहा जा सकता है?



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

-फेसबुक वॉल से

# पतंगबाजी, यमुना और गंगा दशहरा



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

पतंगबाजी पुरानी संस्कृति के सबसे बेहतरीन रूपों में से एक है। पतंग उड़ानी है तो पेंच भी लड़ाने होंगे। उसमें जो आनंद होता था, पतंग काटने या कटने, पतंग लूटने का जो मजा था, वह आनंद मोबाइल कल्चर, वह ट्यूब कल्चर में नहीं है। पतंगबाजी की प्रतिस्पर्धा के अपने मजे थे। उसमें शानदार एडवेंचर था। खास तरह की प्रतिस्पर्धा थी। उसके बारे में आजकल के युवाओं के पास कोई अनुभव नहीं है। पतंग कल्चर का युवाओं के जीवन से गायब होने का अर्थ है संस्कृति के स्वत: स्फूर्त अनुभव का अंत।

कल गंगा दशहरा था और गूगल वाला पितृ दिवस भी। विलक्षण संयोग था पतंगबाजी का महोत्सव था। मैं मथुरा में हूं। पिता से वायदा किया था कि उनकी अनुपस्थिति में जितना संभव हो, मैं अपने मथुरा घर पर रहूं। उनके देवी-देवताओं की सेवा-अर्चना करूं। उनके साथ किए वायदे को मैं यथाशक्ति निभाता हूं।

इस दिन का मथुरा का पुराना अनुभव और यथार्थ कहां और कैसे गायब हो गया यह अपने आप में चिंता की बात है। इस दिन शहर की सारी छतें पतंग उड़ाते युवाओं से सारे दिन भरी रहती थीं। छतों की रौनक देखने लायक होती थी। पतंगबाजी के सामान की दुकानें कई सप्ताह पहले से भरी रहती थीं। दशहरे के आगमन के पहले से पतंगें आकाश को घेरे रहती थीं। पतंग बेचने वालों के लिए यह अवसर बहुत बड़ा दिन होता था। पिछले कई दिनों से मैं बाजार जा रहा हूं, पर पतंग बेचने वाले दुकानदारों की दुकानों पर रौनक नहीं दिखी।

आकाश पतंगों से रहित था। छतों से पुरानी रौनक गायब है। पतंग उड़ाते और पतंग का सामान खरीदते बच्चे गायब थे। यह सब क्यों और कैसे हुआ, इस पर सोचने का किसी के पास समय नहीं है। हम सब इतने व्यस्त और प्रगतिशील हो गए हैं कि अपने लोक जीवन के आनंद के क्षय को न तो समझते हैं और न समझाने की कोशिश करते हैं। पतंग अब इतनी कम क्यों उड़ती है? पहले क्यों अधिक उड़ती थी? इस सवाल का उत्तर खोजने जाएंगे तो पाएंगे कि हमारे जीवन से, खासकर युवाओं के जीवन से मनोरंजन और आनंद के पुराने रूप एक सिरे से गायब हो गए हैं। इसके कारण युवाओं में सांस्कृतिक अभाव पैदा हुआ है। पतंग की संस्कृति सांस्कृतिक सद्भाव की संस्कृति थी। पतंग मुसलमान कारीगर बनाते थे वे ही माजा बनाते थे। उन कारीगरों की सालभर की जिंदगी के संचालन में इस कारोबार की बड़ी भूमिका थी।

पता नहीं किस अदृश्य हाथ ने पतंगबाजी को बर्बाद कर दिया। पतंगबाजी ने युवा वर्ग में सामुदायिकता और स्थानीयता का संगम पैदा किया था। हिन्दू-मुस्लिम सद्भाव पैदा किया था। गंगा-जमुनी संस्कृति की पहचान थी पतंगबाजी। पतंगबाजी के क्षय का अर्थ है गंगा-जमुनी संस्कृति और युवाओं की धर्मनिरपेक्ष सामुदायिक चेतना का क्षय। इस क्षय को संभव बनाने में कई चीजों की भूमिका है। नव्य आर्थिक संस्कृति ने जिस तरह की युवा संस्कृति पैदा की है, उसने युवा संस्कृति के पुराने रूपों को एक सिरे से ध्वस्त किया है। इसने युवाओं को पुराने सांस्कृतिक रूपों, पुरानी युवा सामुदायिकता से एकदम विच्छिन्न किया है। अब युवा वास्तविक जीवन में पतंगबाजी करके आनंद नहीं लेता, बल्कि अब उसका मन तकनीक और इंटरनेट केन्द्रित संस्कृति और उपभोक्ता संस्कृति के रूपों में अधिक रमता है। ये सभी रूप युवाओं को संस्कृतिहीन बनाते हैं। संस्कृतिहीन युवा सामाजिक शिरकत और धर्मनिरपेक्ष चेतना से वंचित है और अपनी संस्कृति से प्रेम करना नहीं जानता। इस युवा का समाज से संबंध टूट चुका है।

पतंगबाजी पुरानी संस्कृति के सबसे बेहतरीन रूपों में से एक है। पतंग उड़ानी है तो पेंच भी लड़ाने होंगे। उसमें जो आनंद होता था, पतंग काटने या कटने, पतंग लूटने का जो मजा था, वह आनंद मोबाइल कल्चर, वह ट्यूब कल्चर में नहीं है। पतंगबाजी की प्रतिस्पर्धा के अपने मजे थे। उसमें शानदार एडवेंचर था। खास तरह की प्रतिस्पर्धा थी। उसके बारे में आजकल के युवाओं के पास कोई अनुभव नहीं है। पतंग कल्चर का युवाओं के जीवन से गायब होने का अर्थ है संस्कृति के स्वतः स्फूर्त अनुभव का अंत। उस स्टिंक्ट फीलिंग का अंत जो सदियों के श्रम से समाज ने विकसित की थी।

यही दशा यमुना की है। मेरा घर यमुना किनारे है। गंगा दशहरा के दिन जबरदस्त भीड़ होती थी। लाखों लोग यमुना में डुबकी लगाने के लिए मथुरा आते थे। शहर के रहने वाले यमुना में नहाने आते थे, लेकिन अब शहर के लोग नहाने नहीं आते। यमुना गंदे पानी से भरी पड़ी है। गंदगी, यमुना और धर्म का इस तरह का संगम सिर्फ भारत में ही संभव है। यमुना की पवित्रता के प्रति इस तरह की अवहेलना का भाव इस बात का संकेत है कि धर्म, धार्मिक प्रतीकों और नदियों की स्वच्छता पवित्रता के क्षय को लेकर समाज, राजनीति, उद्योग जगत, सत्ता तंत्र में कोई सचेतनता नहीं है। यह धर्म के क्षय का आदर्श रूप है, जो हमारे सामने है।

सवाल यह है कि नदियों में गंदगी देखकर जनता में क्रोध पैदा क्यों नहीं होता, जबकि जनता धार्मिक है! पवित्र नदियों का प्रदूषित रूप इस बात का प्रतीक है कि धर्म प्रदूषित हो रहा है। धर्मचेतना का क्षय हो रहा है। क्या यह हमारी लोकतांत्रिक चेतना के क्षय की सूचना तो नहीं है?

# बुजुर्गों में बढ़ती सामाजिक असुरक्षा

इलाहाबाद हाईकोर्ट की एक केस की सुनवाई के दौरान टिप्पणी आई है कि "हमारे देश में बच्चों से बुजुर्ग पेरेंट्स की देखभाल की अपेक्षा की जाती है, लेकिन नैतिक मूल्यों में इस कदर गिरावट आई है कि जिन बच्चों के लिए पेरेंट्स इतना त्याग करते हैं वही बच्चे बुढ़ापे में उन्हें खाने और मोहब्बत के लिए तरसा रहे हैं। कई मामलों में बच्चे पेरेंट्स से संपत्ति ले लेने के बाद उन्हें छोड़ देते हैं। यह बहुत ही दुखद है कि और नैतिक मूल्यों में गिरावट का प्रतीक है"। भारत में बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा का अनुसंधान कर रहे एनजीओ हेल्पेज की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार बुजुर्गों में सामाजिक और आर्थिक असुरक्षा तेजी से बढ़ रही है। देश में मात्र 29 प्रतिशत बुजुर्गों को ही सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे बुढ़ापा पेंशन, भविष्य निधि योजना का लाभ मिल रहा है।

नेशनल हेल्थ सर्वे की ताजा रिपोर्ट बताती है कि पिछले 5 वर्षों में जहां 15 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे उत्पत्ति में 2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। वहीं 60 से अधिक आयु के बुजुर्गों की संख्या 10 प्रतिशत से बढ़कर 12 प्रतिशत हो गई है। आंकड़ों के अनुसार इनमें से 70 प्रतिशत, कोई काम नहीं कर रहे हैं और यह अपने परिवारों पर या मिलने वाली पेंशन पर ही आश्रित हैं। हमारी नवगठित सरकार की जिम्मेदारी है कि कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को ध्यान में रखकर कल्याण की योजनाओं में वृद्धि करें, क्योंकि सामाजिक सुरक्षा एक पारंपरिक अवधारणा है। इसमें गरीबी, बुढ़ापे, बीमारी आदि के खिलाफ जोखिम और असुरक्षा के दौरान सुरक्षा देने के उद्देश्य शामिल हैं। पुरानी पेंशन बहाली, पेंशन में इजाफा, भविष्य निधि योजना में ब्याज में बढ़ोतरी, हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम दरों में कमी, रेलवे में कोविड से पहले मिलने वाली किराए की छूट, कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत होगी ताकि बुजुर्ग अपने को असुरक्षित महसूस न करें।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

## एक नजर

### तीन तस्कर गिरफ्तार एक किलो अफीम बरामद

**शाहजहांपुर :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कटरा पुलिस ने तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से एक किलो अफीम बरामद की है। बरामद अफीम की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत तीन लाख रुपये है। कटरा थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी को रविवार सुबह सूचना मिली कि हाईवे पर एक ढाबे के निकट तीन तस्कर खड़े हैं। पुलिस ने घेराबंदी करके तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्कर इकबाल निवासी परा थाना फरीदपुर जिला बरेली, लवलेश निवासी कोडा जिला बदायूं व आकाश निवासी सिकंदराबाद जिला बदायूं है।

### घर के आंगन में मिला किसान का शव, हत्या की आशंका

**हसनपुर (अमरोहा) :** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर में किसान कन्हैया उर्फ कालिया का परिवार रहता है। भाई सल्लू परिवार के साथ अलग रहता है। कालिया के कोई संतान नहीं थी। पत्नी की भी काफी वर्षों पहले मौत हो चुकी है। वह अकेले रहकर पशुपालन और खेती करता था। रविवार सुबह उनका शव घर के आंगन में चारपाई पर पड़ा मिला। मृतक के भाई सल्लू के मुताबिक, शनिवार रात्रि वह खाना खाकर सो गया था। सुबह देखा तो वह मृत अवस्था में चारपाई पर पड़ा था। गले पर चोट के निशान मिले हैं। मृतक के भाई को आशंका है कि उसकी हत्या की गई है।

### महिला पर्यटकों की फोटो खींचने पर हंगामा

**नैनीताल :** तल्लीताल क्षेत्र में कुछ युवकों को महिला पर्यटकों की फोटो खींचना महंगा पड़ गया। महिला पर्यटकों के साथियों ने युवकों को पीट दिया। जानकारी के अनुसार तल्लीताल क्षेत्र में रविवार को गुजरात से आयी महिला पर्यटक झील किनारे टहलते हुए फोटो खींचा रही थी। इसी दौरान कुछ युवक चोरी छिपे महिला पर्यटकों की फोटो खींचने लगे। जिस पर महिला पर्यटकों के साथियों ने युवकों को रोका तो दोनों पक्षों में विवाद हो गया। महिला पर्यटकों के साथियों ने युवकों की पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को पकड़कर सहायता केंद्र ले आयी।

# स्नान करते समय गंगा में डूबकर दो की मौत, एक लापता

## ज्येष्ठ गंगा दशहरा के मौके पर दो घाटों पर हुए हादसे

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर जिले में दो घाटों पर स्नान करते समय दो सगे भाइयों समेत छह लोग डूब गए। असदपुर घाट पर गंगा से दो युवकों के शव निकले गए। वहीं, तीन युवकों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया, जबकि जिजौंडा डांडा गंगा घाट पर गंगा में डूबे एक युवक का पता नहीं चल सका है।



थाना धनारी क्षेत्र के गांव अकराबाद निवासी लोकेश (18 वर्ष) पुत्र राजेश, बबलू (16 वर्ष) पुत्र बिल्लू उर्फ अशोक कुमार, सत्येंद्र (24 वर्ष) पुत्र योगेन्द्र और राहुल (18 वर्ष) पुत्र जुगल किशोर रविवार को गांव के ही अमरीश के ट्रैक्टर से गंगा स्नान के लिए असदपुर गंगाघाट पहुंचे। चारों युवक स्नान करने लगे। इस बीच चारों युवक गहरे पानी में पहुंच गए और डूबने लगे। शोर मचाने पर घाट पर मौजूद गोताखोरों ने राहुल और सत्येंद्र को गंगा से बाहर निकाल लिया, लेकिन लोकेश और बबलू लापता हो गए। इस बीच गोताखोरों ने पुनः प्रयास कर लोकेश और बबलू को बाहर निकाला, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई में मृत घोषित कर दिया गया।

थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गंगा स्नान करते समय चार युवक गंगा में डूबे थे। इनमें से दो को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि कुछ देर बाद गोताखोरों द्वारा निकाले गए दो युवकों को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, रजपुरा के गांव जिंजौड़ा डांडा निवासी पंकज उर्फ छोटू (18 वर्ष) पुत्र भगवती प्रसाद रविवार को बड़े भाई सुमित के साथ गांव के पास कच्चे घाट पर गंगा स्नान करने गया था। स्नान करते वक्त पंकज गंगा में डूब गया। सुमित ने पंकज को बचाने का प्रयास किया तो वह भी डूबने लगा। यह देखकर गोताखोरों ने डूब रहे सुमित को बाहर निकाल लिया, लेकिन पंकज जल की तेज धार में बह गया।

### दो किशोर और एक युवक की रामगंगा में डूबकर मौत

**शाहजहांपुर :** गंगा दशहरा पर्व पर धुबला करीमनगर के पास स्नान करने गए दो किशोर रामगंगा में डूब गए। वहीं, मरेना गांव का एक युवक दातागंज बदायूं के बेला डांडी में रामगंगा में डूब गया। दोनों किशोर के शवों का पोस्टमार्टम शाहजहांपुर में और युवक के शव का बदायूं में कराया गया है। कस्बा गढ़िया रंगीन का विपिन प्रजापति (17) कस्बे में रहने वाले दोस्त विवेक यादव (16) के साथ रविवार सुबह करीब 7 बजे गांव से तीन किलोमीटर दूर धुबला करीमनगर के पास से होकर गुजरी रामगंगा में दशहरा पर्व पर स्नान करने के लिए गया था। गंगा घाट से कुछ दूरी पर दोनों ने कपड़े उतार रामगंगा में छलांग लगा दी। गहराई का अंदाजा नहीं होने के कारण दोनों डूब गए। कुछ दूरी पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं को गंगा में कूदने के बाद किशोर दिखाई नहीं दिए तो तलाश की गई। करीब एक घंटे की खोजबीन के बाद दोनों के शवों को गोताखोरों ने रामगंगा से निकला। वहीं, मरेना गांव निवासी नन्हेलाल शर्मा का बेटा विमल कुमार (19) दो दोस्तों के साथ गंगा दशहरा पर बदायूं के दातागंज क्षेत्र में बेलाडांडी रामगंगा में स्नान करने गया था। जहां स्नान करने के दौरान तीनों डूब गए। दो युवकों को किसी तरह ग्रामीणों ने निकाल लिया, लेकिन विमल की जान नहीं बचाई जा सकी। काफी देर बाद गोताखोरों को उसका शव मिला। सूचना पर पहुंची दातागंज पुलिस ने जानकारी जुटाकर शव को बदायूं पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मेड़ के विवाद में महिला की गोली मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

- एसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण, पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव भोजराजपुर में खेत की मेड़ के विवाद में दिनदहाड़े महिला की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। द्विपक्षीय रंजिश के चलते हत्या की घटना से गांव में तनाव है। आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े हैं। एसपी ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। वहीं परिजन ने हत्या के लिए हल्का दरोगा को जिम्मेदार ठहराते हुए जाम लगाने के लिए शव को ले जाने की कोशिश की।

गांव भोजराजपुर निवासी छोटेलाल और हरेंद्र में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। आए दिन दोनों पक्षों में झगड़ा होता रहता है। रविवार को सुबह करीब 10 बजे छोटे लाल पुत्र चंद्रकेश शौच करके लौट रहा था। रास्ते में भाई जयपाल की पत्नी माया (24 वर्ष) मिल गई तो वह उससे बात करने लगा। आरोप है कि तभी दूसरे पक्ष के हरेन्द्र, छोटे, नरसी, सतीश व कुमरपाल आ गए। छोटेलाल से गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इस बीच, हरेंद्र ने छोटेलाल के ऊपर तमंचा तान दिया तो माया बचाने के लिए आगे आ गई। इस पर हरेंद्र ने माया को गोली मार दी। दिनदहाड़े गोलीबारी की वारदात से गांव में शोर मच गया तो मौका पाकर आरोपी भाग गए। परिजन घायल माया को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गोवंश को जिंदा दफनाना बेहद निंदनीय : धर्मपाल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- पशुधन मंत्री ने गोशाला के निरीक्षण के बाद अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**अमृत विचार :** कान्हा गोशाला में हुई सात गायों की मौत के मामले में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गोवंश को जिंदा दफनाना बेहद निंदनीय है। शासन और जिलाधिकारी ने कार्रवाई की है, लेकिन अभी जांच जारी रहेगी। किसके कहने पर गोवंश को जिंदा दफनाया जा रहा था, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्हें गोशाला में काफी कमियां मिली हैं। उन्होंने इन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने रविवार को हसनपुर की कान्हा गोशाला के निरीक्षण के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। उन्होंने गोशालाओं में गोवंश संरक्षण के लिए व्यवस्थाओं की जानकारी ली। गोशाला में हरा चारा, खली-चोकर, भूसा की उपलब्धता, पशुओं को लू से बचाने की व्यवस्था को लेकर उन्होंने अधिकारियों से सवाल किए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी पशुओं की ईयर टैगिंग कराई जाए। इस दौरान पशुपालक का पूरा पता हो। कहा कि ऐसे पशुपालक जो दूध देने के बाद पशु को छोड़ देते हैं, उन पर पशुक्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए।

### 18 को 10 केंद्रों पर होगी यूजीसी नेट परीक्षा

**बरेली :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नेट की परीक्षा 18 जून को 10 केंद्रों पर होगी। एनटीए के जिला समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि जिले में 7630 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है। दो पालियों में परीक्षा होगी।

पहली पाली में सुबह 9:30 से 12: 30 बजे तक 3162 और द्वितीय पाली में दोपहर 3 से 6 बजे तक 4468 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। दिल्ली पब्लिक स्कूल में रविवार को सभी केंद्र व्यवस्थापकों और आब्जर्वर की बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। बताया कि करीब 5 वर्ष बाद ऑफलाइन मोड (पेन-पेपर) में होने जा रही है। केंद्रों पर छात्रों का प्रवेश परीक्षा शुरू होने से दो घंटा पहले से शुरू हो जाएगा। बताया कि अभ्यर्थियों को अपने साथ सिर्फ प्रवेश पत्र, पहचान पत्र और काली बॉल प्वाइंट पेन साथ लानी होगी।

# बरेली में फिर तोड़ा जाने लगा इमामबाड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बरेली के मोहल्ला किला स्थित इमामबाड़ा एक बार फिर तोड़ा जा रहा है। खास बात यह कि इसका विरोध जताने पर पुलिस ने कुछ नहीं किया। और तो और इस बाबत डीएम की चिट्ठी पांच दिन में भी सीओ तक नहीं पहुंच पाई।

नौ महीने पहले भी इसे तोड़ने की कोशिश की गई थी, लेकिन तत्कालीन नगर आयुक्त ने इस बाबत भ्रमित कर ली गई अनुमति को निरस्त कर रोक लगाई थी। तब शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से भू माफिया नदीम जैदी, ताहिर जैदी और हुमा जैदी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। इन लोगों ने नगर निगम को भ्रमित



बरेली के मोहल्ला किला में तोड़ा गया इमामबाड़ा।

- पांच दिन में सीओ तक नहीं पहुंची डीएम की चिट्ठी

कर इमामबाड़े को जर्जर इमारत बताते हुए इसे गिराने की अनुमति प्राप्त कर ली थी। शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी की शिकायत पर नगर आयुक्त बरेली ने 25 अगस्त 2023 को अनुमति निरस्त कर तोड़फोड़ रुकवाई थी।

नौ महीने बाद एक बार फिर से इमामबाड़े में तोड़फोड़ के विरोध में मुतवल्ली बॉबी ने थाना किला के इंस्पेक्टर से शिकायत की तो उन्होंने कार्रवाई करने के बजाय जिला प्रशासन के पास जाने के लिए कहा। 11 जून को बरेली के डीएम ने सीओ किला को चिट्ठी लिखी जो अब तक सीओ तक नहीं पहुंची है।

### 1938 में बना था इमामबाड़ा

वक्फ बोर्ड में 1115 नंबर पर बरेली के मोहल्ला किला में इमामबाड़ा दर्ज है। इमामबाड़े के मुतवल्ली बॉबी के मुताबिक नवाब मोहम्मद हुसैन ने 1938 में इस इमामबाड़े और लक्ष्मनियापुर बाग को वक्फ कराया था। इस इमामबाड़े में मजलिस और इसकी देख-रेख के लिए 17 दुकानें छोड़ी थीं। नवाब मोहम्मद हुसैन के वंशजों ने इन दुकानों को वक्फ रिकार्ड से बाहर करवा लिया था। इसके बाद पूर्व मुतवल्ली ने लक्ष्मनियापुर बाग़ को वर्ष 2011 में बेच लिया।

फिलवक्त इमामबाड़ा तोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि रविवार और सोमवार (बकरीद) को अवकाश है, अब सीओ से मुलाकात मंगलवार को होगी।

# 49 फीसदी अभ्यर्थियों ने छोड़ी संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आसान सवाल देख खिले अभ्यर्थियों के चेहरे, 9242 अभ्यर्थी उपस्थित
- 41 केंद्रों पर हुई परीक्षा, आब्जर्वर, डीएम व एसएसपी ने किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** शहर के 41 केंद्रों पर रविवार को यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) की प्रारंभिक परीक्षा में 49 फीसदी अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में प्रश्नपत्र आसान आने से अभ्यर्थियों ने राहत की सांस ली। अभ्यर्थियों के मुताबिक, प्रश्नपत्र में भूगोल और अर्थशास्त्र के सवाल अधिक पूछे गए। ऐसे में कट ऑफ हाई जा सकती है।

परीक्षा में 18045 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इसमें सुबह 9.30 से 11.30 की पाली में 8719 उपस्थित और 9326 अनुपस्थित और दूसरी पाली में 2.30 से 4.30 तक 8635 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 9410 ने परीक्षा छोड़ दी। इस तरह से दोनों पालियों में 9242 अभ्यर्थी उपस्थित और 8803 अनुपस्थित रहे।

कमिश्नर सौम्या अग्रवाल के निर्देश पर परीक्षा में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। परीक्षा के आब्जर्वर विद्युत वितरण उत्पादन के प्रबंध निदेशक आईएएस रणवीर प्रसाद, जल निगम के प्रबंधक निदेशक आईएएस राजशेखर और सहकारी चीनी मिल के प्रबंधक निदेशक आईएएस रमाकांत पांडेय ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। डीएम रविंद्र कुमार ने पहली पाली में कई स्कूलों में निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं।

# ट्रेनों में बुरा हाल, एसी कोच में चढ़े जनरल यात्रियों को पकड़कर उतारा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रविवार को यूपीएससी परीक्षा और गंगा दशहरा के चलते ट्रेनों में उमड़ी भीड़
- भीड़ को काबू करने के लिए पूरा दिन दौड़ता रहा आरपीएफ और टिकट चेकिंग स्टाफ

**अमृत विचार :** समर सीजन की भीड़ ने पहले ही रेल संचालन की कमर तोड़कर रख दी है। उस पर रविवार को और भी बुरा हाल रहा। दरअसल, यूपीएससी परीक्षा और गंगा दशहरा के कारण ट्रेनों में काफी भीड़ रही।

आलम यह था कि एसी कोचों में जनरल टिकट के यात्री ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे। ऐसे लोगों को पकड़-पकड़कर नीचे उतारना पड़ा। कोच के अंदर परेशान यात्री शौचालय तक में बैठकर सफर करने को मजबूर हो गए। इधर, भीड़ को काबू करने के लिए पूरा दिन आरपीएफ और टिकट चेकिंग स्टाफ इधर से उधर दौड़ता रहा।

कंट्रोल रूम से मैसेज मिला था कि अवध-असम एक्सप्रेस (15910) के एसी कोच में जनरल टिकट पर सफर कर रहे यात्रियों की भीड़ जमा हो गई है। इसके बाद ट्रेन बरेली जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर आई तो आरपीएफ व टिकट चेकिंग स्टाफ मौके पर पहुंच गया। ट्रेन के एम-1 और बी-8 कोच के अंदर जाकर देखा तो बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इनके टिकट चेक किए गए तो पता चला कि वे सामान्य टिकट पर यात्रा कर रहे थे। इस पर एक दर्जन से अधिक सामान्य टिकट के यात्रियों को नीचे उतार दिया गया। बाद में उतारे गए यात्री किसी तरह जनरल कोच में सवार हुए। हालत यह थी कि कोच में पैर रखने के लिए भी जगह नहीं थी। इसके बाद आई गोरखपुर अमरनाथ सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12588) में भी ऐसी ही हालत देखने को मिली। शाम को यूपीएससी की परीक्षा छूटने के बाद श्रमजीवी एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के अंदर परीक्षार्थियों का हुजूम उमड़ पड़ा।

### रामगंगा स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी रही मुस्तैद

गंगा दशहरा के चलते आरपीएफ और जीआरपी का स्टाफ मुस्तैद रहा। रामगंगा स्टेशन पर जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह और आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक विनीता कुमारी ने खुद मोर्चा संभाला। बड़ी संख्या में यात्रियों ने इस रूट पर पैसेंजर ट्रेनों से सफर किया। वहीं, भीड़ को देखते हुए यहां रेलवे फाटक पर ट्रेनों को कॉशन पर गुजारा जाता रहा।

### ट्रेन में बिगड़ी डेढ़ माह के बच्चे की तबीयत

स्लीपर कोचों में यात्रियों की भीड़ और उस पर गर्मी लोगों की सेहत पर भी बुरा असर डाल रही है। रविवार को दोपहर में ट्रेन संख्या 12588 के एस-2 कोच में सफर कर रहे कदुआ से बस्ती जा रहे रवि के डेढ़ माह के बच्चे की तबीयत बिगड़ गई। अचानक उसको उल्टियां होने लगीं। कंट्रोल रूम से मैसेज मिलने के बाद ट्रेन के बरेली जंक्शन पहुंचने पर रेलवे की मेडिकल टीम ने इलाज किया, जिसके बाद ट्रेन रवाना की गई।

# कार और ट्रैक्टर ट्रॉली की भिड़ंत में सास-बहू समेत तीन की मौत

संवाददाता, एटा

- कासगंज- शिकोहाबाद रोड पर बस ओवरटेक करते समय हुआ हादसा

**अमृत विचार :** रिजोर थाना क्षेत्र में शिकोहाबाद रोड पर ईशन नदी के पास रविवार सुबह करीब 8 बजे बस को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर-ट्राली और कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार सास-बहू समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार फिरोजाबाद के रहने वाले हैं, जो गंगा स्नान करके अपने घर लौट रहे थे।

जनपद फिरोजाबाद के कस्बा शिकोहाबाद के नेहरू पैलेस निवासी गोविंद कुमार यादव (40) उनकी पत्नी पिंकी यादव (35), मां सरला देवी (60) और आगरा के जगदीशपुरा निवासी दया यादव (16) पुत्री राकेश कुमार यादव, जनपद मैनपुरी के सिरसागंज थाना क्षेत्र के ग्राम ढांडरी निवासी गिरीशचन्द्र यादव (45) अल्टो कार में दशहरा पर्व पर सोरों घाट पर गंगा स्नान करने गए थे। गंगा नहाने के बाद रविवार सुबह 8 बजे सभी लोग कार में अपने घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में रिजोर थाना क्षेत्र में शिकोहाबाद रोड स्थित ईशन नदी के समीप आगे चल रही बस को ओवरटेक करते समय उनकी कार शिकोहाबाद की तरफ से आ रही खाली ट्रैक्टर-ट्राली से भिड़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि कार के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए।

## उत्तराखंड

# खाई में गिरी कार, 4 की मौत

## पौड़ी में हुई दुर्घटना, एक ही परिवार के 7 लोग थे सवार, 3 गंभीर

ब्यूरो, देहरादून

- 24 घंटे में दूसरी दुर्घटना शनिवार को रुद्रप्रयाग में 15 लोगों की गई थी जान
- शादी में कठुली से परसुंडाखाल जा रहा था परिवार

**अमृत विचार :** प्रदेश में सड़क हादसे थम नहीं रहे हैं, 24 घंटे में दो जानलेवा हादसे हुए हैं। बीते शनिवार को रुद्रप्रयाग में टेंपो ट्रैवलर गिरने से 15 लोगों की मौत हुई थी तो रविवार को पौड़ी जिले के खिर्सू में एक कार खाई में गिरी गई, जिससे दो बच्चों समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने शवों व घायलों को निकाला। बताया जा रहा है कि परिवार शादी समारोह में जा रहा था।



पौड़ी गढ़वाल में रविवार को एक कार के खाई में गिरने के बाद बचाव कार्य में लगे एसडीआरएफ के कर्मी। ● एजेंसी

पुलिस के मुताबिक, एक ही परिवार के साक्षी (14), सृष्टि (18) पुत्री सुरेश नेगी निवासी परसुंडाखाल, समीक्षा (15) पुत्री विनोद रावत निवासी कठूली गांव, सागर उर्फ कान्हा (11) पुत्र, आरूषी (13) पुत्री अजय निवासी उरेगी, मनवर सिंह वाहन चालक निवासी चोपड़ा, सौम्या (9) पुत्री गणेश निवासी उरेगी, पौड़ी सवार थे। पूरा परिवार कठुली से परसुंडाखाल विवाह समारोह में जा रहा था। कार खिर्सू के कठुली गांव के पास पहुंची थी कि अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई है। हादसे में सृष्टि, मनवर सिंह, आरूषी व सौम्या की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य घायल हो गए। घायलों को बेस अस्पताल श्रीनगर ले जाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर दो को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजा गया। श्रीनगर कोतवाली के एसएसआई सुनील रावत ने बताया कि घटना में 4 लोगों की मौत हुई है, जबकि 3 घायल हैं। इनमें दो को एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स भेजा गया है। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि घायलों की हर संभव मदद की जाएगी। स्थानीय प्रशासन को पीड़ितों की सहायता के निर्देश दिए गए हैं।

### गंगा स्नान को जा रहे श्रद्धालुओं का वाहन खाई में गिरा

**पौड़ी :** पौड़ी जिले में रविवार को बीरोंखाल ब्लॉक से हरिद्वार जा रही बोलेरो सतपुली में कुल्हाड बैंड के पास 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में दस लोग घायल हो गए। एसडीआरएफ और सतपुली थाना पुलिस ने लोगों को खाई से निकाला। घायलों में कीर्ति रावत, भगवंती देवी, रश्मि, सरोजनी देवी, अनीता देवी, सूरजपाल सिंह रावत, राधा देवी, संजय, सूरज गुसाई व कलावती देवी हैं। सतपुली थाना प्रभारी दीपक तिवारी के मुताबिक रात को इनके घर में पूजा थी। आशंका है कि रात में नींद पूरी नहीं होने से चालक को झपकी आ गई होगी, जिससे हादसा हुआ होगा हालांकि इसकी जांच की जा रही है।

### डांस करते समय दुल्हन बेहोश, इलाज के दौरान मौत

**भीमताल :** मेहंदी समारोह में डांस करते समय दुल्हन बेहोश हो गई। उसे इलाज के लिए तुरंत सीएचसी ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि डॉ. संजय कुमार जैन निवासी बी 28 आदर्श आर्या अपार्टमेंट द्वारका सेक्टर 6 नई दिल्ली ने एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह अपनी बेटी श्रेया जैन की शादी के लिए नौकुचियाताल एक रिजॉर्ट में आए थे। शनिवार की शाम मेहंदी समारोह चल रहा था, जिसमें श्रेया स्टेज में डांस करते समय बेहोश हो गई। परिजन उसे सीएचसी लेकर गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन ने कोई भी कानूनी कार्यवाही नहीं करने की अपील की है।



गंगा दशहरा पर हरिद्वार में गंगा में स्नान करते श्रद्धालु। इस दौरान यहां देश के अलग-अलग क्षेत्रों से लोग आते हैं और विशेष दिन पर स्नान करते हैं। ● एजेंसी

### 54 हजार कृषकों को मिलेगी सम्मान निधि

**हल्द्वानी :** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किश्त 18 जून (मंगलवार) को आएगी। इसमें जिले के 54 हजार लोगों को सम्मान निधि का लाभ मिलेगा।

योजना के तहत अब तक जिले के किसानों को 16 किश्तें मिल चुकी हैं। किसान 17वीं किश्त का इंतजार कर रहे थे। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वी. यादव ने बताया कि इस दौरान नैनीताल क्लब में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहेंगे। जिले के 54 हजार किसानों को योजना का लाभ मिलेगा। जिले में करीब 98 प्रतिशत किसानों ने योजना में नियमानुसार अपनी ई-केवाईसी व लैंड सिडिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

# श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

ब्यूरो, देहरादून/हरिद्वार

- शहर में वाहनों के प्रवेश पर रोक चप्पे-चप्पे पर पुलिस रही तैनात

**अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने हरिद्वार में गंगा नदी में डुबकी लगाई। पुलिस ने मेला क्षेत्र जीरो जोन करने के साथ ही शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात थी।

गंगा दशहरा को लेकर शनिवार शाम से कई राज्यों से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। रविवार सुबह तड़के श्रद्धालुओं ने हर की पैड़ी पर स्नान एवं दान किया। मान्यता अनुसार, मां गंगा ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर धरती पर अवतरित होने के बाद हरिद्वार पहुंचीं। पुलिस-प्रशासन ने श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए मेला क्षेत्र को 3 सुपर जोन, 9 जोन और 21 सेक्टरों में बांटा था। पुलिस ने मेले को लेकर रूट डायवर्जन प्लान लागू किया जो 15 जून की रात 12 बजे से 18 जून तक लागू रहेगा। वहीं, वीकेंड होने की वजह से पुलिस के लिए ट्रैफिक नियंत्रण करना बड़ी चुनौती बन गई है।

### विला दिलाने के नाम पर 50 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

**रुद्रपुर :** खमरिया बाजपुर निवासी एक व्यक्ति ने विला खरीदने के नाम पर 50 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में खमरिया बाजपुर निवासी गुरसिमरन सिंह ने बताया कि वर्ष 2013-2014 में ग्राम कोलड़ा रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर में एक हेरिटेज होम कॉलोनी बन रही थी। फर्म का प्रसार प्रचार होने के बाद उनके और परिवार के लोगों ने सात विलाओं की बुकिंग करायी। इसकी एवज में फर्म के एक डायरेक्टर 5-5 लाख के तीन चेक सौंपे, जबकि दूसरे डायरेक्टर 5-5 लाख रुपये के तीन चेक सौंपे। इसके अलावा फर्म के एक अन्य पार्टनर 5-5 लाख के दो चेक और 10 लाख रुपये नकद दिए। उसने सभी विलाओं की के 50 लाख रुपये दे दिए हैं।

# खुले में नहीं करें कुर्बानी संदिग्धों पर रखें पैनी नजर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बकरीद को लेकर ऑनलाइन गोष्ठी की। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने, मस्जिदों और अन्य धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती तथा संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए।

एसएसपी ने कहा कि नियमित गश्त सुनिश्चित करें और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। बकरीद के दौरान हर छोटी घटना को गंभीरता से लें। कुर्बानी खुले स्थानों में न कराकर निर्धारित स्थानों पर ही कराई जाए। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी की अफवाहों पर विशेष सतर्कता बरती जाए और ऐसे अराजक तत्वों पर कार्यवाही करें। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर नजर रखें। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से गश्त करें और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तत्पर रहें। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे शांति और सद्भाव बनाए रखें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस को दें। सुरक्षा व्यवस्था में 135 कांस्टेबल, 43 उप निरीक्षक और 2 कम्पनी पीएसी के साथ सभी थानों का पूरा पुलिस फोर्स लगाया गया है।

# अगर परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो तो मोदी के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं: सिब्बल

## राज्यसभा सदस्य ने की सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त अधिकारियों से जांच कराने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट मामला



मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर जारी विवाद के बीच पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल ने रविवार को अनियमितताओं के आरोपों की जांच उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त अधिकारियों से कराने की मांग की और सरकार से आग्रह किया कि वह परीक्षा आयोजित करने के तौर तरीकों को लेकर सभी राज्यों के साथ गहन विचार-विमर्श करे। एक साक्षात्कार में राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि अगर किसी परीक्षा में परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो जाए तो प्रधानमंत्री मोदी के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं है।

सिब्बल ने सभी राजनीतिक दलों से आगामी संसद सत्र में इस मामले को जोर-शोर से उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस पर चर्चा होने की उम्मीद कम है क्योंकि सरकार इस मामले के न्यायालय में विचाराधीन होने का हवाला देकर इसकी अनुमति नहीं देगी। सिब्बल 29 मई 2009 से 29 अक्टूबर 2012 तक मानव संसाधन विकास (अब शिक्षा विभाग) मंत्री थे।

### एनटीए की सत्यनिष्ठा और नीट आयोजित करने के तरीके पर खड़े हो रहे सवाल: रमेश



कांग्रेस ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की सत्यनिष्ठा और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को आयोजित करने के तौर तरीके गंभीर सवालों के घेरे में हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा-मैं 2014 और 2019 के बीच संसद की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संबंधी स्थायी समिति का सदस्य था। मैं उस समय नीट के लिए मिलने वाले व्यापक समर्थन को याद करता हूं। लेकिन ऐसे सांसद भी थे, विशेष रूप से तमिलनाडु से जिन्होंने चिंता जताई थी कि नीट से सीबीएसई के छात्रों को लाभ मिलेगा और दूसरे बोर्ड एवं स्कूलों से आने वाले विद्यार्थियों को नुकसान पहुंचेगा।

### पुलिस ने रेणुकास्वामी के अपहरण में इस्तेमाल कार की जब्त

**चित्रदुर्ग (कर्नाटक)।** कर्नाटक में रेणुकास्वामी हत्याकांड की जांच कर रही पुलिस टीम ने अपहरण में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई कार रविवार को जब्त कर ली। इस हत्याकांड में कन्नड़ फिल्म जगत के प्रमुख अभिनेता दर्शन थूगुदीप और उनकी मित्र पवित्रा गौड़ा मुख्य आरोपी हैं।

आरोपियों में से एक रवि ने कथित तौर पर चित्रदुर्ग जिले के अय्यानहल्ली गांव के एक घर में संबंधित कार खड़ी की थी। जिस वक्त कार जब्त की गयी, उस समय फॉरेंसिक विशेषज्ञ भी वहां मौजूद थे। पुलिस ने रवि के परिवार से भी पूछताछ की और कार से कई चीजें बरामद की गईं। रेणुकास्वामी हत्याकांड के सिलसिले में दर्शन और पवित्रा समेत अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ मामले की जांच जारी है।

# दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने किया पानी की पाइपलाइन की सुरक्षा का अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी



राष्ट्रीय राजधानी में गहराए जल संकट के मद्देनजर दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को एक पत्र लिखकर कई प्रमुख पाइपलाइन की सुरक्षा और गश्त करने के लिए अगले 15 दिन तक पुलिसकर्मियों को तैनात करने का अनुरोध किया है।

आतिशी ने पत्र में कहा कि दिल्ली भीषण गर्मी और जल संकट से जूझ रही है। आतिशी ने कहा, यमुना नदी में कम पानी छोड़े जाने के कारण पानी की मात्रा में 70 एमजीडी की गिरावट आई है, जिससे दिल्ली के कई इलाके जल संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में पानी की एक-एक बूंद कीमती है। उन्होंने पुलिस आयुक्त को लिखे पत्र में कहा कि दिल्ली जल बोर्ड ने मुख्य जल वितरण नेटवर्क के लिए गश्ती दल तैनात किए हैं।




नई दिल्ली में जल संकट को लेकर विरोध-प्रदर्शन करते भाजपाई। ● एजेंसी

### भाजपा ने किया आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

राजधानी में जल संकट को लेकर भाजपा ने रविवार को आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। आप पर तीखा हमला करते हुए भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने थे तो दिल्ली जल बोर्ड करोड़ों रुपये के मुनाफे में था। उन्होंने कहा-केजरीवाल के पास एक वर्ष से ज्यादा समय तक दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष पद का प्रभार रहा। आश्चर्यजनक है कि एक वर्ष से अधिक समय की ऑडिट रिपोर्ट गायब है और जल बोर्ड भारी कर्ज में डूबा है।

## एक नजर

### रायसेन में शराब की भट्टी से 58 बाल मजदूर कराए गए मुक्त

**रायसेन।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से शराब की भट्टी में काम कर रहे कुल 58 बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया। इस संबंध में रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के साथ मिलकर शनिवार को सोम डिस्टिलरी पर कार्रवाई की। बीबीए ने बताया कि एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो के नेतृत्व में एक टीम ने सोम डिस्टिलरी से 58 बच्चों को बचाया, जिनमें 19 लड़कियां और 39 लड़के शामिल हैं।

### लाखों की चरस समेत एक व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक मैकेनिक के घर से 17.2 लाख रुपये मूल्य की चरस बरामद होने के बाद पुलिस ने व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया गया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस के वसूली निरोधक प्रकोष्ठ की एक टीम ने शुक्रवार को भिवंडी इलाके में आरोपी के आवास पर छापा मारा और वहां से एक किलो 72 ग्राम चरस बरामद की। बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# दस्तावेजों से छेड़छाड़ के आरोप में दो कर्मचारी गिरफ्तार

राजकोट, एजेंसी

राजकोट गेमिंग जोन आग मामला

राजकोट नगर निगम के दो कर्मचारियों को एक गेमिंग जोन में पिछले माह लगी आग की घटना के बाद उससे संबंधित दस्तावेजों में छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आग की इस घटना में 27 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही राजकोट शहर में टीआरपी गेमिंग जोन में 25 मई को हुई घटना के सिलसिले में अब तक छह सरकारी कर्मचारियों सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) पार्थराजसिंह गोहिल ने बताया कि शहर की अपराध शाखा ने शनिवार को राजकोट नगर निगम के सहायक नगर योजना अधिकारी राजेश मकवाना और सहायक अभियंता जयदीप चौधरी को आग की घटना के बाद आधिकारिक रजिस्टर में छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया।

# सिक्किम में फंसे 1,200 पर्यटकों को निकालने का काम आज से शुरू होने की संभावना

**गंगटोक।** सिक्किम के मंगन जिले में फंसे 1,200 से अधिक पर्यटकों को निकालने का काम मौसम अनुकूल रहने पर सोमवार को शुरू हो सकता है, क्योंकि प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण दिन में यह काम नहीं हो सका। चुंगथांग के सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) किरण थाटल ने कहा कि अगर मौसम अनुकूल रहा तो निकासी प्रक्रिया हवाई या सड़क मार्ग से होगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन फंसे हुए पर्यटकों के ठहरने का प्रबंध कर रहा है और उन्हें लाचुंग शहर के विभिन्न होटलों में ठहराया जा रहा है, जहां उन्हें मामूली दर पर भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

# दिवंगत नेता को कांग्रेस पार्टी की जननी कहा, मीडिया ने की गलत व्याख्या

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

● केंद्रीय मंत्री गोपी ने इंदिरा गांधी के बारे में की गई टिप्पणी को लेकर दिया स्पष्टीकरण



केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बारे में अपनी टिप्पणी पर विवाद होने के बाद रविवार को स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उन्होंने दिवंगत नेता को देश में कांग्रेस पार्टी की जननी कहा था और मीडिया ने उनकी टिप्पणी की गलत व्याख्या की। अभिनेता से राजनेता बने गोपी ने कहा कि वह अपने दिल की भावनाओं के मुताबिक बात करने वाले व्यक्ति हैं और उनका दृढ़ विश्वास है कि इंदिरा गांधी के बारे में उन्होंने जो कुछ कहा, उसमें कुछ भी गलत नहीं है।

भाजपा नेता ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए संवाददाताओं से पूछा कि क्या वे भाषा के प्रासंगिक अर्थ को नहीं समझते हैं। सुरेश गोपी ने अपनी टिप्पणी को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए कहा-मैंने क्या कहा, जहां तक कांग्रेस का सवाल है...चाहे किसी को पसंद हो या नहीं...के. करुणाकरण केरल में कांग्रेस पार्टी के पिता हैं। भारत में कांग्रेस पार्टी की मां इंदिरा गांधी हैं। मैंने यह बात दिल से कही है। हालांकि, केंद्रीय पेट्रोलियम और पर्यटन राज्य मंत्री ने रविवार को भी इंदिरा गांधी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा-इंदिरा गांधी देश की स्वतंत्रता के बाद और अपनी मृत्यु तक भारत की वास्तविक निर्माता हैं। मैं वैसे भी ये श्रेय उन्हें दूंगा ही। मैं उस व्यक्ति को सिर्फ इसलिए नहीं भूल सकता क्योंकि वह राजनीतिक रूप से प्रतिद्वंद्वी पार्टी से थीं, जिन्होंने देश के लिए ईमानदारी से काम किया।

सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया करार दिया वहीं कांग्रेस के दिवंगत नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक बताया। गोपी ने शनिवार को त्रिशूर में पुनकुन्नम स्थित करुणाकरण के स्मारक मुरली मंदिर जाने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने करुणाकरण और मार्क्सवादी नेता ई.के. नयनार को अपना राजनीतिक गुरु भी बताया।

### हाशिम बाबा गिरोह का सदस्य दिल्ली में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शाहदरा इलाके में दो व्यापारियों की कथित तौर पर 'रेकी' कर रहे हाशिम बाबा गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के कब्जे से एक पिस्तौल और चार कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, सलीम (30) थाईलैंड में रहने वाले गिरोह के भगोड़े सदस्य राशिद केबलवाला के निर्देश पर यमुना पार क्षेत्र के व्यवसायियों की रेकी कर रहा था। सलीम ने बताया कि सलीम 'मैसेंजिग एप्लीकेशन' के माध्यम से हाशिम बाबा और राशिद के साथ नियमित संपर्क में था और फरवरी में उनसे मिलने के लिए थाईलैंड भी गया था।

# नए आपराधिक कानून लागू करने का फैसला लेने से पहले किया गया पर्याप्त विचार-विमर्श

कोलकाता, एजेंसी

● केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल बोले एक जुलाई से किए जाएंगे लागू



केंद्रीय कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को विपक्षी दलों के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि नए आपराधिक कानून लागू करने का फैसला लेने से पहले पर्याप्त विचार विमर्श नहीं किया गया। नए आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू किए जाएंगे।

मेघवाल ने कहा कि भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कानून लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम और बुनियादी ढांचे का विकास पहले से ही जारी है। मेघवाल ने रविवार को आपराधिक न्याय प्रणाली प्रदान करने में भारत का प्रगतिशील मार्ग कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान कहा-समय पर, त्वरित और त्रुटिरहित न्याय प्रदान करने के लिए तीन नए कानून एक जुलाई से लागू होंगे। मेघवाल ने कहा-कुछ लोग दावा करते हैं कि उनसे परामर्श नहीं किया गया, यह गलत है। औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव की मांग लंबे समय से चली आ रही है और यह प्रक्रिया बहुत पहले शुरू हो गई थी।

मंत्री ने बताया कि सभी राज्यों से सुझाव मांगे गए थे, लेकिन केवल 18 राज्यों और छह केंद्र शासित प्रदेशों ने ही जवाब दिया। उन्होंने कहा-भारत के प्रधान न्यायाधीश, 16 उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों, पांच विधि अकादमियों और 22 विधि विश्वविद्यालयों ने भी अपने सुझाव दिए।

### नागपुर धमाके में मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हुई

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में एक विस्फोटक निर्माण इकाई में हुए धमाके में घायल आखिरी व्यक्ति की भी मौत हो गई और इसके साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। डांडे अस्पताल के निदेशक डॉ. पिनाक डांडे ने बताया कि धमाके में बुरी तरह से झुलस चुके प्रमोद चावरे की शनिवार रात को एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। यह धमाका बृहस्पतिवार को दोपहर करीब एक बजे शहर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के धमना गांव स्थित 'चामुंडी एक्सप्लोसिव्स प्राइवेट लिमिटेड' में हुआ। इस घटना में घायल नौ लोगों को शहर के दो निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### कोयला आयात अप्रैल में 13 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश का कोयला आयात अप्रैल, 2024 में 13.2 प्रतिशत बढ़कर 2.61 करोड़ टन पर पहुंच गया है। गर्मियों की शुरुआत के साथ खरीदारों द्वारा नए सौदे करने से कोयला आयात बढ़ा है। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक साल पहले समान महीने में कोयला आयात 2.30 करोड़ टन रहा था। आयात में यह बढ़ोतरी ऐसे समय हुई है जबकि कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि भारत को जीवाश्म ईंधन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए और आयात में कमी लानी चाहिए। आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहों के माध्यम से भारत का कोयला और कोक आयात एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 13.2 प्रतिशत बढ़ा है।

### आठ शहरों में सस्ते घरों की बिक्री 4% घट गई

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में 60 लाख रुपये तक की कीमत वाले सस्ते यानी किफायती घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर 61,121 इकाई रह गई है। रियल एस्टेट आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी के अनुसार, इसकी वजह कम आपूर्ति और लक्जरी अपार्टमेंट की अधिक मांग है। ये आठ प्रमुख शहर- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, पुणे और अहमदाबाद हैं। प्रॉपइक्विटी के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले कैलेंडर वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में 60 लाख रुपये तक की लागत वाले घरों की बिक्री 63,787 इकाई रही थी।

# आगामी बजट में निचले स्लैब के लोगों के लिए आयकर राहत के उपाय जरूरी : पुरी

## भारतीय उद्योग परिसंघ के अध्यक्ष ने एक संस्थागत मंच बनाने का दिया सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के नए अध्यक्ष संजीव पुरी का मानना है कि 2024-25 के आगामी पूर्ण बजट में मुद्रास्फीति के उच्चस्तर को देखते हुए सबसे निचले स्लैब के लोगों के लिए आयकर राहत पर विचार करने की आवश्यकता है। पुरी ने साक्षात्कार में भूमि, श्रम, बिजली और कृषि से संबंधित सभी सुधारों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच आम सहमति बनाने को एक संस्थागत मंच बनाने का भी सुझाव दिया।

उद्योग मंडल ने कहा कि उसे नहीं लगता कि गठबंधन राजनीति की मजबूरियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में सुधारों में बाधक बनेंगी। इसके बजाय उसका मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन और पिछले दो कार्यकाल में नीतियों की सफलता इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आधार तैयार करेगी।

वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट से उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर पुरी ने कहा-मोटे तौर पर, मैं इस समय कहूंगा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, राजकोषीय प्रगति पथ का पालन, सामाजिक बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए रूपरेखा, हरित कोष और ग्रामीण क्षेत्र में अधिक निवेश...ये व्यापक सिद्धान्त हैं। खाद्य पदार्थों, सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण मई में थोक मुद्रास्फीति लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61% हो गई है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने 1.26% पर थी। मई, 2023 में शून्य से नीचे 3.61 प्रतिशत थी।

### इस साल मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी

सीआईआई के नए अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा कि सीआईआई का अनुमान है कि मानसून अच्छा रहने की वजह से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति इस साल 4.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी। कर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारा सुझाव है कि इस मोर्चे पर सरलीकरण की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूंजीगत लाभ को लेकर कुछ सुझाव है। यह विभिन्न माध्यमों पर अलग-अलग है। क्या इसे सुसंगत किया जा सकता है।

### एस्सार समूह गुजरात में हरित हाइड्रोजन संयंत्र में करेगा निवेश

**नई दिल्ली।** एस्सार समूह गुजरात के जामनगर में हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करने के लिए अगले चार साल में 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है। धातु से लेकर बुनियादी ढांचे तक, विविध क्षेत्रों में काम करने वाला यह समूह अपनी वृद्धि के लिए स्वच्छ ऊर्जा को एक प्रमुख स्तंभ के रूप में देख रहा है। समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करने वाली एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने कहा कि समूह ब्रिटेन में अपनी तेल रिफाइनरी में कार्बन उत्सर्जन कम करने, सऊदी अरब में एलएनजी और इलेक्ट्रिक और विंड-टर्बाइन मैग्नेट में उपयोग पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर विचार कर रहा है। समूह इबैटरी, सौर पैनल किए जाने वाले महत्वपूर्ण खनिजों के खनन कारोबार में प्रवेश करने पर भी विचार कर रहा है।

# लंदन से अचार बनाने के लिए 900 किलो आम की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

● रामकेला प्रजाति के कच्चे आम का किया गया निर्यात



**अमृत विचार :** मलिहाबादी दशहरी के बाद अब विदेशी भारतीय अचार का स्वाद लेने को आतुर हैं। इसके लिए, पहली बार लंदन से अचार के लिए रामकेला प्रजाति के करीब 900 किलो आम की डिमांड आई है। इसके लिए ट्रीटमेंट और पैकिंग के बाद आम निर्यात भी किया गया है। यह पहला मौका है जब अचार के लिए आम मांगा गया है। मलिहाबाद की एक फर्म ने इसकी आपूर्ति की है। जल्द ही अन्य जगहों से भी निर्यात के आर्डर मिलने के आसार हैं।


**17 के बाद लंगड़ा आम भी जाएगा विदेश:** जिन देशों के लोगों को ज्यादा मीठा आम पसंद नहीं है वहां के लोग लंगड़ा आम खूब पसंद करते हैं। सऊदी अरब, दुबई, इंग्लैंड, ओमान के अतिरिक्त जर्मनी व रशिया के इसके ऑर्डर मिले हैं। 17 जून के बाद लंगड़ा आम की खेप रवाना की जाएगी। पहले चरण में करीब 30 टन आम भेजा जाएगा। इस बारे में मैंगो पैक हाउस के संचालक अकरम बेग ने बताया-दशहरी आम की 1.5 टन की बड़ी खेप जर्मनी भेजे जाने के बाद 900 किलो अचार वाला आम रामकेला भी लंदन भेज दिया गया है। मैंगो पैक हाउस के ट्रीटमेंट के बाद अचार वाला आम भी भेजा गया है।

### एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 11,730 करोड़ डाले

**नई दिल्ली।** घरेलू और वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 14 जून को समाप्त सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में 11,730 करोड़ रुपये (1.4 अरब अमेरिकी डॉलर) का शुद्ध निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछले यानी तीन से सात जून के सप्ताह के दौरान एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 14,794 करोड़ रुपये (1.77 अरब डॉलर) निकाले थे। ताजा निवेश के बाद इस महीने अबतक एफपीआई की शेयरों से शुद्ध निकासी 3,064 करोड़ रुपये रही है।

# एसबीआई अपनी अनुषंगी कंपनियों का करेगा मौद्रीकरण : खारा

नई दिल्ली, एजेंसी



● एसबीआई के चेयरमैन दिनेश ने साक्षात्कार में दी जानकारी

भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा है कि बैंक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और एसबीआई पेमेंट जैसी अनुषंगी कंपनियों का मौद्रीकरण करने से पहले उनके कारोबार को और बढ़ाएगा। इन अनुषंगी कंपनियों का परिचालन बढ़ने से मूल्यांकन बढ़ेगा और एसबीआई को बेहतर प्रतिफल मिल सकेगा। उन्होंने साक्षात्कार में बताया कि जहां तक अनुषंगी कंपनियों की बात है, तो उनका मौद्रीकरण पूंजी बाजार के जरिए होगा।

उन्होंने कहा कि इस रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए पात्र अनुषंगी कंपनियों में निश्चित रूप से एसबीआई जनरल है और कुछ हद तक एसबीआई पेमेंट सर्विसेज भी हो सकती हैं। लेकिन, फिलहाल हमारे पास ऐसी कोई योजना नहीं है। खारा ने कहा-शायद, हम उन्हें थोड़ा और बढ़ाना चाहेंगे।

### सीबीआईसी ने धोखाधड़ी करने वालों से लोगों को किया सतर्क

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने रविवार को जनता से भारतीय सीमा शुल्क विभाग के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से सतर्क रहने को कहा। सीबीआईसी ने बयान में कहा कि समाचार पोर्टल/सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से विभिन्न घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें फर्जी व्यक्तियों द्वारा भारतीय सीमा शुल्क अधिकारी बनकर देशभर में जनता से उनकी गाढ़ी कमाई ठगी गई है। ये धोखाधड़ी मुख्य रूप से फोन कॉल या एसएमएस जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके की जाती है।

# अडाणी समूह सिर्फ डेवलपर, धारावी की जमीन महाराष्ट्र सरकार के विभागों को होगी हस्तांतरित

मुंबई, एजेंसी

● भूमि हड़पने के आरोप को लेकर सूत्रों ने किया खुलासा

करोड़ों रुपये की धारावी झुग्गी-बस्ती पुनर्विकास परियोजना में अडाणी समूह को भूमि का हस्तांतरण शामिल नहीं है। सूत्रों ने इस बारे में स्थिति साफ करते हुए कहा है कि परियोजना में भूमि का हस्तांतरण महाराष्ट्र सरकार के विभागों को किया जाना है और अहमदाबाद का समूह सिर्फ एक परियोजना डेवलपर के रूप में मकान बनाएगा जो उन्हीं विभागों को सौंपे जाएंगे। बाद में इन घरों का आवंटन एशिया की सबसे बड़ी झोपड़पट्टी के निवासियों को किया जाएगा। वहीं सांसद वर्षा गायकवाड़ ने इस मामले में भूमि हड़पने का आरोप लगाया है।

इन आरोपों पर परियोजना से जुड़े सूत्रों ने कहा कि जमीन के टुकड़े सिर्फ राज्य सरकार के आवास विभाग के धारावी पुनर्विकास परियोजना/स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (डीआरपी/एसआरए) को हस्तांतरित किए जाने हैं। अडाणी समूह ने खुली अंतर्राष्ट्रीय बोली में धारावी स्लम पुनर्विकास परियोजना हासिल की थी। समूह अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट प्राइवेट लि. (डीआरपीपीएल) के माध्यम से आवास और वाणिज्यिक स्थान बनाएगा और उन्हें फिर से डीआरपी को सौंप देगा। परियोजना पर गलतफहमियों को लेकर सूत्रों ने कहा कि निविदा के अनुसार, भूमि सरकार द्वारा तय दरों पर डीआरपी/एसआरए को आवंटित की जाएगी। इस मामले में जहां डीआरपीपीएल को विकास अधिकार मिला है, राज्य समर्थन समझौता, निविदा दस्तावेज का हिस्सा है।



## खेल डायरी

### भारतीय महिला टीम पांचवें और पुरुष छठे स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम चीन के डालियान में रविवार को समाप्त हुई एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप में पांचवें जबकि पुरुष टीम छठे स्थान पर रही। भारतीय महिला टीम ने क्वालीफिकेशन मैच में ईरान को 2-0 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। भारत के लिए रथिका सुथांथिरा सीलन और पूजा आरती रघु ने जीत दर्ज की। वहीं भारतीय पुरुष टीम को पांचवें स्थान के क्वालीफिकेशन मैच में दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार मिली। वेलावन सेंथिलकुमार ने जीत हासिल की। पर सूरज कुमार चंद और ओम सेमवाल को पराजय झेलनी पड़ी।

### दीक्षा संयुक्त तीसरे स्थान पर, प्राणवी और त्वेसा ने बनाई कट में जगह

**रोम।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर लेडीज इटालियन ओपन के दूसरे दौर में इवन पार 72 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो जीत अपने नाम करने वाली दीक्षा ने पहले दौर में 67 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर में उन्होंने एक बर्डी और एक बोगी की मदद से 72 का स्कोर किया। दीक्षा का कुल स्कोर पांच अंडर 139 है और वह दो अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वह इंग्लैंड की एमी टेलर (70-67) से दो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी (66-72) से एक शॉट पीछे हैं। अन्य भारतीयों में प्रणवी उर्स (73-70) संयुक्त रूप से 17वें स्थान जबकि त्वेसा मलिक (73-72) संयुक्त 41वें स्थान के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही।

### यूटीटी 2024 से पहले फ्रेंचाइजी ने शरत कमल व मनिका को किया रिटेन

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल और मनिका बत्रा को रविवार को उनकी फ्रेंचाइजी ने 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नई में होने वाली अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के आगामी चरण के लिए रिटेन (बरकरार रखा) किया। शरत कमल इस तरह पिछले चरण की उपविजेता चेन्नई लायंस के लिये खेलना जारी रखेंगे जबकि मनिका बेंगलुरु स्मैशर्स के लिए खेलेंगी। गत चैंपियन गोवा चैलेंजर्स ने हरमीत देसाई को रिटेन किया है जबकि जी साथियान दबंग दिल्ली टीटीसी के साथ बने रहेंगे। यू मुंबा टीटी ने भी युवा खिलाड़ी मानव ठक्कर को एक और सत्र के लिये बरकरार रखा है।

### रंधावा लीजेंड्स टूर मैच के क्वार्टर फाइनल में हारे

**हर्टफोर्डशर (ब्रिटेन)।** भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा लीजेंड्स टूर यूरोप में पॉल लॉरी मैच के क्वार्टर फाइनल में जेम्स किंग्स्टन से हार गए। रंधावा लगातार तीन जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे जबकि एक अन्य भारतीय जीव मिल्खा सिंह दूसरे दौर में हार गए थे। रंधावा ने थॉमस गोगेले, मैल्कम मैकेंजी और कीथ हॉर्न के खिलाफ जीत दर्ज की लेकिन दक्षिण अफ्रीका के किंग्स्टन की चुनौती से पार पाने में विफल रहे।

# सुपर 8 में निखरेगा भारतीय ओपनिंग का प्रदर्शन

## मांजरेकर बोले- रोहित और कोहली बड़े मैच में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण का प्रदर्शन मायने नहीं रखता



नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि अगर विराट कोहली और रोहित शर्मा टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल जैसे बड़े मैचों में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण में उनका प्रदर्शन खास मायने नहीं रखेगा। कोहली ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाए। रोहित ने आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया लेकिन पाकिस्तान और अमेरिका के खिलाफ उनका बल्ला नहीं चल पाया।

मांजरेकर ने कहा अगर आपने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का चयन किया है, तो आपने अनुभव को प्राथमिकता दी है। आप अपने अनुभवी खिलाड़ियों को विश्व कप में ले जाना चाहते हैं, ताकि वे तब अच्छा प्रदर्शन करें, जब वास्तव में इसकी जरूरत हो। इसलिए मुझे इसको लेकर कोई परेशानी नहीं है कि इनमें से कुछ खिलाड़ी फॉर्म में नहीं हैं। अगर यह खिलाड़ी सेमीफाइनल या फाइनल में निर्णायक पारी खेलकर टीम को विजेता बनाते हैं तो आपके सीनियर खिलाड़ियों से इसी तरह के प्रदर्शन की अपेक्षा की जाती है। मांजरेकर ने कहा अगर आपका कोई युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करता है तो वह आपके लिए बोनस है जैसा 1992 के विश्व कप में पाकिस्तान के लिए इंजमाम उल हक ने किया था।

सीनियर खिलाड़ियों को अधिक योगदान देना चाहिए और मुझे लगता है कि यही वजह है कि चयन समिति ने टी-20 विश्व कप के लिए अनुभव को प्राथमिकता दी। शिवम दुबे ने आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन मांजरेकर को इस ऑलराउंडर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। हमें इसके लिए इंतजार करना होगा कि शिवम दुबे ने आईपीएल में जिस तरह से स्पिनरों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था, उसे दोहरा पाते हैं या नहीं।

विश्व कप में स्पिनरों के खिलाफ खेलना आसान नहीं है और देखना होगा की दुबे इन पिचों पर सफल होने के लिए अपने खेल में किस तरह से बदलाव करते हैं। उम्मीद नहीं थी कि पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा लेकिन आखिर में यह अच्छा फैसला साबित हुआ। उन्होंने कहा टीम प्रबंधन प्रत्येक नंबर पर प्रभावशाली खिलाड़ियों को चाहता है और जहां तक ऋषभ पंत का सवाल है तो मुझे उम्मीद नहीं थी कि उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा लेकिन आखिर में यह अच्छा फैसला साबित हुआ। पंत ने अपना कौशल दिखाया और वह टूर्नामेंट में भारत की तरफ से अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला बल्लेबाज है।



### पहले मुकाबले में अफगानिस्तान की टीम से भिड़ेंगे भारतीय धुरंधर

**ब्रिजटाउन।** भारत सुपर आठ में अपना पहला मुकाबला 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ बारबाडोस में खेलेगा। इसके बाद 22 जून को भारत का दूसरा मुकाबला नॉर्थ साउंड में सोमवार को बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच को जीतने वाली टीम से होगा। वहीं इस राउंड के अपने तीसरे और अंतिम मैच में भारत 24 जून को ग्रॉस आइलेट में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। सुपर आठ के लिए दो ग्रुप होंगे। भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान तथा बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच की विजेता टीम पहले ग्रुप में होगी। यहां भारत का अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मैच होना तय है। भारतीय टीम को अपने ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान से सतर्क रहने होगा। अगर पहले ग्रुप में कोई उलटफेर नहीं होता है भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना तय माना जा रहा है। वहीं ग्रुप-2 में दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अमेरिका की जगह पक्की हो चुकी है। प्रत्येक ग्रुप से दो-दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। पहला सेमीफाइनल 26 जून को त्रिनिदाद में है और दूसरा सेमीफाइनल 27 जून गुयाना में होगा। अगर भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है तो वह गुयाना में खेलेगा। टी-20 विश्व कप का फाइनल 29 जून को बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेला जाएगा।

### टेस्ट को बढ़ाने के लिए भारत को निभानी होगी भूमिका : ग्रेव

**ब्रिजटाउन।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खतरे में है और वेस्टइंडीज जैसे छोटे क्षेत्रों में खेल के पांच दिवसीय प्रारूप के अस्तित्व को बचाए रखने के साथ-साथ इसके विकास को सुनिश्चित करने में भारत जैसे देश को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी होगी। सीडब्ल्यूआई से 2017 में जुड़ने वाले ग्रेव ने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद टेस्ट क्रिकेट के प्रति बीसीसीआई की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की, लेकिन कहा कि आईसीसी के स्तर पर तीन बड़े देशों (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) के बाहर भी इस प्रारूप को बचाने के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत है। आईसीसी के नौ प्रतिस्पर्धी पूर्ण सदस्यों में से केवल तीन बड़े सदस्य ही 2023-2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में पांच मैचों की शृंखला खेलेंगे। उन्होंने खेल के भविष्य और बीसीसीआई द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका पर अपने मन की बात साझा की। उन्होंने कहा भारत को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी है। ताकत, प्रभाव और संसाधनों के मामले में वे अब नंबर एक बोर्ड हैं।

# ऑस्ट्रेलिया की जीत से सुपर 8 में पहुंचा इंग्लैंड

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (68) और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (59) के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड की टी20 विश्व कप के सुपर 8 में जगह पक्की की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 180 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 60 रन कर दिया था लेकिन हेड और स्टोइनिस ने चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाकर इंग्लैंड के खेमे में राहत पहुंचाई।

ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से ग्रुप बी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इस मैच में स्कॉटलैंड की हार से इंग्लैंड भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में पहुंच गया। इंग्लैंड ने इससे पहले बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को हराया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्कॉटलैंड पर जीत से ही वह अगले चरण में जगह बना पाता। ऑस्ट्रेलिया ने अपने चारों मैच जीते जबकि इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के समान पांच अंक रहे। इंग्लैंड ने बेहतर रन रेट के आधार पर दूसरा स्थान हासिल किया। बड़े लक्ष्य के सामने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (01), कप्तान मार्श (08) और ग्लेन मैक्सवेल (11) के विकेट जल्दी गंवा दिए। स्कॉटलैंड के गेंदबाज हालांकि हेड और स्टोइनिस पर दबाव नहीं बना पाए जिन्होंने 44 गेंद पर 80 रन की साझेदारी की। आखिर में टिम डेविड ने 14 गेंद पर नाबाद 24 रन बनाए और विजयी छक्का लगाया।

इससे पहले स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का डटकर सामना किया। स्कॉटलैंड की पारी का आकर्षण ब्रैंडन मैकमुलेन की 34 गेंद पर खेली गई 60 रन की पारी रही जिसमें उन्होंने दो चौके और छह छक्के लगाए। एस्टन एगर ने पहले ओवर में माइकल जोन्स को दो रन पर आउट कर दिया था, लेकिन मैकमुलेन और जॉर्ज मुनसे ने दूसरे विकेट के लिए 48 गेंदों में 89 रन की साझेदारी करके स्कॉटलैंड को वापसी दिलाई। मैकमुलेन ने अधिक आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन मुनसे ने 23 गेंद पर 35 रन बनाकर अपनी भूमिका बखूबी निभाई। कप्तान बैरिंगटन ने 31 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 42 रन बनाकर अच्छा योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम पांच ओवर में केवल 42 रन दिए।

● हेड और स्टोइनिस ने स्कॉटलैंड को दिखाया बाहर का रास्ता



अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते ट्रैविस हेड। ● एजेंसी

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 4 | 3 | 0 | 7 | 1.137 | 1 |
| अमेरिका (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 0.127 | 1 |
| पाकिस्तान (बा) | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.294 | 0 |
| कनाडा (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | -0.493 | 1 |
| आयरलैंड (बा) | 4 | 0 | 3 | 1 | -0.594 | 1 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 2.791 | 0 |
| इंग्लैंड (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 3.611 | 1 |
| स्कॉटलैंड (बा) | 4 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -2.529 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 4.230 | 0 |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.241 | 0 |
| युगांडा (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -4.510 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -0.886 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 0.470 | 0 |
| बांग्लादेश | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.478 | 0 |
| नीदरलैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.408 | 0 |
| नेपाल (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.293 | 1 |
| श्रीलंका (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |

# आयरलैंड के खिलाफ हांफते हुए जीता पाकिस्तान

**लॉडरहिल।** कप्तान बाबर आजम की नाबाद (32) और अब्बास अफरीदी की (17) रनों की जूझारू पारियों की मदद से पाकिस्तान ने रविवार को टी-20 विश्वकप के 36वें मैच में आयरलैंड पर हांफते हुए तीन विकेट से जीत दर्ज की।

इससे पहले गैरेथ डेलेनी (31) और जॉश लिटिल नाबाद (22) की जूझारू पारियों के दम पर आयरलैंड ने पाकिस्तान को जीत के लिए 107 रनों का लक्ष्य दिया था। सेंट्रल ब्रोवर्ड रीजनल पार्क में आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। आयरलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 106 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के रिजवान और सईम अयूब की सलामी जोड़ी ने 23 रन जोड़े। 10वें ओवर में पाकिस्तान 57 रन पर पांच विकेट गवां कर संकट में फंस था। ऐसे समय में अफरीदी और बाबर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। बाबर ने नाबाद 32 रन बनाए। 18.5 ओवर में सात विकेट पर 111 रन बनाकर मैच जीत लिया।

# भारतीय टीम ने द. अफ्रीका को 143 रनों से दी शिकस्त



जीत के बाद खुशी मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

बेंगलुरु, एजेंसी

स्मृति मंधाना (117) की शतकीय तथा दीप्ति शर्मा (37) रनों की जुझारू पारियों के बाद सोभना आशा के 21 रन पर चार विकेट सहित अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 143 रनों के बड़े अंतर हराकर तीन मैचों की शृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (7) का विकेट गवां दिया। उसके बाद दयालन हेमलता (12), कप्तान हरमनप्रीत कौर (10) जेमिमाह रॉड्रिग्स (17) और ऋचा घोष (3) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। 38वें ओवर में अयाबोंगा खाका ने दीप्ति शर्मा (37) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। 47वें ओवर में मासाबाटा क्लास ने स्मृति मंधाना (117) लूस के हाथों कैच आउट कराया। राधा यादव (6) रन बनाकर आउट हुई। पूजा वस्त्रकर (31) और सोभना आशा आठ रन बनाकर नाबाद रही। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 265 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 266 रनों का लक्ष्य दिया था।

# अल्बानिया ने बनाया सबसे तेज गोल का रिकॉर्ड

डॉर्टमंड (जर्मनी), एजेंसी

अल्बानिया के नेदिम बजरामी ने खेल शुरू होने के बाद 23वें सेकंड में गोल करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया लेकिन यह मौजूदा चैंपियन इटली पर जीत दर्ज करने के लिए पर्याप्त नहीं था जिसने 2-1 से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

बजरामी ने यूरोपीय चैंपियनशिप के 64 साल के इतिहास में सबसे तेज गोल किया लेकिन अल्बानिया इसके बाद इटली पर दबाव नहीं बना पाया जिसने जल्द ही वापसी करके मैच पर अपना नियंत्रण बना दिया और उलटफेर की किसी संभावना को खारिज कर दिया। अल्बानिया के समर्थक अभी अपनी टीम की शुरुआती बढ़त का जश्न मना ही रहे थे कि एलेसेंड्रो बस्तोनी ने इटली की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। बस्तोनी ने 11वें मिनट में लोरेंजो पेलेग्रिनी के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जबकि निकोलो बरेला ने 16वें मिनट में गोल करके इटली को बढ़त दिला दी जो उसने आखिर तक बरकरार रखी। इटली के लिए यह जीत बेहद जरूरी थी क्योंकि ग्रुप बी में उसका सामना आगे तीन बार के चैंपियन स्पेन और 2022 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले क्रोएशिया से होगा।



स्पेन ने एक अन्य मैच में शनिवार को क्रोएशिया को 3-0 से हराया। बजरामी के गोल ने हालांकि इटली को हैरत में डाल दिया। यूरोपीय चैंपियनशिप में इससे पहले सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड रूस के दिमित्री किरिचेंको के नाम पर था जिन्होंने 2004 में 67 सेकंड में गोल किया था।

# लवलीना ग्रां प्री मुक्केबाजी में ली कियान से हारी

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन चेक गणराज्य के उस्ती नाद लाबेम में आयोजित ग्रां प्री में महिलाओं के 75 किग्रा में चीन की ली कियान से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी लवलीना को शनिवार देर रात मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण के साथ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कियान ने पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में भी लवलीना को शिकस्त दी थी। विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में लवलीना और कियान के अलावा रिफ्यूजी मुक्केबाजी टीम की सिंडी नगांबा और इंग्लैंड की चैंटल रीड ने हिस्सा लिया था। इन चार मुक्केबाजों के बीच राउंड रॉबिन प्रारूप में मुकाबला आयोजित किया। असम की मुक्केबाज ने नगांबा और कियान से हारने से पहले रीड के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

# तीरंदाज अंकिता को मिला व्यक्तिगत ओलंपिक कोटा

अंताल्या, एजेंसी

भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत ने रविवार को यहां फिलीपींस की गैब्रियल मोनिका बिडौर को हराकर अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करते ही अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया।

नौवीं वरीय अंकिता ने प्री क्वार्टर फाइनल में 40वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी गैब्रियल पर 6-0 (26-23, 28-22, 28-23) से जीत हासिल की। भारत ने इस तरह पुरुष और महिला दोनों वर्गों में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया है। धीरज बोम्मादेवरा ने इससे पहले एशियाई क्वालीफाइंग चरण से पुरुष व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था। इससे पहले अंकिता ने इजराइल की शेली हिल्टन को 6-4 और मिकाएला मोशे को 7-3 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी। अब वह क्वार्टरफाइनल में ईरान की शीर्ष वरीय मोबिना फलाह से भिड़ेंगी।

तीसरी वरीय भजन कौर भी पोडियम स्थान हासिल करने की दौड़ में चल रही हैं। उन्होंने मंगोलिया की उरानटुंगलाग बिशिन्डी को 6-2 से हराया और प्री क्वार्टरफाइनल में स्लावेनिया की उर्सका काविच से भिड़ेंगी। उन्हें राउंड 32 के तीसरे दौर में बाई मिली थी। व्यक्तिगत कोटे शीर्ष आठ देशों को दिये जाते हैं। प्रत्येक देश को एक व्यक्तिगत कोटा मिलता है। इससे पहले भारतीय की शीर्ष महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी को शुरुआती दौर में अजरबेजान की यायागुल रामजानोवा से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। दूसरी वरीय दीपिका को अजरबेजान की तीरंदाज ने 6-4 से मात दी। भारतीय पुरुष और महिला टीम अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर से कोटा हासिल नहीं कर सकी थीं। लेकिन अगर दोनों टीम अपनी विश्व रैंकिंग बरकरार रखती हैं तो वे 24 जून की अंतिम तारीख तक पेरिस ओलंपिक में जगह बना सकती हैं।



# इंग्लैंड ने नामीबिया को 41 रन से हराया

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

हैरी ब्रूक नाबाद (47) और जॉनी बेयरस्टो (31) रनों विस्फोटक पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा प्रभावित टी-20 विश्वकप के 34वें मुकाबले में नामीबिया को (डकवर्थ लुईस पद्धित) से 41 रनों से हरा दिया है। हैरी ब्रूक को उनकी नाबाद 47 रनों की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। बारिश के कारण दस-दस ओवर के किए गए मैच में नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। कप्तान जॉस बटलर (शून्य) को पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर रुबेन ट्रंपलमन बोल्ड कर दिया। अगले ही ओवर में फिल सॉल्ट भी (11) पर डेविड वीजा का शिकार बन गए। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो और हैरी ब्रूक ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 30 गेंद पर 56 रन की साझेदारी कर टीम को संकट से निकाला। जॉनी वेयरस्टो ने 18 गेंदों में 31 रन बनाए। हैरी ब्रूक नंबर ने 20 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए। इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में 10 ओवरों में पांच विकेट पर 122 का स्कोर खड़ा किया।

123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की माइकल वैन लिंगेन और निकोलस डेविन की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 44 रन जोड़े। छठे ओवर में निकोलस डेविन (18) के रिटायर्ड आउट होने के बाद नामीबिया को बड़ा झटका लगा और वह उससे उबर नहीं पायी। माइकल वैन लिंगेन ने 29 गेंदों में 33 रनों की पारी खेली। डेविड वीजा 12 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए।



जीत के बाद खुशी मनाते इंग्लैंड के खिलाडी। ● एजेंसी

### डेविड वीजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नॉर्थ साउंड।** नामीबिया के मध्यम क्रम के बल्लेबाज डेविड वीजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 विश्वकप 2024 में नामीबिया के अंतिम मैच के बाद डेविड वीजा ने पत्रकार वार्ता में कहा अगला टी-20 वर्ल्ड कप दो साल बाद होना है और मैं 39 की उम्र का हो गया हूं। इसलिए जहां तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की बात है मुझे नहीं लगता मैं इस स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकता हूं। जाहिर तौर पर मैं कुछ और साल क्रिकेट खेलूंगा और मुझे लगता है कि मेरे अंदर इस खेल में योगदान देने के लिए काफी कुछ शेष है। लेकिन मुझे लगा कि अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को विराम देने का यही सही समय है। वीजा ने वर्ष 2021 में टी-20 विश्वकप में नामीबिया के लिए पर्दापण किया था। यह नामीबिया के लिए उनका लगातार तीसरा टी-20 विश्वकप था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# अमेरिका में गोलीबारी में दो लोगों की मौत

टेक्सास, एजेंसी

• राउंड रॉक के ओल्ड सेटलर्स पार्क में जूनटीन्थ समारोह के दौरान हुई घटना, कई लोग हुए घायल


अमेरिका में टेक्सास के एक पार्क में शनिवार को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार रात 11 बजे से कुछ पहले ऑस्टिन से लगभग 19 मील (30.5 किलोमीटर) उत्तर में राउंड रॉक के ओल्ड सेटलर्स पार्क में जूनटीन्थ समारोह के दौरान हुई।

राउंड रॉक पुलिस प्रमुख एलन बैंक्स ने घटनास्थल पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कार्यक्रम के दौरान दो समूहों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और किसी ने गोलीबारी शुरू कर दी। एलन ने बताया कि जिन दो पीड़ितों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया, वे इस झगड़े में शामिल नहीं थे। उन्होंने बताया कि गोलीबारी संगीत समारोह के लिए बनाए गए मंच से कुछ दूर वेंडर क्षेत्र के निकट हुई। उन्होंने कहा कि कई घायलों को स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अभी तक इस सिलसिले में किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि अभी तो यह भी नहीं पता चला है कि कितने हमलावर शामिल थे।

# चीन में भीषण गर्मी को लेकर अलर्ट

**बीजिंग।** चीन में भीषण गर्मी और भारी उमस को लेकर राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार सुबह को पीला अलर्ट जारी किया। केंद्र ने कहा कि उत्तरी चीन में पीली नदी और हुइहे नदी के बीच के क्षेत्रों में गर्मी की तीव्रता कम होने की उम्मीद है। केंद्र के अनुसार, रविवार को दिन के समय शिनजियांग, इनर मंगोलिया, गांसु, हेबेई, बीजिंग, शेडोंग, हेनान, अनहुई, हुबेई और हैनान के कुछ इलाकों में तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। केंद्र ने शिनजियांग, इनर मंगोलिया और हेनान के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान लगाया है। केंद्र ने कहा कि गर्मी के दौरान बाहरी गतिविधियों से बचना चाहिए और सुरक्षा के लिए एहतियाती कदम उठाए जाने चाहिए।

# स्ट्रेप्टोकोकल टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम यानी मांस खाने वाला बैक्टीरिया



कारोना की चपेट में आने के बाद विश्व बिरादरी के लिए एक नया खतरा सामने आया है। जापान में एक ऐसा बैक्टीरिया मिला है जो मरीज के शरीर का मांस खाने लगता है। इस बैक्टीरिया का नाम स्ट्रेप्टोकोकल टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम (एसटीएसएस) है। रिपोर्ट के मुताबिक इस बीमारी से 48 घंटे के भीतर मरीज की मौत हो सकती है। जापान में अब तक 977 केस सामने आ चुके हैं। यह बीमारी ग्रुप ए स्ट्रेप्टोकोकस बैक्टीरिया की वजह से होती है। स्ट्रेप्टोकोकस बीमारी यूरोप के 5 देशों ब्रिटेन, फ्रांस, आयरलैंड, नीदरलैंड और स्वीडन में फैल चुकी है।

### कैसे फैलती है बीमारी

इस बीमारी में सबसे पहले मरीज के पैरों में सूजन होती है फिर पूरे शरीर में सूजन हो जाती है। जिसका खतरनाक बैक्टीरिया शरीर में जहरीला पदार्थ पैदा करता, जिससे शरीर में जलन होने लगती है। फिर यह शरीर में टिशू को डैमेज करते है, जिससे सूजन बढ़ने लगती है। इसके बाद टिशू मरीज के मांस को खाने लगते हैं, जिससे तेज दर्द होने लगता है।

### अब तक विश्व भर में फैले वायरस

मारबर्ग वायरस 1967 में खोजा गया। इबोला वायरस का पता 1976 में लगा। रैबीज के बारे में 1920 में पता चला। एचआईवी आधुनिक दुनिया का सबसे खतरनाक वायरस है। स्मॉलपॉक्स के लिए 1980 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मुहिम चलाई। हंतावायरस का पता 1993 में चला। इंफ्लूएंजा, डेंगू, रोटावायरस, सार्स, मर्स, कोविड-19।

### क्या हैं लक्षण

स्ट्रेप्टोकोकल टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम से संक्रमित लोगों में सबसे पहले सूजन और गले में खराश की समस्या होती है। इसके अलावा शरीर में दर्द, बुखार, लो ब्लड प्रेशर, नेक्रोसिस (शरीर के टिशू मर जाते हैं), सांस लेने में समस्या, ऑर्गन फेलियर जैसी समस्याएं भी होती हैं। इसके कुछ ही घंटों बाद मरीज दम तोड़ देता है।

### कैसे करें बचाव

स्ट्रेप्टोकोकल टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम एक व्यक्ति से दूसरे में फैलता है। इससे बचाव के लिए बाजार में जे8 नाम की वैक्सीन भी मौजूद है, जो शरीर में एंटीबायोटिक का निर्माण करती है। यह बच्चों और बुजुर्गों के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक है।

## एक नजर

### अफगानिस्तान में 349 कैदियों को दी गयी माफी

**काबुल।** अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने ईद उल-अजहा से पहले 349 कैदियों को माफ कर दिया है। शनिवार को देश के सर्वोच्च न्यायालय के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि 279 अन्य कैदियों को भी उनकी शेष जेल सजा से छूट दी गई है। अफगानिस्तान में सबसे बड़ा वार्षिक धार्मिक त्योहार ईद उल-अजाह सोमवार से बुधवार तक मनाया जाएगा।

### सऊदी में जॉर्डन के 14 हजयात्रियों की मौत

**अम्मान।** जॉर्डन ने रविवार को पुष्टि की कि सऊदी अरब में हज की रस्म अदा करते समय उसके 14 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य लापता हो गए। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सुफियान कुदाह ने एक बयान में कहा कि जॉर्डन पक्ष अपने परिवारों के अनुरोध पर मृतकों को दफनाने या घर लौटने पर संबंधित सऊदी अधिकारियों के साथ संपर्क कर रहा है। बयान के अनुसार सऊदी अधिकारी 17 लापता हजयात्रियों की तलाश भी जारी रख रहे हैं। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले बताया था कि छह जॉर्डन वासियों की लू लगने से मौत हो गई थी।

### चीन के बैलेनी द्वीप क्षेत्र में भूकंप के तीव्र झटके

**हांगकांग।** चीन के बैलेनी द्वीप क्षेत्र में शनिवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने रविवार को बताया कि अंतर राष्ट्रीय समयानुसार शनिवार देर रात करीब 12 :27 बजे आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6 .0 आंकी गयी। भूकंप का केंद्र 61 .01 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 154 .24 डिग्री पूर्वी देशांतर में जमीन की सतह से 10 .0 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

### विस्फोट में आठ सोमाली सैनिक मारे गए, 11 जख्मी

**मोगादिशु।** सोमालिया के खाड़ी क्षेत्र में शनिवार को सड़क किनारे हुए विस्फोट में एक वरिष्ठ कमांडर सहित सोमाली राष्ट्रीय सेना (एसएनए) के आठ सैनिक मारे गये और11 अन्य घायल हो गए। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अल-शबाब ने वरिष्ठ सैन्य नेताओं के खिलाफ हमले की जिम्मेदारी ली है। सोमाली सरकार ने अल-कायदा से जुड़े इस आतंकवादी समूह के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं।

# यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता होना चाहिए शांति समझौते का आधार

## अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में आए थे लगभग 100 प्रतिनिधिमंडल

ओबबुर्गेन (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

• यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शांति की दिशा में आयोजित बैठक की सराहना की

• भारत, सऊदी अरब, द.अफ्रीका और यूएई ने अंतिम दस्तावेज पर नहीं किए हस्ताक्षर



अस्सी देशों ने संयुक्त रूप से रविवार को आह्वान किया कि रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने के लिए किसी भी शांति समझौते का आधार यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता हो। स्विट्जरलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में हालांकि कुछ प्रमुख विकासशील देश शामिल नहीं हुए। सम्मेलन का आयोजन स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक रिसॉर्ट में किया गया था। रूस को सम्मेलन के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। सम्मेलन में मौजूद कई लोगों ने उम्मीद जताई कि रूस शांति की रूपरेखा पर चर्चा में शामिल हो सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शांति की दिशा में पहला कदम उठाये जाने की बैठक में सराहना की।

सम्मेलन में लगभग 100 प्रतिनिधिमंडल आए थे, जिनमें से ज्यादातर पश्चिमी देश थे। सम्मेलन में कुछ प्रमुख विकासशील देश भी शामिल हुए थे। भारत, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात उन देशों में शामिल थे, जिनका प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रियों या दूतों ने किया था तथा इन्होंने अंतिम दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किये। दस्तावेज में परमाणु सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और कैदियों के आदान-प्रदान के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अंतिम दस्तावेज में कहा गया है कि यूक्रेन में न्यायसंगत और स्थायी शांति का माहौल बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर और क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के प्रति सम्मान आवश्यक है। कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ज्यादातर प्रतिभागियों ने अंतिम दस्तावेज को लेकर सहमति व्यक्त की है जिससे पता चलता है कि कूटनीति के जरिये क्या हासिल किया जा सकता है।

### यूक्रेन संघर्ष के हल के लिए ईमानदार कोशिश की जाए : भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने स्विट्जरलैंड में यूक्रेन मुद्दे पर आयोजित दो दिवसीय वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन में इस संकट के समाधान के लिए संवाद एवं कूटनीति की बात दोहराई और दोनों पक्षों के बीच ईमानदार एवं व्यावहारिक प्रयास किये जाने पर बल दिया। विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि बर्गेनस्टॉक में 15-16 जून को स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर ने किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शिखर सम्मेलन के उद्घाटन और समापन पूर्ण सत्र में भाग लिया। विज्ञप्ति में कहा गया कि भारत की भागीदारी, यूक्रेन के शांति फॉर्मूला पर आधारित पिछली एनएसए/राजनीतिक निदेशक-स्तरीय बैठकों में भागीदारी, बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के स्थायी समाधान के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप थी।

# गाजा में सहायता के लिए सामरिक विराम

यरुशलम, एजेंसी

• दक्षिणी गाजा पट्टी के एक मार्ग पर 11 घंटे तक प्रतिदिन सामरिक विराम का इजरायल का एलान

इजराइली सेना ने रविवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के एक मार्ग पर 11 घंटे तक सामरिक विराम का एलान किया है, ताकि फिलिस्तीनियों को राहत-सामग्री पहुंचाई जा सके। यह सामरिक विराम रफह क्षेत्र के लगभग 12 किलोमीटर के मार्ग पर लागू किया जाएगा, हालांकि ये पूर्ण युद्ध विराम के समान नहीं है। जबकि, अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों सहित इजराइल के शीर्ष सहयोगी उससे हमास के साथ युद्ध विराम पर समझौता करने का अनुरोध कर रहे हैं।

सामरिक विराम के लागू होने से भुखमरी से जूझ रहे फिलिस्तीनियों की कुछ अत्यधिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल सकती है। सेना ने बताया कि रफह में सुबह आठ बजे से लेकर शाम सात बजे तक सामरिक विराम रहेगा और अगले आदेश तक यह प्रतिदिन प्रभावी रहेगा। सेना ने बताया कि इजराइल के नियंत्रण वाले केरेम शालोम चौराहे तक सहायता सामग्री से लदे ट्रकों को पहुंचाने के उद्देश्य से सामरिक विराम की घोषणा की गई है, जिसके बाद ये ट्रक गाजा के अन्य भागों में सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए सलाह-ए-दीन राजमार्ग पर सुरक्षित रूप से जा सकेंगे। केरेम शालोम वह मार्ग है, जहां से इजराइली सेना को सहायता-सामग्री पहुंचाई जाती है। राहत-सामग्री के वितरण की देखरेख करने वाली इजरायली सैन्य संस्था सीओजीएटी ने कहा कि खान यूनिस, मुवासी और मध्य गाजा सहित गाजा के अन्य क्षेत्रों में राहत-सामग्री पहुंचाई जाएगी

### इराकी शिया मिलिशिया ने हमले की ली जिम्मेदारी

**बगदाद।** इराक की एक शिया मिलिशिया ने इजरायल के हाइफा में क्रूज मिसाइल से हुए हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि उसने गाजा पट्टी में लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए यह कदम उठाया। रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक के नाम से मशहूर मिलिशिया ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने शनिवार तड़के लंबी दूरी की अल-अरकब अपग्रेडेड क्रूज मिसाइल से हाइफ़ा में एक स्थान पर हमला किया। इसने लक्षित स्थान या किसी भी हताहत के बारे में कोई और विवरण नहीं दिया। कल ही समूह ने शुक्रवार को हाइफ़ा पोर्ट और हाइफ़ा के पास रामत डेविड एयरबेस पर किए गए दो ड्रोन हमलों की ज़िम्मेदारी ली थी।

# भूमि संपर्क के प्रस्ताव पर अध्ययन अंतिम चरण में

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को कहा कि भारत के साथ भूमि संपर्क स्थापित करने के प्रस्ताव पर व्यवहार्यता अध्ययन अपने अंतिम चरण में है। क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए उत्तर-पूर्वी जिले मन्नार की यात्रा पर पहुंचे विक्रमसिंघे ने कहा कि व्यवहार्यता अध्ययन का प्रारंभिक कार्य पूरा हो चुका है और अंतिम चरण जल्द ही पूरा हो जाएगा।



इस प्रस्ताव और दोनों देशों के बीच पावर ग्रिड कनेक्शन की संभावना पर इस सप्ताह विदेश मंत्री एस. जयशंकर की श्रीलंका यात्रा के दौरान चर्चा होने की संभावना है।

विक्रमसिंघे ने कहा कि मंत्री की यात्रा के दौरान भारत को अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा बेचने के लिए एक वाणिज्यिक उद्यम पर भी चर्चा की जाएगी। शनिवार को श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि जयशंकर 20 जून को कोलंबो पहुंचेंगे। हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से जयशंकर की यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई।

# हजयात्रियों ने शुरू की हज की अंतिम रस्में

मीना (सऊदी अरब), एजेंसी

• इस्लाम के पांच स्तंभों और हज की अंतिम रस्मों में से एक है शैतान को पत्थर मारना

सऊदी अरब में रविवार को बड़ी संख्या में हज यात्रियों ने प्रतीकात्मक रूप से शैतान को पत्थर मारने के अरकान (रस्म) पूरे किए। यह रस्म हज यात्रा के अंतिम दिनों में विश्वभर के मुस्लिमों के लिए ईद-उल-अजहा उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है। शैतान को पत्थर मारना इस्लाम के पांच स्तंभों और हज की अंतिम रस्मों में से एक है। यह शहर मक्का के बाहर अराफात की पहाड़ी पर 18 लाख से अधिक हज यात्रियों के एकत्र होने के एक दिन बाद हुई, जहां हजयात्री हज की वार्षिक पांच दिवसीय रस्में पूरी करने आते हैं।

हजयात्रियों ने शनिवार की शाम माउंट अराफात छोड़ दिया और मुजदलिफा नाम के एक निकटवर्ती स्थल पर रात बिताई, जहां उन्होंने कंकड़ एकत्र किए। जिनका उपयोग उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से शैतान स्तंभों को पत्थर मारने में किया। ये स्तंभ मक्का में मीना नाम के एक पवित्र स्थान पर हैं। मुस्लिमों का मानना है कि यहां इब्राहिम के विश्वास की परीक्षा हुई थी और उनसे ईश्वर ने उनके इकलौते बेटे इस्माइल की बलि देने का आदेश दिया। इब्राहिम आदेश का पालन करने के लिए तैयार थे, लेकिन फिर ईश्वर ने उनका हाथ रोक दिया। हज यात्री अगले तीन दिन मीना में बिताएंगे।

# इमरान को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज होने के खिलाफ अपील

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 2018 के आम चुनावों के लिए नामांकन पत्र जमा करते समय अपनी कथित बेटी टायरियन व्हाइट का नाम छिपाने के लिए अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका



खारिज करने के खिलाफ अपील की गई है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने पिछले महीने याचिका खारिज कर दी थी।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 71 वर्षीय संस्थापक ने 2018 के आम चुनाव लड़ने के लिए अपने नामांकन पत्र में कथित बेटी टायरियन व्हाइट का खुलासा नहीं किया था। खान की पार्टी पीटीआई ने 2018 के आम चुनाव जीते और पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने खान अगस्त 2018 से अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे। तीन न्यायाधीशों की पीठ के पूर्व में मामले को खारिज करने के मद्देनजर आईएचसी ने भी खारिज कर दिया।

### आर्थिक स्थिरता के लिए इमरान को जेल में रखना जरूरी

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के एक मंत्री ने दावा किया है कि देश के लोगों का मानना है कि आर्थिक स्थिरता के लिए इमरान खान को 2029 तक जेल में रखना जरूरी है। संघीय योजना एवं विकास मंत्री एहसान इकबाल ने चिंता व्यक्त की है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान (71) की रिहाई से देश में नये सिरे से विरोध प्रदर्शन और अशांति पैदा हो सकती है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के महासचिव इकबाल ने शनिवार को पत्रकारों से कहा, अलग-अलग मामलों में इमरान खान पिछले वर्ष अगस्त से ही जेल में बंद हैं। मंत्री ने कहा कि इमरान एक गुस्सैल व्यक्ति हैं। मंत्री ने कहा कि यह देश और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी, दोनों के लिए एक निर्णायक क्षण है। उन्होंने कहा कि पार्टी के साथ सार्थक बातचीत तब तक नहीं हो सकती, जब तक कि वह सरकारी संस्थाओं के खिलाफ अभियान में शामिल है।

# टीटीपी का शीर्ष कमांडर वलीउल्ला मारा गया

इस्लामाबाद, एजेंसी

• खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मार गिराया गया

पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का एक शीर्ष कमांडर मारा गया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, टीटीपी कमांडर वलीउल्ला को बन्नू के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने प्रांत के लक्की मरवात जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान में मार गिराया। यह अभियान ताजुरी रोड पर मलंग अड्डा के पास चलाया गया, जिसके बाद हथियारबंद आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

खबर में कहा गया कि सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में वलीउल्ला मारा गया। वह टीटीपी टीपू गुल समूह का स्थानीय कमांडर था और कमांडर अतीकुर रहमान उर्फ टीपू गुल मारवात का रिश्तेदार था। वलीउल्ला सीटीडी बन्नू, डीआई खान और स्थानीय पुलिस पर बम विस्फोटों और पुलिस और सुरक्षा बलों पर हमलों के कई मामलों में वांछित था। टीटीपी को अल-कायदा का करीबी समूह माना जाता है। इस समूह को पाकिस्तान भर में कई घातक हमलों के लिए दोषी ठहराया गया है।

## बॉलीवुड हलचल

### चंदू चैंपियन फिल्म ने दूसरे दिन कमाए 7.7 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्म चंदू चैंपियन ने दो दिन के भीतर 13 .1 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म निर्माताओं ने रविवार को यह घोषणा की। कबीर खान द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है। शुक्रवार को रिलीज होने पर फिल्म ने 5 .40 करोड़ रुपये की कमाई की। चंदू चैंपियन साजिद नाडियाडवाला के बैनर नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट और कबीर खान फिल्म्स द्वारा निर्मित है। निर्माताओं ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हिंदी फिल्म ने दूसरे दिन 7 .70 करोड़ रुपये की कमाई की जिससे इसकी कुल कमाई 13 .10 करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने कहा, काफी चर्चा और प्रत्याशा के साथ फिल्म ने बॉक्स आफिस पर 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और दूसरे दिन 7 .70 करोड़ की कमाई की, जबकि पहले दिन 5 .40 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। अब तक कुल कमाई 13 .10 करोड़ रुपये हो गई। फिल्म में विजय राज, भुवन अरोड़ा और राजपाल यादव भी विभिन्न भूमिकाओं में हैं।

### इंडियाज बेस्ट डांसर 4 की जज बनेंगी करिश्मा कपूर!



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर, इंडियाज बेस्ट डांसर 4 की जज के तौर पर नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि करिश्मा कपूर इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 4 को जज करती नजर आएंगी। इससे पहले इस मंच पर सोनाली बेंद्रे जज के तौर पर दिखाई दे रही थी। वहीं शो के पहले और दूसरे सीजन में मलाइका अरोड़ा जज के तौर पर नजर आयी थी। मेकर्स करिश्मा कपूर से बातचीत कर रहे हैं हो सकता है उन्हें इसके लिए फाइनल कर लिया जाए। यदि सबकुछ सही रहा तो करिश्मा कपूर को बाकी अन्य दो जज गीता कपूर और टेरेंस लुईस के साथ इंडियाज बेस्ट डांसर 4 को जज करते देखा जाएगा।

### नया लोकगीत सासू के मारब चाकू रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका सृष्टि भारती और अभिनेत्री निकिता भारद्वाज का नया लोकगीत सासू के मारब चाकू रिलीज हो गया है लोकगीत सासू के मारब चाकू को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। सासू के मारब चाकू के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को सृष्टि भारती ने गाया है, वही इसमें निकिता भारद्वाज ने अभिनय किया है। इस गाने के लेखक शुभदायल सोहरा है, वही इसका म्यूजिक विकाश यादव ने दिया है। इस गाने का निर्देशन सुनील बाबा ने किया हूं। कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर बादशाह खान है। गाने को कोरियोग्राफ गोल्डी जायसवाल, डीआई रोहित सिंह, डीओपी गौरव राय-आकाश, प्रोडक्शन पंकज सोनी, एडिटर आलोक गुप्ता है। वही गाने के फुलराइट्स वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के पास हैं।

# समुद्र में फैले तेल को साफ करने में जुटा सिंगापुर

**कुआलालंपुर (मलेशिया)।** सिंगापुर के दक्षिणी तट पर एक बड़ी नौका के ईंधन आपूर्ति पोत से टकराने के कारण फैले तेल को साफ करने का कार्य रविवार को भी जारी रहा। तेल के फैल जाने से लोकप्रिय रिजॉर्ट द्वीप सेंटोसा समेत दक्षिणी तटरेखा का कुछ हिस्सा काला पड़ गया है और इससे समुद्री जीवों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है।

नीदरलैंड के झंडे वाली एक बड़ी नौका ने शुक्रवार को सिंगापुर के ईंधन आपूर्ति पोत 'मरीन ऑनर' को टक्कर मार दी। इससे मरीन ऑनर का मालवाहक टैंक क्षतिग्रस्त हो गया और तेल समुद्र में फैल गया। सिंगापुर के समुद्री एवं बंदरगाह प्राधिकरण ने शनिवार देर रात एक बयान में कहा कि जहाज से तेल रिसाव को रोक दिया गया है और क्षतिग्रस्त टैंकर से निकले तेल को साफ किया जा रहा है।

# रणनीतिक संबंधों पर चीन-मालदीव का जोर

माले, एजेंसी

• शी जिनपिंग ने मुइज्जू को उनके जन्मदिन पर बधाई दी

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चीन-मालदीव संबंधों के महत्व पर जोर दिया है और द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए अपना समर्थन दोहराया। माले स्थित राष्ट्रपति कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि शी ने मालदीव के अपने समकक्ष मुइज्जू को उनके 46वें जन्मदिन पर यह संदेश भेजा।

दिलचस्प बात यह है कि शी ने भी शनिवार को अपना 71वां जन्मदिन मनाया। बयान में कहा गया कि मालदीव में चीन की राजदूत वांग लिक्सिन ने राष्ट्रपति मुइज्जू से उनके आधिकारिक आवास पर शिष्टाचार भेंट की और उन्हें उनके जन्मदिन पर राष्ट्रपति शी की ओर से बधाई पत्र सौंपा। मुइज्जू चीन समर्थक अपने रुख के लिए जाने जाते हैं। पत्र में राष्ट्रपति शी ने राष्ट्रपति मुइज्जू को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। बयान में कहा गया है कि उन्होंने चीन-मालदीव संबंधों के महत्व पर भी जोर दिया और चीन-मालदीव व्यापक रणनीतिक सहकारी साझेदारी को मजबूत करने और साझा भविष्य के साथ चीन-मालदीव समुदाय का निर्माण करने के लिए अपने उत्साह को दोहराया। बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति मुइज्जू ने राजदूत वांग को व्यक्तिगत रूप से शी का पत्र देने के लिए आभार जताया और कहा कि उन्हें बहुत खुशी हुई। इसमें कहा गया कि मुइज्जू और वांग के बीच चर्चा में मालदीव और चीन के बीच सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# रूस में जेल कर्मियों को बंधक बनाने वाले मारे गए

**मॉस्को।** रूस के सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में स्थित एक हिरासत केंद्र पर रविवार को धावा बोला, जिसमें दो कर्मचारियों को बंधक बनाने वाले कैदी मारे गए। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'रिया नोवोस्ती' ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने रूस की संघीय दंड सेवा के हवाले से बताया कि 'रोस्तोव-ऑन-डॉन' में हिरासत केन्द्र में बंधकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

एक अन्य स्थानीय समाचार संस्था ने कहा कि कुछ कैदी मारे गए हैं। इससे पहले सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने कानून प्रवर्तन से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि रोस्तोव क्षेत्र के हिरासत केंद्र नंबर 1 के केंद्रीय प्रांगण में बंधक बनाने वाले छह लोग थे और उनके पास चाकू और अन्य हथियार थे।